सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.0 न्यू | 18.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75901.41 |
| निफ्टी | 22957.25 |
| सोना 81,930 | चांदी 93,161 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



जसप्रीत बुमराह आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 29 जनवरी 2025 | 16 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 31, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी के लिए 216 देवी-देवताओं को निमंत्रण

## 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होगा महोत्सव, कमेटियां की गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव मंडी के आयोजन को लेकर डीसी कार्यालय में मंगलवार को देवता उपसमिति ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने की।



डीसी कार्यालय में आयोजित देवता उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार

उन्होंने बताया कि 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के लिए जनपद के 216 पंजीकृत देवी-देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। सभी देवी-देवताओं के स्वागत के लिए कमेटियों का गठन कर दिया है। देवी-देवताओं और उनके साथ आने वाले देवलुओं के ठहरने की व्यवस्था के प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने राशन, सब्जी व बालन की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में करने के लिए संबंधित कमेटियों को निर्देश दिए। वहीं, महोत्सव के दौरान निकलने वाली शाही जलेब निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत निकलेगी व परंपराओं का पालन किया जाएगा। देवलुओं की सुविधा के लिए राज माधव मंदिर परिसर में नियंत्रण कक्ष स्थापित और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। देवलुओं के लिए दोहपर के भोजन की व्यवस्था मां भीमकाली मंदिर परिसर में होगी। शिवरात्रि के दौरान विभिन्न मंदिरों में की जाने वाली पूजा-अर्चना और चौहट्टा जातर में देवी-देवताओं के बैठने के बारे में चर्चा की गई। सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद, एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन बनाया बिजली महादेव का स्वरूप



**मंडी** के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की विधिवत रस्में शुरू हो गई हैं। बाबा भूतनाथ का मक्खन के लेप से श्रृंगार किया गया और अब अगले एक महीने तक हर रोज महादेव अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

### शिवलिंग पर गिरती है बिजली

**बिजली** महादेव का प्राचीन मंदिर कुल्लू में 2460 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। शिव मंदिर 14 किलोमीटर दूर व्यास घाटी के पार है और यहां तक पहुंचने के लिए 3 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है, जिसे दिव्य आशीर्वाद माना जाता है। बिजली गिरने से खंड-खंड हुए शिवलिंग को मक्खन से जोड़ते हैं, जो कुछ ही दिनों में अपने मूल स्वरूप में लौट आता है। इसका 60 फुट ऊंचा स्तंभ सूरज की रोशनी में चमकता है और यह आस्था और प्रकृति का संगम है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ताहिर हुसैन को मिली चुनाव प्रचार की अनुमति



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को राहत देते हुए हिरासत में पैरोल पर चुनाव प्रचार करने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने 29 जनवरी से तीन फरवरी तक पुलिस हिरासत में चुनाव प्रचार करने की हुसैन की याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। अदालत ने कई शर्तें भी लगाई हैं। हुसैन को दिन के समय केवल सुरक्षा के साथ जेल से बाहर जाने और हर रात वापस लौटने की अनुमति होगी।

### एनआईए की जेएंडके के कई स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादी साजिश मामले में जम्मू-कश्मीर में सुबह छापेमारी की। एनआईए टीम ने श्रीनगर, सोपोर और बडगाम जिलों में रेड डाली। यह कार्रवाई उन दो गैर-स्थानीय श्रमिकों की हत्या से संबंधित मामले में की जा रही है, जिनकी सात फरवरी, 2024 को, श्रीनगर के शाला कदल और हब्बा कदल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में पहले श्रीनगर के शहीदगंज थाना में मामला दर्ज किया था। बाद में जांच एनआईए ने अपने हाथ में ली।

### मानहानि मामले में सीएम आतिशी को जारी समन रद्द



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भाजपा के एक नेता की ओर से दायर मानहानि मामले में मुख्यमंत्री आतिशी को जारी समन मंगलवार को रद्द कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ 'आप' नेता की अपील पर यह आदेश पारित किया। मजिस्ट्रेट अदालत ने प्रवीण शंकर कपूर की शिकायत पर आतिशी को समन जारी किया था।

### गुरमीत राम रहीम को मिली 30 दिन की पैरोल



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 30 दिन की पैरोल मिलने के बाद मंगलवार को हरियाणा के रोहतक की जेल से रिहा कर दिया गया। राम रहीम को ऐसे समय में पैरोल दी गई है, जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होना है। सूत्रों ने बताया कि 57 वर्षीय राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आने के बाद हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय की ओर रवाना हुआ।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 1,088 पदों के लिए पुलिस भर्ती 6 फरवरी से -पेज 3
- रिकांगपिओ-धर्मपुर बस सेवा एक सप्ताह से बंद -पेज 9
- हरोली के एक गांव में बारात पहुंची, पर नहीं मिला दुल्हन का घर -पेज 10
- श्रीहरिकोटा से इसरो आज करेगा 100वां मिशन लांच -पेज 13
- भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रनों से रौंदा -पेज 14

# राज्य कॉन्सर्ट इकोनॉमी पर करें फोकस : पीएम मोदी

## उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन, बोले- पूर्वी भारत देश का विकास इंजन

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का इंजन मानते हैं और राज्य इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**बोले- नए विजन के साथ कर रहे हैं काम**

पीएम ने कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुंबई और अहमदाबाद में हुए ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट की शानदार तस्वीरें आपने देखी होंगी। भारत में ऐसे लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकारें और प्राइवेट सेक्टर बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किल्स पर ध्यान दें, तो कॉन्सर्ट इकोनॉमी से हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ सकती है। दुनियाभर के बड़े कलाकार भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसमें 5 से 6 गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि वह कच्चे माल का निर्यात और तैयार उत्पादों का देश में आयात स्वीकार नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मूल्यवर्धन देश में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल कच्चे माल के निर्यात से देश का विकास संभव नहीं है, इसलिए हम पूरे परिवेश को बदल रहे हैं और नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। खनिजों को यहां निकाला जाता है और उन्हें किसी अन्य देश में निर्यात किया जाता है, जहां उनका मूल्यवर्धन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेज दिया जाता है। मोदी को यह स्वीकार्य नहीं है। पीएम ने कहा कि करोड़ों लोगों की आकांक्षाएं भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के दो बड़े स्तंभ हैं। हमारा इनोवेटिव सर्विस सेक्टर और भारत के क्वालिटी प्रोडक्ट्स, देश की तेज प्रगति केवल कच्चा माल के निर्यात से संभव नहीं है, इसलिए हम पूरे ईको सिस्टम को बदल रहे हैं। नए विजन के साथ काम कर रहे हैं।

### विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा देश

**पीएम** ने कहा कि आज भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित होकर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह कृत्रिम मेधा (एआई) का युग है और हर कोई इसके बारे में बात कर रहा है। हालांकि, सिर्फ एआई नहीं, बल्कि भारत की आकांक्षाएं हमारे देश की शक्ति हैं। आकांक्षाएं तब बढ़ती हैं, जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं। पिछले दशक में देश ने करोड़ों लोगों को सशक्त बनाने का लाभ देखा है। ओडिशा भी उसी आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है।

### रिसर्च व इनोवेशन की जरूरत

**पीएम** ने कहा कि आज के समय में रिसर्च और इनोवेशन की जरूरत है। सरकार रिसर्च के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए एक विशेष कोष भी बनाया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है।

# यूपी में बड़ा हादसा; निर्वाण लड्डू महोत्सव में मंच ढहा, 7 की मौत

**एजेंसी, बागपत ( उप्र )**



**उत्तर** प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर कार्यक्रम के लिए लकड़ी से बना मंच ढह गया। नीचे दबने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 39 से अधिक घायल हैं।

मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। एंबुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई-रिक्शा में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जिलाधिकारी (डीएम) अस्मिता लाल ने कहा कि बड़ौत में जैन समुदाय के कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिर गया। यह कार्यक्रम पिछले 30 साल से यहां आयोजित किया जा रहा था। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 20 लोगों को छुट्टी दे दी गई और अन्य का इलाज चल रहा है। वहीं, घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### कार्यक्रम के लिए बनाया था 65 फुट ऊंचा मंच

**धार्मिक** कार्यक्रम के लिए 65 फुट ऊंचा मंच बनाया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से सीढ़ियां टूट गईं। बताया जा रहा है कि जैन कॉलेज परिसर में स्थापित मानस्तंभ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई अस्थायी सीढ़ियों के टूटने से कई श्रद्धालु नीचे दब गए।

## सर्बिया में विरोध-प्रदर्शन तेज, प्रधानमंत्री मिलोस ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, बेलग्रेड ( सर्बिया )**



**सर्बिया** के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने कई सप्ताह से जारी भ्रष्टाचार विरोधी व्यापक विरोध-प्रदर्शन के चलते मंगलवार को पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उत्तरी शहर नोवी सैड में नवंबर में एक छज्जा ढहने के बाद देश में व्यापक विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी। छज्जा ढहने की घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी।

प्रदर्शनों को सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के निरंकुश शासन के प्रति व्यापक असंतोष के रूप में देखा जा रहा। वुसिक सर्बिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को कुचलने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने बाल्कन क्षेत्र के इस संकटग्रस्त राष्ट्र के लिए औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ की सदस्यता मांगी है। वुसेविक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके इस्तीफे का उद्देश्य सर्बिया में तनाव कम करना है। मैं सभी से शांति बनाए रखने अपील करता हूं।

# व्हाट्सऐप से आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती पुलिस : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पुलिस को कानूनी माध्यमों से ही नोटिस भेजने के दिए आदेश**



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि पुलिस किसी भी आरोपी को व्हाट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस नहीं भेज सकती है। क्रिमिनल प्रोसिजर कोड या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई है।

कोर्ट ने 21 जनवरी को यह आदेश दिया था। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35 के तहत केवल कानून के तहत निर्धारित सेवा के माध्यम से नोटिस जारी करने के लिए पुलिस को उचित निर्देश जारी करें। व्हाट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नोटिस जारी करने को सीआरपीसी, 1973/बीएनएसएस, 2023 के तहत मान्यता प्राप्त और निर्धारित सेवा के तरीके के विकल्प रूप में नहीं माना जा सकता। अदालत ने मामले में नियुक्त न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा के सुझाव को स्वीकार कर लिया।

# कांगड़ा से चंडीगढ़ तक हवाई सफर 2500 रुपए में

## विमानन कंपनी इंडिगो हफ्ते में छह दिन शुरू करेगी दो उड़ानें, शेड्यूल अपलोड

**अनंत ज्ञान, गगल**





**कांगड़ा** एयरपोर्ट से चंडीगढ़ तक लोग 2500 रुपए में हवाई सफर का आनंद ले सकेंगे। चंडीगढ़ के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट से सप्ताह के छह दिन दो सीधी उड़ानें शुरू होंगी। इन उड़ानों को विमानन कंपनी इंडिगो शुरू करेगी। इसके लिए टिकट बुकिंग वेबसाइटों पर बढ़ी हुई फ्लाइटों के साथ शेड्यूल भी अपलोड हो गया है।

चंडीगढ़ से हिमाचल आने जाने वाले सैलानियों और स्थानीय लोगों के लिए अच्छी खबर है। मार्च माह में फ्लाइटों का शेड्यूल बदलने के साथ ही कांगड़ा एयरपोर्ट से चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### उड़ानों का शेड्यूल

**चंडीगढ़** के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट से पहली उड़ान दोपहर 12 बजे, जबकि दूसरी उड़ान 1:20 बजे होगी। चंडीगढ़ से कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए पहली उड़ान का समय 1:30 बजे और दूसरी का समय 2.50 बजे होगा। मौजूदा समय में 4000 रुपए किराया है, जो अब 2500 रुपए तक वसूल किया जाएगा।

### मौजूदा समय में चंडीगढ़ के लिए एक ही उड़ान

**मौजूदा** समय में कांगड़ा एयरपोर्ट से हर दिन चंडीगढ़ के लिए एक ही उड़ान है। एक ही उड़ान होने के कारण चंडीगढ़ से धर्मशाला का हवाई किराया 3500 रुपए से लेकर 4000 रुपए के बीच रहता है, जबकि मार्च माह में चंडीगढ़ के लिए एक अतिरिक्त उड़ान शुरू होने के साथ ही हवाई किराया 2500 रुपए तक रह जाएगा।

**मार्च** माह में उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव होगा। इस दौरान कई नई उड़ानें शुरू होंगी। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
**-धीरेंद्र शर्मा, निदेशक, कांगड़ा एयरपोर्ट।**

### 31 मार्च से शुरू होंगी उड़ानें

30 मार्च के बाद कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए कई उड़ानें शुरू होने की संभावना है। इस दौरान नोएडा, जयपुर और देहरादून के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की तैयारी चल रही है। चंडीगढ़ के लिए भी कांगड़ा एयरपोर्ट से उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इसके लिए बुकिंग साइट पर 31 मार्च से गगल एयरपोर्ट से चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए दो उड़ानों का शेड्यूल भी अपलोड हो गया है। इसके तहत 31 मार्च से दो उड़ानें गगल से चंडीगढ़ के लिए शुरू होंगी।

## बजट सत्र 31 से, पहली फरवरी को पेश होगा बजट

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो जाएगी।

**बदलाव** फोरलेन के धंसने पर खड़े हुए सवाल, अब गडकरी के निर्देश पर दोबारा बन रही ड्राइंग

# परवाणू-सोलन फोरलेन पर अब बनेंगी ज्यादा सुरंगें

**आर मोहन चौहान, सोलन**





सोलन के बीच समलेच में बनी टनल।

**योजना** सिरे चढ़ी तो परवाणू-सोलन फोरलेन पर सफर अब और ज्यादा सुगम होगा। अलाइनमेंट और भू-स्खलन को लेकर विवादों में घिरे इस फोरलेन की नए सिरे से ड्राइंग बनने जा रही है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा सुरंगें बनाने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इस दिशा में एनएचएआई ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के निर्देशानुसार कार्य शुरू भी कर दिया है।

निर्माण के तीन साल के दौरान ही फोरलेन पर लैंडस्लाइड और धंसने के कारण निर्माण कार्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे, जिसके चलते केंद्रीय मंत्री ने एनएचएआई को दोबारा डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं। एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर अब्दुल बासित फोरलेन के तहत चक्की मोड़ सहित अन्य स्लाइडिंग जोन के निरीक्षण के दौरान स्वयं कह चुके हैं कि परवाणू-सोलन फोरलेन प्रदेश का सबसे पहला प्रोजेक्ट था। ऐसे में बहुत सी खामियां रही हैं। अब नई ड्राइंग बनाते समय टनल की संभावनाएं तलाश की जाएंगी। इस रूट पर अभी समलेच में करीब 1100 मीटर की टनल बनी है। हाल ही में विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल परवाणू-सोलन के बीच टनल निर्माण की संभावनाएं तलाशने की बात कह चुके हैं। गौरतलब है कि दो वर्ष पहले आई आपदा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी सोलन से परवाणू तक फोरलेन की हालत को बेहद खराब बताया था।

उन्होंने सड़क को दोबारा बनाने और दूरी कम करने के लिए गडकरी के समक्ष प्रस्ताव भी रखा। सुक्खू के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भी माना। बीते दिनों कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी फोरलेन के मामले में गडकरी से मिल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



**केंद्रीय** सड़क परिवहन व हाईवे मंत्री से परवाणू-सोलन फोरलेन की दोबारा से ड्राइंग बनाने का आग्रह किया जाएगा। इस मार्ग पर टर्नल निर्माण की संभावनाएं तलाशी जाएंगी, ताकि आने वाले समय में हर मौसम में यातायात सुचारु रह सके।
**-कर्नल धनीराम शांडिल, सोलन के विधायक एवं मंत्री।**

# मौनी अमावस्या स्नान से पहले उमड़े श्रद्धालु, 4.64 करोड़ ने लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**



**महाकुंभ** में मौनी अमावस्या से पहले मंगलवार को भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। मंगलवार को 4.64 करोड़ से जयादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 5.34 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है।

### आज 10 करोड़ भक्तों के स्नान करने की संभावना

**पिछले** 17 दिन में 15 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं और बुधवार को मौनी अमावस्या पर और 10 करोड़ लोगों के गंगा स्नान करने की संभावना है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि प्रशासन ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवी का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनएसएस स्वयंसेवी दिव्या नेगी का गणतंत्र दिवस परेड शिमला से विद्यालय वापिस आने पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला हमीरपुर की प्रधानाचार्य पूनम कुमारी, एनएसएस अधिकारी रेखा ठाकुर, सह प्रभारी अनीता शर्मा, डीपी राजेंद्र शर्मा व अन्य प्राध्यापकों, अध्यापकों, स्वयंसेवियों व छात्राओं ने हार पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय द्वारा भी दिव्या नेगी को सम्मानित किया गया।

### बच्चों को नशे से दूर रहने की दी नसीहत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लेफ्टिनेंट नारायण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह में स्कूली बच्चों के साथ नशीले पदार्थों व दवाओं के दुरुपयोग कार्यक्रम वार अगेंस्ट ड्रग्स में हमीरपुर के एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों से इन विषयों पर वार्तालाप करके महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करके जागरूक किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला में मादक पदार्थों के गैर कानूनी प्रवाह, प्रचलन और दुरुपयोग को जड़ से उखाड़ फेंकने और वर्तमान तथा भावी पीढ़ी के लिए पूर्णतया स्वच्छ वातावरण बनाने का आग्रह किया। इस दौरान सभी बच्चों को अपने-अपने मोबाइल फोन में 112 एप तथा ड्रग फ्री हिमाचल एप को डाउनलोड करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 पर सूचित करने का आह्वान किया।

### करियर प्वाइंट विवि के प्रोफेसर को मिला पद्मश्री अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस हरिमन शर्मा को भारत सरकार द्वारा 2025 में पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में हरिमन शर्मा प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के तौर पर सेवाएं देते रहते हैं। इनकी नियुक्ति करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस के पद पर हुई है ताकि उनकी विशेषज्ञता का विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभ मिल सके। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में भी खुशी का माहौल है, क्योंकि विश्वविद्यालय में वह पिछले दो सालों से विश्वविद्यालय के साथ जुड़े हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के चांसलर ओम महेश्वरी, प्रो. चांसलर प्रोफेसर पीएल गौतम, पूर्व कुलपति प्रो. केएस वर्मा, कुलसचिव गुलशन सधूं, प्रोफेसरों, गैर शिक्षक वर्ग व विद्यार्थियों ने पद्मश्री हरिमन शर्मा को बधाई दी।

### पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कांगू में स्थित वन विश्रामगृह में जंगल की आग पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हंस फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें आसपास के करीब 100 लोगों ने भाग लिया। यह कार्यशाला पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित थी, जिसमें लोगों को पर्यावरण के संरक्षण बारे विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता एसडीएम नादौन राकेश शर्मा ने की। कार्यशाला में नादौन और बड़सर रेंज के फायर ब्रिगेड और वनकर्मियों व अग्निशमन कर्मियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया तथा लोगों को आग की घटनाओं को रोकने व पर्यावरण को संरक्षित करने वाले प्रशिक्षित किया।

# विधायक रणजीत ने सड़क के निर्माण कार्य पर उठाए सवाल

## दो स्कूलों का भी किया निरीक्षण, कोताही न बरतने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत बनने वाली एक सड़क का विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने निरीक्षण किया तथा उसमें किए जा रहे निर्माण कार्य पर सवाल उठाए। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि जब वह सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे, तो पुरुली पंचायत के अंतर्गत बनने वाली सड़क पर पहुंचे तो उन्हें लगा कि जिस तरह कार्य होना चाहिए, वैसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में मिट्टी डाली जा रही है। इसके इलावा सड़क की निगरानी के लिए मात्र बेलदार वहां मौजूद है, जिस पर उन्होंने तुरंत एसडीओ को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे एसडीओ को उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क के निर्माण के समय टेक्निकल व्यक्ति का होना जरूरी है। उन्होंने कहा की कोताही किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं ही जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बहां बुलाकर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से निर्माण कार्य की जांच करने को कहा। इसके अलावा विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने क्षेत्र के दो स्कूलों में औचक निरीक्षण के लिए भी अचानक पहुंच गए। कैप्टन रणजीत सिंह सोमवार को सुबह स्कूलों में भवन का निरीक्षण किया तथा आश्वासन दिया कि स्कूलों में जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाएगा।

एक स्कूल में विधायक 9.30 बजे जबकि दूसरे स्कूल में 10.15 बजे पहुंच गए। उन्होंने पाया कि कुछ क्लासेस में स्टूडेंट्स बैठे हैं, जबकि टीचर्स नहीं हैं और बच्चे बिना टीचर्स के खाली बैठे हैं। उन्होंने संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रिंसिपल को निर्देश दिए कि अगर कोई अध्यापक छुट्टी पर हो या किसी डेपुटेशन पर गया हो तो किसी अन्य टीचर्स की ड्यूटी उसे क्लास में लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब वार्षिक परीक्षा में मात्र एक महीना शेष रह गया है। बच्चों की पढ़ाई में कोई भी कोताही नहीं होनी चाहिए। इसके बाद वह लोगों से मिले, जिन्होंने अपनी मांगों को रखा। उन्होंने उन्हें शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।

## मैहरे में कपड़े की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के मैहरे बाजार में करीब 11.30 बजे दिनदिहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। मैहरे में कपड़े की दुकान के गल्ले से 51000 रुपए शातिर चोर चुरा ले गया है। जब चोर ने इस घटना को अंजाम दिया तो उस समय दुकानदार बाथरूम गया हुआ था। शातिर चोर ने मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम देकर मौके से तुरंत फरार हो गया।

इसकी शिकायत दुकानदार ने पुलिस थाना बड़सर में की है। पुलिस मौके पर पहुंची दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले को लेकर बड़सर पुलिस डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि बड़सर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है, बहुत जल्द चोरी का आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

# महिला से मारपीट मामले में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- गसोता मंदिर कमेटी प्रधान पर गोशाला में कार्यरत महिला कर्मचारी ने लगाए थे मारपीट के आरोप
- पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने से खफा हैं क्षेत्र की महिलाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

गसोता मंदिर की गोशाला में कार्यरत महिला कर्मचारी के साथ हुई मारपीट को लेकर मंदिर परिसर में मंगलवार को स्थानीय महिलाओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर कमेटी के प्रधान दुनी चंद के खिलाफ नारेबाजी की और उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग उठाई। गसोता मंदिर कमेटी के प्रधान पर आरोप है कि दुनी चंद ने स्थानीय गौशाला में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के साथ डंडे से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन महिलाओं का आरोप है कि पुलिस उचित कार्रवाई करने में लापरवाही बरत रही है। इसी के विरोध में क्षेत्र की महिलाओं ने मंदिर परिसर में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया और दुनी चंद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक दुनी चंद को बर्खास्त नहीं किया जाता और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगी। महिलाओं ने इस मामले को महिला आयोग तक ले जाने का भी ऐलान किया है। गौरतलब है कि गसोता मंदिर क्षेत्र में यह घटना स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश का कारण बन गई है। महिलाएं न्याय की मांग को लेकर एकजुट हो गई हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग कर रही हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ कानून सम्मत कदम उठाए जाएंगे।

इस बारे में मंदिर कमेटी के प्रधान दुनी चंद का कहना है कि महिला द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस बारे में एएसपी हमीरपुर राजेश कुमार ने बताया कि महिला थाना में महिला की शिकायत दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि पुलिस निष्पक्षता से इस मामले की जांच कर रही है।

# जमली स्कूल के शारीरिक अध्यापक को किया सम्मानित



भोरंज के एसडीएम शशि शर्मा ने अशोक वर्मा को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज उपमंडल के मिडल स्कूल जामली के शारीरिक अध्यापक अशोक शर्मा को स्कूलों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का अच्छा आयोजन करने पर 26 जनवरी को एसडीएम भोरंज शशि शर्मा ने सम्मानित किया। अशोक शर्मा के द्वारा स्कूल के बाद भी विभिन्न गांव के बच्चों को बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो अन्य खेलों की की ट्रेनिंग देते हैं। अशोक शर्मा ने बताया कि स्कूल समय के बाद भलवानी, बडेहर, मुंडखर, मनोह, जाहू की बच्चों को योगा की भी कलास लगाई जाती है।

# जिले की 10 पंचायतों की प्रतिभाशाली बेटियों का किया सम्मान

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कार्यक्रम किया आयोजित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



नवोदय विद्यालय की छात्रा सान्वी की माता कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करती हुई।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों अणु, बजूरी, दरोगण पत्ती कोट, ख्याह लोहाखरियां, बस्सी झनियारा, अमरोह, सासन, बल्ह, रोपा, दड़ूही और हमीरपुर शहर की मेधावी बेटियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया। इस समारोह में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की प्रतिभाशाली बेटियों वनी सिंह, शिवानी कौशल, आरुषि ठाकुर, भावना, आश्रिया गुलेरिया, वंशिका, शिवानी, सुप्रिया, सुहानी, रोजी बाला, शगुन, हिमानी, प्रिया चौहान, दीक्षा चंदेल, कोमल, अर्पिता, सुहाना, जिया धीमान, नेहा रोहन, ज्योति, तनिष्का ठाकुर, सानिया खान, रिद्धिमा ठाकुर, हर्षिता शर्मा, दीक्षा, आकांक्षा, कशिश, गिरिनंदिनी तथा हमीरपुर शहर की शिवानी शर्मा, सोनम रोहान, शिवांजलि, श्रद्धा और सान्वी को सम्मानित किया गया। इन सभी छात्राओं ने शिक्षा, खेल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। इनमें से कई छात्राएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सभी मेधावी छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि आज के दौर में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसमें बेटियों अपनी प्रतिभा एवं क्षमता का प्रदर्शन न किया हो। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ संवाद किया और अन्य बच्चों से भी इन छात्राओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इससे पहले बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने मुख्य अतिथि, सभी प्रतिभाशाली बेटियों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत चयनित लोकल चैंपियन लड़कियां, अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य, पर्यवेक्षक प्रदीप चौहान, राकेश कुमार शर्मा तथा सुमन ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य लोग भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# आपदा प्रभावितों के लिए आधुनिक शेल्टर बनाने के गुर सीखेंगे अधिकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

किसी भी तरह के आपदा के कारण बेघर होने वाले लोगों के लिए बेहतर अस्थायी आश्रय यानि शेल्टर इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. एसपी बंसल के सहयोग से मंगलवार को होटल हमीर में तीन दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई।

इस कार्यशाला में विभिन्न डिग्री कॉलेजों, अन्य शिक्षण संस्थानों, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर भाग ले रहे हैं। इसमें ब्रिटेन के बर्मिंघम के एस्टन विवि के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक से शेल्टर बनाने की तकनीक सिखाएंगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए अगर हमारी पहले से ही सुनियोजित तैयारी हो तो कोई भी आपदा आने पर नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में इस आधुनिक तकनीक के बारे में अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित करें।

इस अवसर पर केंद्रीय विवि के पर्यावरण विभाग के डीन प्रो. दीपक पंत, एस्टन विवि के विशेषज्ञों डॉ. कोमल राज आर्यल और डॉ यी-चुंग लियू ने भी जानकारी दी। इससे पहले, डीडीएमए के जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रभारी भानु शर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण अधिकारी समीक्षा शर्मा और अन्य अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।



सहायक आयुक्त ने होटल हमीर में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।

## सुरक्षित लेन-देन करने की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बीड़ बगेहड़ा एवं नाबार्ड के सौजन्य से प्रायोजित वितीय साक्षरता शिविर एवं सक्रिय बचत आयोजन और बजट निर्माण पर एक कार्यशाला मैहलड़ू गांव में हुई। शिविर में लगभग एक सौ लोगों ने भाग लिया। शिविर मे वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हितेंद्र ठाकुर ने लोगों को कहा कि सही वितीय बर्ताव करें, उसी में आपका बचाव है। उन्होंने कैशलेस लेन-देन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह ऋण योजना एवं बैंक की डिजिटल वित्तीय सेवाओं का उपयोग व बैंक जमा व ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपना एटीएम पिन कभी भी किसी के साथ साझा न करें। शाखा प्रबंधक ने बैंक की अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर अमर सिंह राणा पंचायत वार्ड सदस्य ठाणा धमड़यिणा, दुर्गा स्वयं सहायता समूह मैहलड़ू की प्रधान रजनी देवी व सचिव सरिता देवी शक्ति स्वयं सहायता समूह मैहलड़ू की प्रधान मीनाक्षी, सदस्य पूनम, सरला, जगदीश, सावित्री, मीना, रीना, मंजू, सोनी, पूजा, नीतू, उषा, मनु, आशा, सीमा, मनोज, बलदेव, मदन व बैंक कर्मचारी सोमदत्त, राजेश, मुकेश, कल्पना व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीमारी से विकलांग हुई आशा, लिंक रोड तोड़े जाने के बाद परेशानी में

- चेकअप करवाने के लिए व्हील चेयर से परिजनों को निकालना हुआ मुश्किल

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

टौणी देवी के साथ लगते छत्रैल गांव के मस्त राम ने इस उम्मीद से टौणी देवी तहसील भवन के साथ अपना नया मकान बनाया था कि यहां रोड, बिजली पानी की सारी सुविधाएं हैं। पत्नी आशा को शुगर की बीमारी ने घेर लिया। टांग में गैंग्रीन हो गया और जख्म इतना फैल गया कि टांग का एक हिस्सा कटवाना पड़ा। मस्त राम और उसके परिवार के सदस्यों ने फिर भी हिम्मत बांधी रखी।

पांच साल से आशा को व्हील चेयर पर बैठा लिंक रोड से गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए ले जा रहे हैं। आशा ने भी परिस्थितियों से समझौता कर अपने चेहरे पर कभी शिकन नहीं आने दी। मस्त राम ने बताया कि मुसीबत उस वक्त फिर बढ़ गई, जब एनएच निर्माण के दौरान टौणी देवी तहसील भवन के पास बाईपास का काम शुरू हुआ और निर्माण कंपनी ने तहसील भवन को जाने वाला लिंक रोड तोड़ डाला। यहां न तो ओवरब्रिज बना है और न ही कोई गाड़ी चलने योग्य कोई रैंप। मस्त राम ने बताया कि लापरवाही से उनके घर को जाने वाला रास्ता भी निर्माण कंपनी ने तोड़ डाला है। अब विकलांग पत्नी आशा से व्हील चेयर का सहारा भी बेदर्द निर्माण कंपनी ने छीन लिया है। उनके स्वीट होम को निर्माण कंपनी ने अब एक टापू बनाकर रख दिया है।

वहीं, आशा ने बताया कि इतना दर्द टांग कटवाने पर नहीं हुआ, जितना व्हील चेयर का रास्ता निर्माण कंपनी द्वारा तोड़े जाने पर हुआ है। कोई उनके दर्द को सुनने को तैयार नहीं, शायद इंसानियत और मानवता निर्माण कंपनी के अधिकारियों ने मार कर रख छोड़ी है। वहीं, जब यह मामला निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत को बताया तो उन्होंने कहा कि वह मौके पर जाकर स्पॉट देख रहे हैं और मस्त राम से मिल उनकी रास्ते की मुश्किल को हल करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सांसद खेल क्रिकेट महाकुंभ भाग-3 का कोहडरा में शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के कोहडरा में सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने किया तथा बताया कि यह कार्यक्रम सांसद अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी सोच और उनके नेतृत्व में किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

सांसद खेल महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से प्रेरित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह आयोजन न केवल खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देता है, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। राकेश ठाकुर ने कहा खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि यह मानसिक विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। सांसद खेल महाकुंभ हमारी युवा शक्ति को प्रेरित करने और देश का भविष्य मजबूत बनाने के लिए एक अनूठी पहल है।

खेल महाकुंभ में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और जोश का संचार किया है। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विकास पटियाल ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर की इस पहल ने क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक मजबूत मंच दिया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विकास पटियाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि शर्मा, प्रदेश युवा मोर्चा सह मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर, जिला युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी यशपाल पटियाल, अमित ठाकुर, अनुपम शर्मा, सौरभ शर्मा, विशाल, मिंटू सोहरू, अभी शर्मा और पूर्ण उपस्थित रहे।

**पहल** नाल्टी, जंगल बैरी, ब्याड़, स्कूलों को 15-15 लाख की राशि जारी

# हमीरपुर में युवाओं के लिए बनेंगे खेल मैदान

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमीरपुर जिले में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत नए खेल मैदानों का निर्माण किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों और पंचायतों को 15-15 लाख रुपए की राशि जारी कर दी गई है, ताकि खेल मैदानों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जा सके और क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर मिलें।

**युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल :** जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग हमीरपुर ने इस योजना के तहत खेल मैदानों के विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस बार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंगल बैरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्याड़ और बस्सी पंचायत को इस योजना के तहत चयनित किया गया है। इन सभी स्थानों पर खेल मैदान के निर्माण के लिए 15-15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। विभाग जल्द ही इस राशि को संबंधित स्कूलों और पंचायतों के खातों में हस्तांतरित करेगा, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### खेल विभाग हर साल कर रहा नए मैदानों का निर्माण

युवा सेवा एवं खेल विभाग हमीरपुर लगातार खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। हर वर्ष विभिन्न स्कूलों और पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा खेल गतिविधियों में शामिल हो सकें। जिला खेल अधिकारी पूर्ण सिंह कटोच ने बताया कि इस साल चार स्थानों पर खेल मैदानों के निर्माण के लिए 15-15 लाख रुपए की राशि जारी कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि इन मैदानों के बनने से न केवल स्कूलों के विद्यार्थियों को बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं को खेल सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी तैयार हो सकेंगे।

### क्रिकेट, हॉकी और फुटबाल के लिए मिलेगा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर

इन खेल मैदानों के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न खेलों में अपने कौशल को निखारने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इन मैदानों को इस तरह से तैयार किया जाएगा कि क्रिकेट, हॉकी और फुटबाल जैसे प्रमुख खेलों का आयोजन किया जा सके। इससे स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं को बढ़ावा मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### खेलों को मिलेगा नया आयाम

यह योजना हमीरपुर जिले में खेल संस्कृति को और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। जिला प्रशासन और खेल विभाग की यह पहल सफल होती नजर आ रही है, जिससे हमीरपुर जिला जल्द ही खेल गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई**
**विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव रखा गया की चालू वर्ष व आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिये निविदाएं आमंत्रित करना अति आवश्यक है। ब्यौरा इस प्रकार से है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | धुला रेता | प्रति फुट |
| 2 | रेता क्रशर | प्रति फुट |
| 3 | क्रशर बजरी 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम | प्रति फुट |
| 4 | पक्की ईट प्रथम श्रेणी | प्रति पीस |
| 5 | पक्की ईट द्वितीय श्रेणी | प्रति पीस |
| 6 | गटका बोल्डर | प्रति घनफुट |
| 7 | शेट्रिंग भवन (लोहा/लकड़ी) | प्रति फुट |
| 8 | शेट्रिंग रास्ता/डंगा/नाली (लोहा/लकड़ी) | |
| 9 | पानी टैंकर WITH STAY CHARGE | प्रति दिन |
| 10 | मिक्कर मशीन डीजल सहित | प्रति दिन |
| 11 | जेसीबी खुदाई कच्ची/पक्की | प्रति घंटा |
| 12 | सीमेंट किराया लोडिंग, अनलोडिंग सहित हि.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई से नादौन कार्य स्थल तक | |
| 13 | पीवीसी पाईप 3,4,6,8 ईंच | |

निविदा के साथ GST नम्बर, पैन कार्ड और वाहन की RC की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है। विना GST व वाहन RC के निविदा रद्द की जावेगी । निविदा पास होने के उपरांत सप्लाई न देने पर 25000/- रुपए तक जुर्माना हो सकता है। निविदा पारित फर्म को माल कार्य स्थल तक पहुंचाना होगा। सिक्यूरिटी मनी के तौर पर 15000/- रुपए जमा करवाने होंगे अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी । निविदा 05/02/2025 तक डाक या स्वंय पंचायत कार्यालय जसाई में जमा करवा सकते हैं। निविदा 06/02/2025 को पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के समक्ष सुबह 11 बजे खोली जायेगी । वेंडर के उपस्थित न होने पर उसकी निविदा को रद्द समझा जाएगा । सामग्री राशी की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त JE/TA के मुल्यांकन के उपरान्त की जायेगी । सामग्री की गुणवत्ता सही ना होने के कारण या समय पर सामग्री की आपूर्ति ना होने के कारण पंचायत को सप्लायर की निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार होगा । सप्लायर को बिल HSNCODE सहित व बिल में GST अलग से दर्शाया जाये व साथ में M फॉर्म अनिवार्य जमा करवाना होगा, इसके उपरान्त ही अदायगी की जायेगी । सामग्री की दरें सभी प्रकार के कर सहित ली जाएगी । किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं रद्द करने के ग्राम पंचायत पूरी तरह सक्षम होगी ।

**प्रधान ग्राम पंचायत जसाई वि.ख. नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### रोहड़ू में फ्रूट व्यापारी के 16 लाख रुपए न लौटाने पर मामला दर्ज

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत वाईटीसी फ्रूट कंपनी रोहड़ू के मालिक याजविंदर सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया कि साल 2022-23 में राजा राम फ्रूट कंपनी शाप नंबर बी-18 नवीन फ्रूट मंडी, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), परवेज आलम निवासी वार्ड नंबर -2 नगर पालिका रोड खमेरिया बिहार और दीपक यादव, एसबी फ्रूट कंपनी बनारस के मालिक ने उनसे सेब की पेटियां उधार में खरीदी। उन्होंने कुछ बकाया देनदारियां अदा कर दी है। बअब वे बकाया 16 लाख रुपए देने से आनाकानी कर रहे है। शिकायतकर्ता याजविंदर सिंह ने राजा राम, परवेज आलम व दीपक यादव से पैसे लौटाने के बारे में कहा तो उन्होंने पैसे लौटाने की जगह उल्टा डराया धमकाया। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### जेसीबी मशीन से उत्तराखंड परिवहन की बस नाहन के पास टकराई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कालाअंब मार्ग पर गोशाला के नजदीक कल शाम एक हादसा पेश आया। इस हादसे में उत्तराखंड परिवहन की एक डीलक्स बस और एक जेसीबी की टक्कर हो गई, जिसमे बस को नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड परिवहन की यह बस नाहन से कालाअंब की और जा रही थी जबकि जेसीबी कालाअंब से नाहन की और आ रही थी। प्रत्यक्षर्दियो की माने तो उत्तराखंड बस की डीलक्स बस की गलती से हादसा पेश आया है। बहरहाल राहत की बात यह है कि हादसे में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### राहुल गांधी किसी तरह से देश को बांटना चाहते : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता कोई भी ऐसा अवसर नहीं जाने



देते जब वे हिन्दू समाज को डटकर गाली ने दें। गंगा मैय्या में स्नान करना, महाकुंभ में जाना देश की पवित्र नदियां गंगा, यमुना, नर्मदा, सिंधु, कावेरी, कृष्णा, गोदावरी, ब्रहमपुत्र इत्यादि सब हमारी धरोहर है और हजारों-लाखों सालों से कुंभ का महायज्ञ देश में होता आया है, ये हमारी सांस्कृतिक विरासत है। कुंभ और महाकुंभ का आयोजन विभिन्न प्रकार की जो अनेकता है उसमें एकता का प्रदर्शन है परंतु राहुल गांधी को तो किसी तरह देश को बांटना है, वो जाति के आधार पर बांटे, धर्म के आधार पर बांटे केवल वोट प्राप्ति का लक्ष्य रखकर भारत को विभाजित करना है।

### स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रदेश के 600 मेधावियों को देगा छात्रवृत्तियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के 600 मेधावियों को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मार्च, 2024 में संचालित 12वींऔर 10वीं कक्षा के 600 मेधावियों को यह छात्रवृत्ति दी जानी है, जिसके लिए मेधावी अपने संबंधित स्कूलों के माध्यम से 28 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड की ओर से 12वीं साइंस ग्रुप के 100, आर्ट्स और कामर्स ग्रुप के 100, जबकि 10वीं कक्षा के 400 मेधावियों छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड हर वर्ष बोर्ड कक्षाओं के मेधावी बच्चों को सम्मानित करता है। इस सम्मान के लिए पात्र अभ्यर्थी अपने स्कूलों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता सूची, सहमति पत्र और बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई सूची के आधार पर ही मेधावी इस छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड सचिव ने बताया कि परीक्षार्थियों को ऑनलाइन आवेदन बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य से सत्यापित करवाकर अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर बोर्ड कार्यालय में पहुंचाना होगा। वहीं ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 28 जनवरी से 28 फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

### विधायकों की ऐच्छिक निधि का पैसा भी नहीं पहुंच रहा लोगों के पास: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने वित्तीय हालत को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जनता पर कई तरह के टैक्सों का बोझ थोपने के बावजूद विकास कार्य पूरी तरह से ठप हैं। आलम यह है कि ट्रेजरी खाली होने के कारण विधायकों द्वारा ऐच्छिक निधि से आवंटित किया जा रहा पैसा भी लोगों को नहीं मिल रहा है। विकास और जनहित के कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिहाज से प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नजर नहीं आ रही है। सरकार का फोकस केवल अपने चहेतों की जेबें भरने पर है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मौजूदा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से निराशाजनक रहा है। चुनाव में दी गई गारंटियां पूरी करने के बजाए राजस्व जुटाने के लिए सरकार ने लोगों पर कई तरह के टैक्स थोप दिए। व्यवस्था परिवर्तन की दुहाई देने वाली कांग्रेस सरकार ने बिजली-पानी की दरें बढ़ाने के साथ एचआरटीसी की बसों में जरूरी सामान साथ ले जाने पर उसका किराया वसूलना भी शुरू कर दिया। ऐसे ही और भी कई हथकंडे अपनाए गए, जिससे लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।

### रामपुर में चिट्टा तस्करी मामले में तीन और युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस थाना रामपुर के तहत चिट्टा तस्करी मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 2 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनसे पूछताछ के आधार पर ये गिरफ्तारियां की गई हैं। मामले में अब 5 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस थाना रामपुर की विशेष दल की टीम ने बीते दिनों राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05 पर भैरा खड्ड में यातायात चैकिंग के दौरान एक आल्टो कार में सवार रोहिताश (27) पुत्र सुरेश कुमार, जिला किन्नौर और राकेश कुमार (37) पुत्र उतम राम, जिला कुल्लू के कब्जे से 42.43 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। अब पुलिस ने इस मामले में सतीश कुमार (34), मोहिन्द्र सिंह (24) और रजनीश (26) को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ रामपुर नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि की।

## सभी 12 जिलों के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती का शेड्यूल जारी

# 1,088 पदों के लिए भर्ती 6 फरवरी से

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया शुरू होने वाली है। हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण (ग्राउंड टेस्ट) शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

हर जिले में अलग तारीख को ग्राउंड टेस्ट होगा। इस बार हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती के ग्राउंड टेस्ट में 100 मीटर की दौड़ भी शामिल है। प्रदेश के 12 जिलों में 6 फरवरी से 28 मार्च 2025 के बीच फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफिशियंसी टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें पहले महिला कैंडिडेट्स को और उसके बाद पुरुष कैंडिडेट्स को ग्राउंड टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। हिमाचल पुलिस विभाग में कुल 1088 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। इनमें से 708 पद पुरुष वर्ग के लिए और 380 पद महिला वर्ग के लिए रिजर्व रखे गए हैं। राज्य लोक सेवा आयोग ने आवेदकों की फाइनल लिस्ट राज्य पुलिस को भेजी थी। उसके आधार पर ही हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग आगे की प्रक्रिया को आयोजित कर रहा है। हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा से जुड़ी सभी डिटेल्स ऑफिशियल वेबसाइट hppsconline.hp.gov.in पर भी चेक कर सकते हैं।

**महिला और पुरुष उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग समय**



**फजिकल स्टैंडर्ड और फिजिकल एफिशियंसी टेस्ट का शेड्यूल**

| जिला | कब से | कब तक | स्थान |
|---|---|---|---|
| मंडी | 06 फरवरी | 16 फरवरी | पुलिस ग्राउंड थर्ड आईआबी, पंडोह |
| ऊना | 11 फरवरी | 15 फरवरी | पुलिस लाइन ग्राउंड, झलेड़ा |
| सिरमौर | 11 फरवरी | 20 फरवरी | चंबा ग्राउंड, नजदीक पुलिस लाइन, नाहन |
| बिलासपुर | 20 फरवरी | 24 फरवरी | लुहणू ग्राउंड, बिलासपुर |
| कांगड़ा | 20 फरवरी | 06 मार्च | पुलिस लाइन ग्राउंड, धर्मशाला |
| सोलन | 25 फरवरी | 06 मार्च | पुलिस लाइन, सोलन |
| हमीरपुर | 28 फरवरी | 05 मार्च | सिंथेटिक ट्रैक, अणु कॉलेज हमीरपुर |
| कुल्लू | 07 मार्च | 11 मार्च | पुलिस लाइन, बाशिंग, कुल्लू |
| शिमला | 11 मार्च | 22 मार्च | पुलिस लाइन ग्राउंड, भराड़ी |
| लाहौल-स्पीति | 12 मार्च | 12 मार्च | पुलिस लाइन, बाशिंग, कुल्लू |
| चंबा | 13 मार्च | 20 मार्च | पुलिस लाइन ग्राउंड, चंबा |
| किन्नौर | 27 मार्च | 28 मार्च | मिनी स्टेडियम, कल्पा |

## कोकसर से तांदी पुल के बीच चंद्रा नदी के पास जाने पर पाबंदी

### आदेशों का उल्लंघन करने पर होगा जुर्माना : मयंक चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी (आईपीएस) ने हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 111 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी करते हुए आम जनता को निर्देश दिए हैं कि वे कोकसर से तांदी पुल के बीच चंद्रा नदी के पास न जाएं, जब तक कि किसी साहसिक गतिविधि/आजीविका के उद्देश्य से विशेष रूप से अनुमति न दी गई हो।

उन्होंने बताया है कि कोई भी व्यक्ति जो इस आदेश का उल्लेघन करता है, उसे 8 दिन तक के कारावास या न्यूनतम एक हजार रुपए के जुर्माने के साथ दंडित किया जाएगा, जिसे हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम की धारा 115 के तहत 5 हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता है या जुर्माना और कारावास दोनों से दंडित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा है कि राज्य, देश और विश्व के अन्य भागों से बड़ी संख्या में पर्यटक लाहौल-स्पिति जिले में आ रहे हैं तथा यह बात संज्ञान में आई है कि पर्यटक कोकसर से टांडी संगम तक नदी के किनारे विभिन्न स्थानों पर फोटो सेल्फी/वीडियो लेने के लिए नदी के किनारों के पास जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नदी के किनारे जमे हुए हैं तथा पानी का तापमान बहुत कम है और कुछ पर्यटक नदी पार करने का प्रयास कर रहे हैं, जो कि जमी हुई बर्फ के अचानक टूटने तथा बेहद ठंडे पानी में गिर जाने स्थिति के कारण पर्यटकों के जीवन को खतरा हो सकता है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की गई अनेक सलाहों के बावजूद, अनेक व्यक्ति अनावश्यक रूप से नदी के किनारों की ओर जा रहे हैं।

## खड़गे के बयान पर बोले जयराम, सनातन का अपमान कांग्रेस की विरासत और फितरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सनातन का हर प्रकार से अपमान करना कांग्रेस की विरासत और फितरत रही है। कांग्रेस के छुटभैये नेता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक जब भी मौका मिलता है वह सनातन धर्म को अपमानित करने का कोई मौका छोड़ते हैं। सनातन के विरोध में कांग्रेस के नेता सामान्य तर्कों और आंकड़ों को भी झुठलाते हैं।

देश के लोगों द्वारा नकारे जाने से कांग्रेस की कुंठा सामने आ रही है और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिर से सनातन के अपमान के रास्ते पर उतर आए। खरगे ने कहा था, 'क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होगी।'

जयराम ठाकुर ने कहा कांग्रेस के नेता आखिर देश के विकास को क्यों अनदेखा कर रहे हैं। क्या उन्हें दुनिया के सबसे ऊंचे रेल और मेहराब वाले चिनाब सेतु के ऊपर से गुजरते वंदे भारत का लोमहर्षक नजारे नहीं दिखाई दे रहे हैं? क्या कांग्रेस के नेताओं को देश में हर दिन हजारों करोड़ के शिलान्यास और लोकार्पण दिखाई नहीं दे रहे हैं। महाकुंभ का यह संयोग 144 सालों बाद बना है। इस दौरान संगम पर डुबकी लगाने देश ही नहीं दुनिया से भी लाखों की संख्या में लोग आ रहे हैं।

एक से बढ़कर एक उद्योगपति, व्यवसायिक क्षेत्रों में शीर्षस्थ लोग कुंभ में शामिल हो रहे हैं और दुनिया भर के लोगों से कुंभ आने और वहां की नैसर्गिकता का पुण्यलाभ लेने की अपील कर रहे हैं।

कुंभ में अब तक 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके है। बुधवार को मौनी अमावस्या का शाही स्नान है, जिससे यह आंकड़ा बहुत बढ़ जाएगा। पूरे डेढ़ महीने के दौरान कुंभ में 40 से 45 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इतने लोग जब स्नान करने जाएंगे तो क्या इसका फायदा अर्थव्यवस्था को नहीं होगा।

### शिवधाम लखदाता दरगाह ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिवधाम लखदाता दरगाह ट्रस्ट के एक प्रतिनिधि मंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्होंने देवी भागवत कथा जोकि बद्दी में 29 जनवरी से 6 फरवरी तक हो रहा है आने का निमंत्रण दिया। नेता प्रतिपक्ष ने भागवत में आने का निमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य जसविंदर, बालक राम, रवि ठाकुर, रूप लाल ठाकुर और अश्वनी शर्मा मौजूद रहे।



## पालमपुर के विकास में सभी का सहयोग जरूरी : आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को पालमपुर प्रेस भवन के नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने पर प्रेस क्लब में शिरकत की। आशीष बुटेल ने कहा कि आज पत्रकार साथियों से मिलने अवसर सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है और पत्रकार साथी बड़ी सजगता से लोगों के मसलों को उठाते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से अच्छाई और बुराई को सामने लाते हैं और मीडिया सरकार और आ जनता के बीच पुल का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के सरकार और प्रशासन के समक्ष आने से इनका निराकरण होता है बुटेल ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सभी सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसमें मीडिया का सहयोग भी बहुत आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि अगले दो माह में करीब 700 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं पर काम शुरू होने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसमे कुछ कार्य पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार में बिना बजट के कार्यों को भी वर्तमान सरकार ने बजट मुहैया करवाकर विकास को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि पालमपुर प्रेस के साथी पूरी निर्भयता और बिना पक्षपात के जनहित के मुद्दे उठाते हैं और सरकार के संज्ञान में आने से इनका स्थाई समाधान निकलने से लोगों को लाभ पहुंचता है।

पालमपुर यूनियन ऑफ जर्नालिस्ट के प्रधान संजीव बाघला ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और प्रेस भवन के लिए नवीनीकरण कार्य के लिए धनराशि देने के आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पार्षद राधा सूद, दिलबाग सिंह, शशि राणा, त्रिलोक चंद, आयुक्त नगर निगम आशीष शर्मा सहित पालमपुर के पत्रकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पैकेज के नाम पर पर्यटकों को चूना लगाने वालों की अब 'खैर' नहीं


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में केज के नाम पर पर्यटकों को चूना लगाने वालों की अब खैर नहीं है। इस तरह के लोगों पर शिकंजा कसने के लिए उझी घाटी के लोग रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

स्नो स्कूटर, माउंटेन बाइक, स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, जीप लाइन कोट बूट सहित समस्त गतिविधियों की एसोसिएशन एकजुट हुई है। सभी का कहना है कि पैकेज के नाम पर कुछ एक लोग पर्यटकों को चूना लगा रहे हैं, जिससे सभी बदनाम हो रहा है। हालांकि प्रशासन व पर्यटन विभाग इस मामले को लेकर गंभीरता दिखा चुका है, लेकिन स्थानीय लोगों की सहभागिता के बिना चूना लगाने वालों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा।

ग्राम पंचायत प्रधान कौशल्या व बीडीसी रेशमा ने पर्यटन कारोबारियों को नसीहत दी कि पर्यटकों को अतिथि देवो भव की तर्ज पर सेवाएं दें।

पर्यटन कारोबारी तुला, रमेश, जगदीश, कमलेश, चंद्र सेन, घनश्याम व सुरेंद्र ने बताया कि कुछ एक लोग लंबे समय से पर्यटन गतिविधियों के



पैकेज बनाकर भारी भरकम पैसे पर्यटकों से वसूल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के लोगों से स्थानीय लोगों का कारोबार प्रभावित हो रहा है और एक नकारात्मक संदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पलचान में पर्यटन से जुड़े सभी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया और चूना लगाने वाले इस तरह के लोगो पर नकेल कसने के लिए रणनीति बनाई।

उन्होंने बताया कि सभी एसोसिएशन के सहयोग से कमेटी गठित की जा रही है जो पर्यटकों को निर्धारित दाम में बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास करेगी। पलचान पंचायत की प्रधान कौशल्या व बीडीसी सदस्य रेशमा ठाकुर ने कहा कि सभी एसोसिएशनसे आग्रह किया गया है कि पर्यटकों का अतिथि देवो भव की तर्ज पर सेवाएं दी जाए और उनसे निर्धारत दाम ही लिए जाएं।

### जनवरी में सामान्य से 81 फीसदी कम बरसे बादल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में 1 से 28 जनवरी तक सामान्य से 81 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 75.5 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 14.7 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई।

बिलासपुर में सामान्य से 94, चंबा 83, हमीरपुर 93, कांगड़ा 93, किन्नौर 92, कुल्लू 73, लाहौल-स्पीति 71, मंडी 83, शिमला 79, सिरमौर 78, सोलन 92 व ऊना में 95 फीसदी कम बारिश हुई है। किसान-बागवान, पर्यटन कारोबारी काफी समय से अच्छी बारिश-बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। उधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई भागों में छह दिन बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। आज राजधानी शिमला में भी धूप खिली हुई है। 29-30 जनवरी, 2 और 3 फरवरी को राज्य के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है।

## अलका लांबा के चुनाव प्रचार में उतरे हिमाचल कांग्रेस के नेता




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रचार प्रसार का जिम्मा संभालने वाली कांग्रेस की नेत्री अलका लांबा अब दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रही है।

ऐसे में प्रदेश में उनके साथ काम कर चुके नेता दिल्ली में उनके लिए चुनाव प्रचार में उतरे हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी दिल्ली में चुनाव प्रचार में उतरे हैं तो वहीं उनके साथ प्रदेश के दूसरे नेता भी वहां प्रचार कर रहे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के को-ऑर्डिनेटर और अलका लांबा के साथ अटेच रहे अनिल गोयल भी इन दिनों कालका जी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस बार आम आदमी पार्टी को बड़ा नुकसान होगा।

क्योंकि पहले कांग्रेस पार्टी यहां पूरी तरह से मैदान में नहीं उतरी थी मगर अब कांग्रेस ने मोर्चा संभाल लिया है। पूर्व में दिल्ली कांग्रेस का गढ़ रही है और भविष्य में भी ऐसा ही होगा।

## खोलटू गांव में तीन मंजिला मकान जलकर राख, छह लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू जिले के काईस के तहत आने वाले खौलटू गांव में लकड़ी का तीन मंजिला मकान जलकर राख हो गया। आग की घटना में छह लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही सेब के 25 से 30 पौधे भी आग की चपेट में आए है।

आग तंदूर की चिंगारी के चलते मकान में लगी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार उझी घाटी के राऊगी पंचायत के अंतर्गत खोलटू गांव में तीन मंजिला मकान जल कर राख हो गया। यह मकान पुरानी शैली का काठकुनी से बना हुआ था। मकान खूब राम, गोपाल, ज्ञान चंद, शेर सिंह, बीर सिंह और राजू का मुसत्रिका मकान था।



अग्निशमन सेवा कुल्लू के अधिकारी प्रेम सिंह भारद्वाज ने बताया कि सुबह 3 बजकर 35 मिनट पर हमें आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन सेवा का वाहन केवल 20 मिनट पर घटना स्थल पर पहुंचा और अग्निशमन के कर्मचारियों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। भारद्वाज ने बताया कि लगभग 6 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है।

पंचायत के बीडीसी सदस्य खेख राम ठाकुर ने बताया कि अग्नि शमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जल्द ही आग को बुझाया गया और प्रभावित परिवार को सरकार द्वारा हर संभव सहायता दिलाने की कोशिश की जाएगी।

**आरोप** जयराम सरकार में मुख्य सचिव रह चुके बाल्दी ने 2022 में 49 पेटी सेब सरकारी कोष से बांटा

## हिमाचल में आईएएस अफसर ने सरकारी खजाने से बांटा सेब

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में रियल एस्टेट डेवलपमेंट ऑथोरिटी (रेरा) के पूर्व चेयरमैन डॉ. श्रीकांत बाल्दी की ओर से सरकारी फंड से देश के विभिन्न राज्यों के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को सेब बांटने का मामला सामने आया है।



इनमें ज्यादातर अफसर राजस्थान के हैं। बाल्दी ने 2022 में अपने पद पर रहते हुए 49 पेटी सेब सरकारी कोष से बांट दिया जबकि, नियमों में सरकारी कोष से सेब बांटने का कोई प्रावधान नहीं है। हिमाचल के रिटायर आईएएस और हाउसिंग मिनिस्टर भी इसे गलत बता रहे हैं। इसे सरकारी उपक्रम हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) से खरीदकर अफसरों को बांटा गया है।

रेरा ने एचपीएमसी से 20 किलोग्राम की 49 पेटी 44,100 रुपए में खरीदी थीं। बाल्दी ने जिन्हें सरकारी खजाने से सेब दिया है, उनमें रिटायर डीजीपी, हरियाणा, राजस्थान के रेरा चेयरमैन, रेरा मेंबर और रजिस्ट्रार, आदि शामिल हैं। बाल्दी खुद राजस्थान के रहने वाले हैं और बीते साल दिसंबर में ही रेरा चेयरमैन पद से रिटायर हुए हैं। वह पूर्व जयराम सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। हिमाचल के रिटायर आईएएस अधिकारी दीपक सानन से बताया कि कायदे से किसी भी अफसर को ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा करना गलत है। सरकारी पैसे से दोस्तों में सेब बांटना गलत है। अगर किसी ऐसे अधिकारी को सेब बांटा जा रहा है, जिससे स्टेट को फायदा होगा, ऐसे में आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

शिमला के वरिष्ठ पत्रकार धनंजय शर्मा कहते हैं कि यदि किसी मित्र को सेब बांटने हैं तो अफसरों को अपनी जेब से बांटने चाहिए। सरकारी खजाने पर इसका बोझ डालना उचित नहीं है।



"रेरा चेयरमैन रहते हुए सरकारी पैसे से अपने रिश्तेदारों को सेब नहीं बांटा, बल्कि आईएएस अधिकारियों को दिया है। इसमें कोई बुराई नहीं होनी चाहिए।
**-श्रीकांत बाल्दी, पूर्व रेरा चेयरमैन**



"सरकारी खजाने से दूसरे राज्यों के आईएएस और आईपीएस को सेब बांटना सही नहीं है। यदि सेब बांटना है तो अपने पैसे से बांटना चाहिए। इसकी जांच की जाएगी।
**-राजेश धर्माणी, कैबेनट मंत्री**

### हिमाचल पर 95 हजार करोड़ का कर्ज

बता दें कि हिमाचल प्रदेश पर इस वक्त 95 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज चढ़ चुका है। राज्य के अपनी आय के साधन सीमित हैं और खर्चे बढ़ते जा रहे हैं। इसी माहौल के बीच आईएएस की ओर से सरकारी कोष से सेब वितरण का मामला गर्म हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते चाटा में चाटा वारियर द्वारा आयोजित करवाई जा रही तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जगदेव ठाकुर ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने आयोजनकर्ताओं को बधाई देते कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है, जोकि उनका उज्ज्वल भविष्य बनाने में विशेष योगदान करता है। उन्होंने तीन दिवसीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई भी दी। इस मौके पर सूबेदार राजेश गुलेरिया, मदन गुलेरिया, मंजीत गुलेरिया, नवीन गुलेरिया, सागर राणा, विनोद कुमार, राजेंद्र पठानिया, अर्पण सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राजेंद्र साइकिल से 150वीं बार पहुंचे मां वैष्णो मंदिर



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** साइकिल पर वैष्णो देवी यात्रा पर निकले बठिंडा निवासी राजेंद्र गुप्ता ने इस बार 150वीं बार माता रानी के दर्शन किए। वह 9 बार बाबा बर्फानी के भी दर्शन कर चुके हैं और फिर अमरनाथ यात्रा करने की तैयारी में है। मां वैष्णो देवी धाम से लौट रहे गुप्ता ने बताया कि मां का आशीर्वाद ही है, जो वह इतनी बार साइकिल पर यात्रा कर चुके हैं। 36 वर्षों से वह अब तक 6 लाख 40 हजार किलोमीटर की यात्रा साइकिल पर पूरी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक मां वैष्णो देवी, बाबा बर्फानी अमरनाथ, कांगड़ा देवी, ज्वाला जी, मां चिंतपूर्णी, मां नैना देवी मां चामुंडा, मां मनसा देवी हरिद्वार, गंगोत्री व गौमुख, उज्जैन महाकाल मंदिर, इंदौर ज्योतिर्लिंग और सिरोही मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। अब वह नीलकंठ से गंगा जल लेकर कांवड़ यात्रा कर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर भठिंडा में शिवलिंग पर जल अर्पित करेंगे।

### वंश और निधि ने गणतंत्र दिवस परेड में लिया हिस्सा



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के रोवर वंश और रेंजर निधि भारद्वाज ने 76वें गणतंत्र दिवस पर शिमला के रिज मैदान पर आयोजित भव्य परेड में भाग लिया। उनकी इस उपलब्धि ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने रोवर लीडर हरीश कुमार और रेंजर लीडर आशा शर्मा को बधाई दी और कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि शिमला के रिज मैदान पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना न केवल छात्रों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह देशभक्ति और अनुशासन की मिसाल भी है।

### 35 के खाते में पहुंची आवास योजना की पहली किस्त

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत जखाड़ा के करीब 35 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त 65 हजार रुपए की पहुंच चुकी है। बावजूद इसके 12 लाभार्थियों ने कार्य शुरू ही नहीं किया है। मंगलवार दोपहर बाद करीब दो बजे जानकारी देते हुए पंचायत सचिव शिवदान ने कहा पंचायत के 44 लाभार्थिओं को उक्त योजना के तहत मकान मिले थे, जिनमें करीब 35 लाभार्थियों को पहली किस्त मिल चुकी है। 15लाभार्थियों ने मकान का कार्य करीब-करीब पहली किस्त के अनुसार पूरा कर लिया है। दूसरी किस्त छत तक काम मुकम्मल होने पर ही मिलेगी।

# दो साल से बंद पड़ी कूहल की जब विभाग ने नहीं ली सुध तो लोग खुद बहाल करने में जुटे

## ग्रामीण बोले- बिना सिंचाई के बंजर पड़े खेत, विभाग नहीं कर रहा सुनवाई, जताया रोष

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**





रोजाना बातें लाखों-करोड़ों रुपए सुविधाओं पर खर्च करने की हो रही हैं, परंतु 2 साल से बिना सिंचाई के खेत बंजर हो रहे हैं। यह हालत बैजनाथ नगर पंचायत के वार्ड चार और पांच की है। कूहल की इस दुर्दशा को लेकर मंगलवार को बैजनाथ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 तथा 5 के ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उनकी खेतीबाड़ी के लिए सिंचाई का मुख्य स्रोत लोअर कूहल ही है, परंतु यह कूहल भी पिछले दो सालों से बंद पड़ी हुई है, जिसकी वजह से उन्हें अपने खेतों की बिजाई के लिए केवल मात्र बारिश पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। इस बार सही समय पर बारिश न होने की वजह से उनके खेत बंजर पड़े हुए हैं। ग्रामीणों को कहना है कि इससे पहले भी वे विभाग से अनुरोध कर चुके हैं कि किसी तरह इस कूहल की गंदगी की सफाई करके इसमें पानी चलाया जाए, ताकि बंजर हो रही उनकी जमीनों का बचाव हो पाए। परंतु आज तक उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो पाई। उन्हें मजबूर होकर सिंचाई कूहल को बहाल करने के लिए इस गंदगी में उतरना पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस कूहल में अगर सुचारू रूप से पानी नहीं चलाया गया तो वे अपने जमीनों के कागजात तहसील ऑफिस बैजनाथ में जमा करवा देंगे जिसके लिए सरकार तथा विभाग जिम्मेदार होगा। इस मौके पर अजय कुमार मिलाप चंद ओंकार चंद प्रदीप कुमार, प्रदीप कुमार, हरनाम सिंह, हरबंस लाल, निशांत कुमार, ओम प्रकाश, सुरेश कुमार, प्रकाश चंद, अजीत कुमार, काकाराम, योगराज, मान चंद, सोहन सिंह, जोगीराम, जिंदूराम, बृज लाल, राजकुमार, मदन लाल, मागो राम, केहर सिंह व पिंटू कुमार आदि भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विभाग के अधिकारी बोले- जेसीबी भेजी

**जल** शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा का कहना है कि ग्रामीण इस समस्या को लेकर उनसे मिले थे। आज उन्होंने जेसीबी लगाकर कूहल की बढ़िया तरीके से सफाई करवा दी है तथा भविष्य में भी इस तरह के सफाई होती रहेगी। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि कूहल में कूड़ा तथा प्लास्टिक न फेंके, जिससे कि किसान भाइयों को परेशानी का सामना करना पड़े।

## सालगिरह मुबारक



बढ़ल ठोर के मुनीष गुलेरिया व रानी गुलेरिया को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ज्वालाजी के रोहित सूद और शिखा सूद को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# पीडब्ल्यूडी चीफ के पास पहुंचा सद्दूं छूघेरा रोड पर क्रेट लगाने का मामला

## चीफ इंजीनियर को एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बबलू ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत सद्दूं-छूघेरा सड़क तीन विधानसभा क्षेत्रों के हजारों लोगों की लाइफलाइन है। इस सड़क पर सद्दूं पंचायत में 12 जुलाई, 2021 को भारी बरसात में भू-स्खलन हुआ था और 100 मीटर हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। इसमें क्रेट वर्क होना है। नगरोटा बगवां में विभागीय अधिकारियों से कई बार गुहार लगाने पर सुनवाई नहीं हुई, तो अब यह मामला पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर विकास सूद तक जा पहुंचा है। एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने धर्मशाला में चीफ इंजीनियर विकास सूद को इस रोड की स्थिति से अवगत करवाया और जल्द समस्या का समाधान मांगा है। सैकड़ों ग्रामीणों की मांग लेकर धर्मशाला पहुंचे बबलू ने चीफ इंजीनियर विकास सूद को बताया कि अब तक कार्रवाई न होने से हजारों ग्रामीणों में निराशा है। यह सड़क नगरोटा बगवां के अलावा सुलाह व ज्वालामुखी को भी जोड़ती है। छूघेरा, लूहना, सद्दूं, खोवा, टोरू, सरूट के अलावा सुलाह व ज्वालामुखी के सैकड़ों ग्रामीण रोजाना इस रोड से गुजरते हैं। लोक निर्माण विभाग को कई बार कहा, लेकिन अब तक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य को इस बारे में धर्मशाला में मांगपत्र दिया था, उन्होंने उसे ओके किया था, लेकिन अब लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही इस बारे में ज्यादा बता सकते हैं। वहीं, पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा कि जिस स्थान पर क्रेट लगना है, वहां सिर्फ 70 मीटर लंबी और करीब 20 मीटर ऊंची क्रेट लगनी है। हजारों लोगों को अब विधानसभा सत्र से इस रोड किनारे क्रेट लगने की आस है।

### उपभोक्ता 30 तक जमा करवा दें बिजली के बिल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया कि विद्युत उपमंडल के 33/11केवी उपकेंद्र (डेह-पुखर) में बिजली उपकरणों के उचित रख रखाव के कारण गांव ढलियारा, कड़ोआ, चलाली, चनौता, बरवाड़ा, लंमीपुखार, धनोटू बल्ला, मचकुंड महादेव, सूरजपुर, बगली, चमारड़ा, दौंटा, घियोरि, फलवाड़ा इत्यादि में 30 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। वहीं, जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिलों का भुगतान अभी तक नहीं किया है। वे अपने बिजली के बिलों का भुगतान 30 जनवरी तक कर दें। ऐसा नहीं करने पर बिना किसी पूर्व सूचना के उनके बिजली के कनेक्शन अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं को विद्युत सब्सिडी मिल रही है और वे उपभोक्ता अपनी इच्छा से विद्युत सब्सिडी का परित्याग करना चाहते हैं, इसके लिए बिजली बोर्ड ने एक प्रारूप जारी किया है जिसको उपभोक्ता विभिन्न माध्यमों से विभाग के पास जमा करवा सकते है। उन्होंने बताा कि जो उपभोक्ता ई-केवाईसी से वंचित रह गए हैं, वे अपना बिजली का नया या पुराना बिजली बिल और आधार कार्ड लेकर 5 फरवरी तक अपने विद्युत मीटर की ई-केवाईसी विद्युत उपमंडल ढलियारा से करवा सकते हैं। अन्यया भविष्य में विभाग से मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रह सकते हैं।

### सब-स्टेशन लंज के तहत 31 को लगेगा पावर कट

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल लपियाना के अंतर्गत 33/11 केबी सब-स्टेशन लंज में 31 जनवरी को विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत 11 केवी फीडर लंज सापुड़ु, 11 केवी बोर्ड कुआड़ू, 11 केवी सलोल और 11 केवी हारचक्कियां फीडर के अंतर्गत आते सभी गांव की सप्लाई बंद रहेगी। खराब मौसम में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता रमेश शर्मा ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## डाढ स्कूल में पढ़ाया सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ

**अनंत ज्ञान, नगरी**

मेजर सोम नाथ शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाढ में सोमवार को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें पाठशाला के सभी छात्रों ब शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विशेषकर पाठशाला के प्रिंसिपल डॉ. रिकी शर्मा ने छात्रों को सड़क पर चलने के नियमों से अवगत करवाया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी राकेश राज द्वारा नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## जल शक्ति विभाग इंदौरा के कार्यालय परिसर में सफेदे के पेड़ काटने पर अब तक कोई अरेस्ट नहीं

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



जल शक्ति विभाग मंडल इंदौरा के कार्यालय परिसर में सफेदों के अवैध कटान के चलते अभी तक कोई भी गिरफ्तारी पुलिस द्वारा नहीं की गई है। ज्ञात रहे कि जल शक्ति विभाग मंडल इंदौरा परिसर में गत दिनों अधिकारियों की मौजूदगी में सरेआम सफेदे के पेड़ों पर आरा चलाया गया तथा विभागीय अधिकारी यह सब तमाशा देखते रहे। स्थानीय लोगों ने जब इसकी शिकायत थाना इंदौरा में की, तब जाकर विभाग जागा तथा मौके पर अधिशाषी अभियंता रविंद्र कुमार द्वारा इसकी शिकायत थाना इंदौरा में की गई कि कुछ लोगों द्वारा उनकी गैरमौजूदगी की में ये पेड़ काटे गए हैं।

अब सवाल यह उठता है कि विभाग में करीब 50 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत रहते हैं तथा उनकी मौजूदगी में कुछ राजनीतिक पहुंच के चलते लोगों द्वारा यह अवैध तौर पर गुंडागर्दी का नाच दिखाते हुए यह सफेदा के पेड़ों पर जो के 50 साल पुराने पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई गई, इसका जिम्मेदार कौन है?

इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि वह जब मौके पर पहुंचे तब उन्होंने यह पाया कि कुछ लोग अवैध तौर पर पेड़ों का कटान कर रहे हैं, जिसके चलते परिसर की दीवार भी टूट गई है तथा इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया द्वारा पेड़ों के काटने की ट्राली को थाना इंदौरा में जब्त कर दिया गया। वहीं, डीएसपी संजीव यादव ने बताया के शिकायत मिलने पर थाना इंदौरा में 102 सीआरपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा इसका चालान अदालत में पेश कर दिया गया है तथा आरोपियों को पकड़ने की धरपकड़ जारी है। उधर, डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने बताया के विभाग द्वारा इन सफेदों के पेड़ काटने की मंजूरी विभाग द्वारा नहीं दी गई थी तथा यह कार्य विभाग की अनुमति के बगैर किया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

## कैंसर से पीड़ित अमीषा को आर्थिक मदद की दरकार

**सुरेंद्र मिन्हास, फतेहपुर**



शासन, प्रशासन और दानी सज्जनों से लगाई गुहार

उपमंडल फतेहपुर की पंचायत सुनहारा के गांव खडलोह की करीब 23 वर्षीय युवती अमीषा कैंसर की बीमारी से ग्रस्त है। पीड़िता ने शनिवार को अस्पताल में मीडिया के माध्यम से शासन, प्रशासन व अन्य लोगों से आर्थिक मदद को अपील की है।

अमीषा का इलाज चंड़ीगढ़ से चल रहा है, लेकिन पैसों के अभाव के चलते पूरा उपचार नहीं हो रहा है। उन्होंने आर्थिक सहायता के लिए अपना गूगल पे नंबर 7876804159 भी दिया है, जिस पर उनकी मदद की जा सकती है। बाहरवीं कक्षा पास अमीषा गंभीर बीमारी होने के चलते भी हिम्मत बनाए हुए है व उसे उम्मीद है कि उसके इलाज के लिए शासन, प्रशासन व अन्य दानी सज्जन मदद करेंगे। तिलक राज की बेटी अमीषा पिछले कुछ सालों से बीमार चल रही है, जिसके इलाज पर परिजनों ने कर्ज उठाकर लाखों रुपए खर्च कर दिया है तो वहीं अभी लाखों रुपए का खर्च होगा। इतना खर्च करने में परिवार असमर्थ है। (अनंत ज्ञान)

## राज्यवर्धन राठौर के बयान से पैरामिलिट्री सदस्यों की भावनाएं आहत : एमएल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



सेवानिवृत्त कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा पैरामिलिट्री पर दिए गैर जिम्मेदाराना बयान की अखिल भारतीय पूर्व अर्ध सैनिक कल्याण एवं समन्वय संघ ने निंदा की है। शिमला में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके शर्मा (सेवानिवृत्त डीआईजी) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हिमाचल प्रदेश के मुख्य पैटर्न एमएल ठाकुर, नेशनल सेक्रेटरी देवेंद्र बख्शी, जम्मू-कश्मीर के महासचिव दर्शन सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच,जिला कांगड़ा उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा, कुशल सिंह, सुभाष एवं अन्य प्रदेशों के पदाधिकारी ने बताया कि राज्यवर्धन राठौर द्वारा हाल ही में पेंशन प्रणाली के बारे में एक बयान दिया था, जो उनके अनुसार उनकी सेवा और बलिदान को गलत तरीके से प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों को लगता है कि उनके समर्पण और सेवा, जो बलिदान, साहस और वफादारी के मामले में सेना के समान है, को पर्याप्त रूप से मान्यता नहीं दी गई है। उनका मानना है कि सरकार, विशेष रूप से पूर्व मंत्री राठौर जैसे लोगों के माध्यम से अर्धसैनिक बलों की भूमिका को ठीक से नहीं समझ पाई है या उसका प्रतिनिधित्व नहीं कर पाई है, जो आंतरिक सुरक्षा और सीमा सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। संघ के सदस्य पेंशन के बारे में बयान से विशेष रूप से परेशान हैं। अर्धसैनिक बलों के जवानों को 2004 के बाद नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत ओपीएस से वंचित किया गया था और वे इसे अन्यायपूर्ण मानते हैं। उनका तर्क है कि सेना में अपने समकक्षों की तरह वे भी अपनी जिम्मेदारी और जोखिम के तुलनीय स्तर को देखते हुए पुरानी पेंशन योजना का हिस्सा बनने के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बल कर्नल राठौर की टिप्पणियों से अपमानित महसूस कर रहे हैं। एमएल ठाकुर ने कहा कि अर्धसैनिक बल प्रतिष्ठा या मान्यता के मामले में सेना से तुलना नहीं चाहते हैं। वे अनुरोध कर रहे हैं कि उनके योगदान का उनके अपने अधिकार में सम्मान किया जाए।

## लक्ष्मी-नारायण मंदिर रैत के परिसर में हनुमान मंदिर स्थापित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

रैत के प्राचीन लक्ष्मी-नारायण मंदिर के प्रांगण में स्थानीय निवासियों, व्यापारियों तथा महिलाओं ने पंचमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना की इस धार्मिक समागम में प्रदेश के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करके शीश नवाया। पंचमुखी हनुमान की मूर्ति स्थापना के अवसर पर वरिष्ठ पंडित विवेक शर्मा, विकास शर्मा, गोपेश शर्मा तथा दीपांशु शर्मा ने विधिवत हनुमान की मूर्ति की पूजा अर्चना करवाई तथा मूर्ति की स्थापना के समय मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की उसके पश्चात मंदिर के प्रांगण में विशाल हवन यज्ञ किया गया जिसमें रैत के समस्त ग्राम वासियों ने पूर्ण आहुति डाली स्थानीय महिलाओं द्वारा वजन कीर्तन भी किया गया तथा पंडितों द्वारा सुंदरकांड प्रस्तुत किया।

## विवेका फाउंडेशंज स्कूल ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**राकेश डोगरा, डरोह**

विवेका फाउंडेशंज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति के भाव से मनाया। समारोह की शुरुआत विद्यालय संस्थापक, निर्देशिका एवं प्राचार्या कुसुम राणा और प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। छात्रों और शिक्षकगणों के जयकारों के बीच तिरंगा ध्वज हवा में लहराया। राष्ट्रगान पूरे परिसर में गूंजा, जिससे सभी में गर्व और एकता की भावना भर गई। इसके साथ ही हवा में धीरे-धीरे लहराते हुए तिरंगे के रंग मनमोहक लग रहे थे। इस बीच एनसीसी कैडेट्स ने एक सुव्यवस्थित परेड के माध्यम से अपने अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया। उन्होंने सटीकता और गर्व के साथ मार्च किया। चारों सदनों आर्यभट्ट, चैतन्य, मेजर सोमनाथ शर्मा और रवींद्रनाथ टैगोर के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल जोश और एकता से भर गया। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता हुई। इसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, 'भारत के प्रति भारतीयों को जागृत करना' आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के भारत की विरासत और उपलब्धियों के ज्ञान का परीक्षण किया गया। इसने राष्ट्र के समृद्ध इतिहास से गहरा जुड़ाव पैदा किया और प्रतिभागियों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा की। यह उत्सव हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों और नागरिकों के रूप में हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल ने अपने संदेश के साथ विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, जिसमें ईमानदारी और समर्पण के महत्व पर जोर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## अक्षय सिंह को प्रधान और साहिल परमार को चुना सचिव



**अनंत ज्ञान, डरोह**

विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित

मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई पालमपुर का त्रिवार्षिक अधिवेशन बलदेव सिंह की अध्यक्षता में 33/11 केवी सब-स्टेशन कुरल (डरोह) में आयोजित हुआ। इसमें विशेष रूप से तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण कत्ना, प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, प्रदेश सचिव अर्चित शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वसम्मिति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में प्रधान अक्षय सिंह और सचिव साहिल परमार, उपप्रधान विशाल राणा और कोषाध्यक्ष रजत शर्मा और प्रेस सचिव सतीश कुमार को चुना गया।

## प्रतिबद्धता | अरनी यूनिवर्सिटी में संवाद सत्र में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन बोले-

# प्रदेश सरकार नशे के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन के तहत सोमवार को अरनी यूनिवर्सिटी में संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, वहीं एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि हमारे समाज में नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नशा युवा पीढ़ी को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति खुद को शारीरिक हानि तो पहुंचाता ही है, बल्कि परिवार के साथ सामाजिक वातावरण को भी खराब कर देता है। प्रदेश में नशे को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करने और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने नशीले पदार्थों की अवैध फसलों को नष्ट करने,नशीले पदार्थों को जब्त करने, इनमें संलिप्त तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए कई जागरूकता अभियान चलाए हैं।

एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर ने कहा कि कड़ी स्पर्धा के इस युग में माता-पिता की आशाओं एवं उम्मीदों पर खरा न उतरने और तनाव के कारण भी कई युवा नशे की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने युवाओं को इस प्रवृत्ति से बचते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर अपनी ऊर्जा का दोहन सही दिशा में करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने भी नशे पर अपने विचार रखे। नशे की लत को छोड़ चुके मनोज ने भी अपना अनुभव साझा किया। इस मौके पर कलाकारों ने गीत-संगीत तथा नुक्कड़ नाटकों से नशे के दुष्प्रभाव तथा इससे बचाव का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के बच्चों ने भी नशे पर भाषण, रंगोली तथा पोस्टर बना कर इसके दुष्परिणामों तथा बचाव बारे संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सहौड़ा के व्यक्ति से देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत डोडन टियाली में गौरव सिंह निवासी सहौड़ा, तहसील कांगड़ा से 9,000 मिलिलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम मामला दर्ज कर लिया है।

### 6 बच्चों ने ग्रीन, 6 ने हासिल की ऑरेंज बेल्ट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कराटे अकादमी देहरा में समुराई कराटे शितो रयू इंडिया की ओर से मंगलवार को ग्रैंडिंग टेस्ट लिया गया। इसमें देहरा के 12 बच्चों ने अलग-अलग रंगों की बेल्ट हासिल की। तंजिन नेगी, अर्हत महाजन, अमोघ वालिया, अविग्ना कश्यप, छेकित, अंगद ने ग्रीन और अथर्व, युवान, रियाह, शिवार्थ, आयुष्मान, अथर्व शर्मा ने ऑरेंज बेल्ट हासिल की। करांटे कोच सेंसेई पवन ने बताया कि बच्चों को आत्मा रक्षा सिखाना बहुत जरूरी है। आज हमारा समाज जिस तरह से नशे और बलात्कार जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में बच्चों को आत्म रक्षा सिखाना बहुत जरूरी है किसी भी स्थिति से निपटने के लिए करांटे एक बेहतर हथियार है, लेकिन आज भी आत्मारक्षा के नाम पर सिर्फ बच्चों को अच्छा और बुरा टच से ज्यादा कुछ नहीं बताया जाता। करांटे क्लासेस में बच्चों को बुरी स्थिति से निपटना सिखाया जाता है करांटे अकादमी देहरा के बच्चे काफी वक्त से टेस्ट की तैयारी कर रहे थे टेस्ट में बच्चों ने खूब जोश से प्रदर्शन किया।



### विज्ञान स्पर्धा में वशिष्ट सदन ने मारी बाजी




**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या पब्लिक स्कूल खटेड़ धर्मशाला में मंगलवार को विज्ञान प्रतियोगिता करवाई गई। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया के इस प्रतियोगिता में छठी से लेकर नौवीं स्कूल के नारायण सदन और विशिष्ट सदन के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें विशिष्ट सदन प्रथम स्थान पर रहा और नारायण सदन दूसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर साइंस अध्यापिकाएं अदिति डोगरा, शैलिका राणा व इंदु डोगरा ने विजेता बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की ।

### लोगों को बताईं केसीसी बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, भवारना।** ग्राम पंचायत पुन्नर में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भवारना व नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य शाखा प्रबंधक सुशील सूद ने बैंक व सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक इन योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर ग्राम सचिव कलिंदर सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

# अब अस्पतालों को बतानी पड़ेगी मरीज को रेफर करने की वजह

## बेवजह रेफर करने तथा इलाज से पल्ला झाड़ने पर हो सकती है कार्रवाई

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मरीजों को बेवजह रेफर कर इलाज से पल्ला झाड़ने वाले अस्पतालों की अब खैर नहीं। जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग ऐसे मामलों को गंभीरता से लेगा। अब अस्पतालों से मरीज को रेफर करते हुए पर्याप्त कारण बताना होगा। बता दें कि मरीजों का इलाज किए बिना उन्हें बेवजह रेफर करना तमाम सरकारी अस्पतालों की प्रवृति बन गई है। जिला में तमाम अस्पताल केवल रेफरल इकाई बनकर रह गए हैं। नतीजा यह है कि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा में मरीजों की बेतहाशा भीड़ बढ़ गई है। अस्पताल में गंभीर मरीजों की पहले ही इतनी भीड़ है कि और मरीजों के लिए जगह ही नहीं है।

जिला स्वास्थ्य विभाग ने बेवजह रेफर किए जाने की इस प्रवृति पर कड़ी नाराजगी जताई है। प्रदेश के कई जिले में पहले से मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, मगर सरकारी अस्पतालों में मरीजों से पल्ला झाड़ने की प्रवृति लगातार बढ़ती जा रही है।

यह स्थिति सिर्फ पीएचसी और सीएचसी या अन्य अस्पतालों तक ही सीमित नहीं हैं। टांडा मेडिकल कॉलेज को छोड़कर यह हालात अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी हैं। बिना पर्याप्त कारण के जरा सा गंभीर होने पर मरीज को तुरंत उच्च चिकित्सा संस्थान को रेफर कर दिया जाता है। यदि मरीज को वहीं इलाज उपलब्ध हो जाए तो न सिर्फ लोगों को सुविधा रहेगी, बल्कि वे तमाम जानें भी बचाई जा सकेंगी, जो इधर से उधर रेफर होने के दौरान ही दम तोड़ देती हैं। अब स्वास्थ्य और जिला चिकित्सा विभाग इसे लेकर सक्रिय हो गए हैं। अब सभी अस्पतालों पर नजर रखी जाएगी। वहां के मुखिया की जिम्मेदारी तय की जा रही है। हर मरीज को रेफर करने का पर्याप्त कारण बताना होगा। रेफर करते वक्त वह कारण भी लिखना होगा। ज्यादा रेफर करने वाले अस्पताल चिन्हित किए जाएंगे। उनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को रेफर करने की प्रवृत्ति हर हाल में रोके। जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों से रेफर किए जा रहे मरीजों पर नजर रखे हुए है। चिकित्सकों से जवाबदेही भी करने की तैयारी कर ली गई है। जिला के अस्पतालों से डॉक्टर मरीजों को सीधे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर नहीं कर सकेंगे। यह तभी होगा जब मरीज की हालत नाजुक होगी तथा उस अस्पताल में रोगी को इलाज देने में डॉक्टर असमर्थ रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी



**जिला** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि जिला के तमाम अस्पतालों में मरीजों के रेफर किए जाने पर नजर रखी जा रही है। अगर डॉक्टर मरीजों को टांडा मेडिकल कॉलेज या अन्य जगह रेफर करता है तो इसका कारण उन्हें देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई डॉक्टर इसमें दोषी रहता है तो उसके खिलाफ नोटिस निकाला जाएगा तथा उसको इसका कारण स्पष्ट करना होगा। उन्होंने कहा जिला के अस्पतालों में मरीजों के लिए तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूद हैं। रोगी को तभी रेफर करना जरूरी है, जब उस अस्पताल में डॉक्टर रोगी को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुविधा देने में असमर्थ रहते हैं।

## सूद सभा ने घायल लड़की के इलाज को दिए 41,000 रुपए

**अजय पाल, पालमपुर**



सूद सभा पालमपुर ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मानवता का परिचय दिया। चंडीगढ़ में हुए सड़क हादसे में घायल पालमपुर की एक लड़की के इलाज के लिए सभा ने 41,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ में एक जीप चालक ने लड़की को टक्कर मारने के बाद घसीट दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सरकारी अस्पताल में इलाज संभव न होने के कारण उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के लिए लगभग 4.5 लाख की जरूरत थी। संकट की इस घड़ी में सूद सभा ने त्वरित सहायता प्रदान की। सभा की संयोजिका सोना सूद और ब्रिंदुला कड़ोल ने बताया कि 41,000 रुपए का चेक घायल लड़की के बैंक खाते में जमा करवाया गया। इसके साथ ही सभा के प्रयासों से चंडीगढ़ की सूद सभा ने भी 10000 रुपए की तत्वरित सहायता प्रदान की है तथा और भी सहायता देने का आश्वासन भी दिया है।

**सूद सभा की संयोजिका सोना सूद और ब्रिंदुला कड़ोल ने दी जानकारी**

सभा के पदाधिकारियों ने सभा सभी सदस्यों से अपील की है कि वे आगे आकर इस नेक काम में योगदान दें। जो लोग मदद करना चाहते हैं, वे सीधे सूद सभा पालमपुर से संपर्क कर सकते हैं। सूद सभा पालमपुर ने इस घटना के माध्यम से एक बार फिर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को साबित किया है। सभा का यह कदम समाज को एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। (अनंत ज्ञान)

## प्रो. मनोज सक्सेना राष्ट्रीय समिति के सदस्य मनोनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सक्सेना को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के विभिन्न पाठ्यक्रमों की रूपरेखा निर्मित करने की राष्ट्रीय समिति का सदस्य नामित किया गया है।



इस समिति का कार्य आईटीईपी शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, कला शिक्षा, आईटीईपी संस्कृत शिक्षा, बीएड (एक वर्षीय) एवं बीएड से संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठ्यक्रम के स्वरूप और पाठ्यक्रमों में सुझावों को अंतिम रूप प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त प्रो. मनोज कुमार सक्सेना यूजीसी की राष्ट्रीय स्थायी समिति के सदस्य भी हैं। वर्तमान में प्रो. मनोज सक्सेना हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलानुशासक के पद पर कार्यरत हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने प्रोफेसर सक्सेना को बधाई दी है और इसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. सक्सेना के समर्पण और विशेषज्ञता का प्रमाण बताया। वहीं शिक्षा विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भी प्रोफेसर सक्सेना को इस मनोनयन के लिए बधाई दी है। वहीं, प्रो. सक्सेना ने भी सभी का आभार व्यक्त किया है।

## अवैध खनन का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत मंगलवार को सोशल मीडिया पर ढलियारा खड्ड में हो रहे अवैध खनन का वीडियो जमकर वायरल हुआ। वहां कैमरा देखते हुए जेसीबी चालक भाग खड़ा हुआ। ज्यों ही इसकी सूचना खनन व पुलिस विभाग को मिली तो दोनों मौके पर पहुंचे। जानकारी देते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर अश्वनी कौंडल ने बताया कि नजदीकी क्रशर संचालक से भी इसकी पूछताछ की जा रही है। जिस जेसीबी से खनन किया जा रहा था, उसका भी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई शिकायतें इस स्थान की उन्हें मिली हैं, जिसपर उन्होंने कार्रवाई की है। उन्होंने दो टूक कहा है कि अब भी अगर ये बाज नहीं आते हैं तो इनकी खनन करने वाली लीज भूमि विभाग रद्द भी कर सकता है।

## कर्नल करतार सिंह ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाया सीयू के धर्मशाला कैंपस का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

धर्मशाला कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल करतार सिंह ने केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला निर्माण हाल ही में केंद्रीय मानव संसाधन एवं शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान से दिल्ली में मिले। उन्होंने उन्हें अवगत करवाया कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय का मसला डेढ़ दशक से लटका हुआ है। इस पर 30 करोड़ प्रदेश सरकार ने जमा करवाना है, जिसे सरकार जमा नहीं करवा रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि वह भविष्य के लाखों छात्रों व उनके अभिभावकों की भावनाएं लेकर आए हैं। उन्होंने प्रश्न उठाते



हुए कहा कि बेहतर होता कि तपोवन में विधानसभा सत्र के दौरान समोसे व मुर्गे को लेकर प्रदर्शन के बजाए विधायक सीयू के 30 करोड़ के मुद्दे पर विधानसभा से वाकआउट करते। कर्नल करतार सिंह ने कहा कि अब शांता कुमार की ढलती उम्र के चलते कांगड़ा लीडरलेस हो गया है। आज भी उनकी तर्क संगत दमदार बात आवाज व मांग को कोई नजरअंदाज करने की यहां तक कि विपक्ष भी हिम्मत नहीं जुटा पाता, लेकिन सुक्खू सरकार इनकी भी उम्र अनुभव व सीयू के तीस करोड़ जमा करने की मांग का ख्याल नहीं रख रही है। कोई भी इतने बड़े कद का नेता नहीं जो कांगड़ा की आवाज बनकर इस घोर अन्याय के विरुद्ध सभी को साथ लेकर चले। उन्होंने पूर्व विधायक प्रवीन कुमार से आग्रह किया कि इंसाफ की तरह समाजसेवा में समर्पित कुछ अग्रणी संस्थाएं मिलकर जो तीस करोड़ प्रदेश सरकार जमा नहीं करवा रही है, इस संदर्भ में कानूनी पहलुओं का अध्ययन करें।

### कांगड़ा जिले में 1000 लड़कों पर अब 925 लड़कियां

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लिंगानुपात में बड़ा सुधार : अशोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्र सरकार की ओर से 22 जनवरी, 2015 से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का आगाज किया गया था। अब अभियान को 10 वर्ष पूरे हो गए हैं, इसके चलते 22 जनवरी से आठ मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश सहित जिला कांगड़ा में भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जिला कांगड़ा के लिंगानुपात में भी बड़ा सुधार हुआ है। इसमें 1000 लड़कों पर 876 लड़कियों के मुकाबले अब बढ़कर 925 हो गया है, इसमें और अधिक सुधार को लेकर महिला एवं कल्याण विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहे हैं। इसमें विभिन्न संबंधित विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। अभियान में भी सभी विभाग शामिल होकर मैराथन, साइकिल रैली व पंचायत स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे।



जिला कांगड़ा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। आने वाले समय में यह अभियान और अधिक प्रगतिशील रूप से जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जागरूकता प्रयासों के चलते कांगड़ा जिले में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। रैली और हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य बेटियों के महत्व को रेखांकित करना और लोगों को उनकी सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसके लिए प्रशासन ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्त्री अभियान के माध्यम से महिला मंडलों का सहयोग लेकर गांव-गांव में काम किया है। उन्होंने बताया जिले में शिशु लिंगानुपात में सुधार और 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग की शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी एवं समन्वित प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव का लक्ष्य पाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी से 8 मार्च तक विभिन्न ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बेटियों और उनकी माताओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, और योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों की उच्च शिक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना समृद्ध समाज की नींव है।

## राजल विद्यालय में स्टूडेंट्स को बताए रोड सेफ्टी रूल्स




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजल में छात्रों को रोड सेफ्टी क्लब ने रोड सेफ्टी नियमों बारे जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के लगभग 172 छात्रों और 20 शिक्षकों और गैर शिक्षकों ने भाग लिया। प्रवक्ता पॉलिटिकल साइंस संजय शर्मा ने छात्रों को रोड सेफ्टी नियमों के बारे में जानकारी दी। प्रभारी रोड सेफ्टी क्लब अजय कुमार ने भी पाठशाला के छात्रों को रोड सेफ्टी के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि आज के समय में रोड सेफ्टी के नियमों के बारे में प्रत्येक व्यक्ति का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। जानकारी का अभाव होने के कारण अनेकों दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने बच्चों को बताया सरकार द्वारा तय नियमों से पहले वाहनों का उपयोग नहीं करना चाहिए। हमेशा हेलमेट लगाकर ड्राइव करें। यदि कभी दुर्घटना होती है तो प्रारंभिक चिकित्सा की जानकारी होना बहुत आवश्यक है प्रारंभिक चिकित्सा की जानकारी यदि सही तरीके से हो तो समय रहते किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया नशे के सेवन से हमेशा बचें और दूसरों को भी ऐसा नहीं करने की सलाह दें। बच्चों ने स्लोगन, पेंटिंग और डिक्लेमेशन आदि के माध्यम से रोड सेफ्टी से संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और लोगों को रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण काम किया। उन्होंने रोड सेफ्टी को लेकर रैली का भी आयोजन किया।

## सुरक्षा में ही जीवन सुरक्षित: आरटीओ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** परिवहन निगम के बैजनाथ स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया है। इस मौके पर आरटीओ धर्मशाला प्रदीप कुमार बतौर मुख्यातिथि पधारे। साथ में निगम के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा, निगम के प्रचेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग शर्मा भी विशेष रूप में उपस्थित रहे। मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने मुख्यातिथि के साथ-साथ निगम के प्रचेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग शर्मा को सम्मानित किया।

इस मौके पर चालकों के लिय स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया था, जिसमें निगम के चालकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर निगम के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने निगम के मेहनती चालकों परिचालकों वर्कशाप के मेहनती स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि आज निगम के चालकों परिचालकों पर भरोसा कर निगम की बसों में हर कोई सफर कर अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने महिला कर्मियों द्वारा रोड सेफ्टी जागरूकता पर प्रस्तुत किए गानों की सराहना की।

आरटीओ ने कहा कि आज की भाग दौड़ की जिंदगी में सुरक्षा ही बहुमूल्य जीवन को बचा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशों के चलते सड़क सुरक्षा अभियान आयोजन के चलते बैजनाथ में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## ज्वालामुखी के धनोट में पहली फरवरी को लगेगा निक्षय शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी द्वारा जिला कांगड़ा में फरवरी महीने में होने वाले निक्षय शिविरों की सूची जारी कर दी गई है। हेल्थ ब्लॉक ज्वालामुखी के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनोट में 1 फरवरी, पीएचसी द्रकाटा में 3 फरवरी, पीएचसी घलौर में 4 फरवरी, सीएचसी हरिपुर में 5 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक महाकाल में एचडब्ल्यूसी घिरथोली में 6 फरवरी, एचडब्ल्यूसी बही में 7 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक भवारना गढ़ सीएचसी में 8 फरवरी को शिविर लगेगा।

जैंद पीएचसी में 10 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक थुरल के लाहडू में 11 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक इंदौरा के मलकाना में 12 फरवरी, मकड़ौली में 13 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक फतेहपुर से एचडब्ल्यूसी भरमाड में 14 फरवरी, रे में 15 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक नूरपुर के एचडब्ल्यूसी ओंद में 17 फरवरी, सदवां में 18 फरवरी, डागला में 19 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक नगरोटा सूरियां के एचडब्ल्यूसी बग्गा में 20 फरवरी, पीएचसी कोटला में 21 फरवरी, पंचायत मतलाहड़ में 22 फरवरी , हेल्थ ब्लॉक गोपालपुर के पीएचसी बनूरी में 24 फरवरी, पीएचसी मनिआरा में 25 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक थुरल के एचडब्ल्यूसी जालग में 27 फरवरी, रोपड़ी में 28 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक शाहपुर (रूरल) एचडब्ल्यूसी भड़ियारा में 1 फरवरी, एचडब्ल्यूसी प्रेई में 3 फरवरी, एचडब्ल्यूसी भटेच्छ में 4 फरवरी, एचडब्ल्यूसी सलवाना में 5 फरवरी, एचडब्ल्यूसी ब्रांज में 6 फरवरी, एचडब्ल्यूसी लदवाडा में 7 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक शाहपुर (अर्बन) के एचडव्लूसी धर्मकोट मैकलोडगंज बस स्टैंड पार्किंग में 8 फरवरी, एचडव्लूसी धर्मकोट भागसू टैक्सी स्टैंड में 22 फरवरी, एचडब्ल्युसी मनेड में 25 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक शाहपुर (रूरल) के भितलु में 27 फरवरी, एचडब्ल्यूसी घरोह में 28 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक त्यारा की पीएचसी तकीपुर में 10 फरवरी, सीएचसी लंज में 11 फरवरी, खनियारा में 12 फरवरी, त्यारा में 13 फरवरी, हेल्थ ब्लॉक नगरोटा बगवां के एचडब्ल्यूसी समलोटी में 15 फरवरी को निक्षय शिविर आयोजित होगा।

**सुविधा** | उपमुख्य सचेतक पठानिया ने विद्युत संचालित तीन हैंडपंपों का किया लोकार्पण

## सिंचाई-पेयजल योजनाओं पर व्यय हो रहे 96 करोड़

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 80 करोड़, सिंचाई योजनाओं पर 16 करोड़ तथा सीवरेज पर 56.56 करोड़ की धनराशि व्यय की जा रही है। मंगलवार को उपमुख्य सचेतक ने ग्राम पंचायत अंबाड़ी के वार्ड नं 3 डोला में 3 लाख तथा गोरडा के नाहलन में स्थापित विद्युत संचालित हैंडपंप तथा ग्राम पंचायत मंझग्रां के वार्ड 4 में 3 लाख से स्थापित विद्युत संचालित हैंडपंप का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने ने राजकीय उच्च विद्यालय केटलू के खेल मैदान के विस्तारीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विस के ग्रामीण क्षेत्रों का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया




जा रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क स्वास्थ्य तथा शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पहल की जा रही है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार ग्रामीण अर्थव्यस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है दूध पर समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है इसके साथ ही प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैत ब्लाक को भी शिवा प्रोजेक्ट के तहत लाया जा रहा है, ताकि बागवानी को बढ़ावा मिल सके और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हिमाचल प्रदेश वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और 2031 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बने। उन्होंने कहा कि संसाधनों को बढ़ाने और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहे है। आज जो कड़े फैसले सुख सरकार ने लिए है वो आने वाले समय में

### झुलाड़ में हेल्थ क्लीनिक भवन का किया शिलान्यास

**पठानिया** ने शाहपुर के झुलाड़ में 25 लाख से बनने वाले हेल्थ क्लीनिक के भवन का शिलान्यास किया। जिला में यह 5वां क्लीनिक है। इस क्लीनिक के बन जाने से यहां के हजारों बागवानों को लाभ मिलेगा। झुलाड से इस बार 1.50 करोड़ के प्लांट बेचे गए हैं। उद्यान विभाग के उपनिदेशक कमलशील नेगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से बागवानी को अपनाने का आह्वान किया।

हिमाचल प्रदेश को समृद्धि और विकास की राह पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सरकारी नीतियों में बदलाव लाकर अतिरिक्त राजस्व कमाने में सफल हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

### सीएम प्रवास में हुए 675 करोड़ रुपए के उद्घाटन-शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का शीतकालीन कांगड़ा प्रवास ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि पंद्रह अगस्त तथा 25 जनवरी के राज्य स्तरीय समारोह भी कांगड़ा जिला में आयोजित करवाकर कांगड़ा जिला को प्रमुखता दी गई है। मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास के दौरान 675 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन तथा शिलान्यास कर विकास को गति प्रदान करने की दिशा में सार्थक पहल की है। पठानिया ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दृष्टि से धर्मशाला के ढगवार में 250 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी गई है इसके साथ ही धर्मशाला के तपोवन के नजदीक 150 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की भी घोषणा की गई है।


**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517


**सूचना**

**मैं, विक्रांत** (46 वर्ष) पुत्र श्री प्रताप चंद निवासी गांव व डाकघर हटवास, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं आर.पी.एम.सी. अस्पताल टांडा में मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र नं. B-2019: 2-03228-001878 दिनांक 29.08.2019 में मेरे बेटे का नाम प्रज्ञान (PRAGYN) गलत दर्ज है। जबकि मेरे बेटे का सही नाम शौर्य (SHAURYA) है। अत: मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम शौर्य (SHAURYA) दर्ज किया जाए। सभी सबंधित नोट करें।

### कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना

विकास खंड पंचरुखी तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा गया की ओपन जिम गाँव लमेहड़, ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) (MPLAD)कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जानी है।

1. Single Chest Press 2. Double Cycle 3. Air Walker 4. Air Swing Single 5. Monkey Bar 6. Sea Saw Single 7.Leg Shaper Double 8. Fibre Slider with Ladder 9. Pull up Bar 10.' Chair Swing Double 11. Marry go Round 12. Dustbin 13. Iron Fencing (with labour and material)

**नियम व शर्तें:-** ♦ इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास GST नंबर होना अनिवार्य है। ♦ कोटेशन में मूल मूल्य व GST दर (GST राशि) अलग से दर्शाना आवश्यक है। ♦ सभी बिलों में GST अलग से इंदराज किया जाना अनिवार्य है। ♦ सभी कोटेशन झूलों/मशीनों को स्थापित करने व किराये सहित दी जाएं। ♦ सभी कोटेशन दिनांक 05.02.2025 सुबह 10.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं बंद लिफाफे में जमा करवाएं। कोटेशन दिनांक 05.02.2025 को सुबह 11.00 बजे पंचायत कार्यालय में समस्त पंचायत सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत, भरवाना, विकास खंड पंचरूखी तह. पालमपुर जिला कांगड़ा ( हिमाचल प्रदेश )**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रकाश ठाकुर परिवार सहित कांग्रेस में शामिल



अनंत ज्ञान, जुब्बल। जुब्बल क्षेत्र की रावीं पंचायत के भकान गांव के निवासी व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता प्रकाश ठाकुर ने परिवार सहित भाजपा छोड़ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास व्यक्त किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रकाश ठाकुर का स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता राय सिंह चौहान व देसराज ठाकुर, पूर्व उप प्रधान ग्राम पंचायत रावीं भी मौजूद रहे।

### नेरवा में आज एक घंटे तक बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, नेरवा। डिकनीपुल से नेरवा और इससे आगे के क्षेत्र में बुधवार को एक घंटा बिजली बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता नेरवा विद्युत इकाई भारत भूषण ने बताया की बुधवार को डिकनीपुल और नेरवा फीडर में मीटर लगाए जाएंगे, जिस वजह से दोपहर एक से दो बजे तक विद्युत उपमंडल नेरवा के तहत बिजली बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सुन्नी स्कूल में बच्चों को बताए यातायात के नियम

अनंत ज्ञान, सुन्नी। पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में स्वच्छता पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर पंचायत द्वारा कचरा प्रबंधन के लिए हर वार्ड और बस ठहराव पर व्यवस्था की गई है। इस दौरान थाना प्रभारी सुन्नी दिलु राम शर्मा ने बच्चों को यातायात नियम और उनकी अवहेलना करने पर जुर्माने बारे विस्तृत जानकारी दी तथा नशे के दुष्प्रभावों और ऑनलाइन फ्रॉड पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन को चलाते वक्त दोनों सवार को हेलमेट पहनना अतिआवश्यक है और कानून की अवहेलना करने पर जुर्माने सहित वाहन को जब्त करने का भी प्रावधान है। इस दौरान सामुदायिक अस्पताल सुन्नी की चिकित्सक डॉ पारुल शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन रघुवंशी ने समस्त अतिथि गणों का बच्चों को दी गई ज्ञानवर्धक जानकारी के लिए धन्यवाद किया।

### क्रेडिट बाजार के अध्ययन के लिए समिति गठित


अनंत ज्ञान, शिमला। क्रेडिट बाजार के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने और राज्य के लिए अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने की संभावना तलाशने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 10 सदस्यीय कार्बन क्रेडिट समिति गठित की है। यह समिति अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) की अध्यक्षता में गठित की गई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह समिति मौजूदा अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों का आकलन करेगी ताकि प्रदेश के लिए क्षेत्र विशेष कार्बन बाजार विकसित करने के उद्देश्य का पता लगा सके। इस पहल का उद्देश्य कार्बन क्रेडिट परियोजनाओं की पहचान, विकास और क्रियान्वयन में राज्य सरकार के कर्मचारियों की क्षमता को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिति विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग से संभावित कार्बन क्रेडिट परियोजनाओं की पहचान का कार्य भी करेगी। इसके अलावा, यह कार्बन क्रेडिट के लिए राज्य जलवायु नीति और संबंधित ढांचे को तैयार करने में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि विभागों को कार्बन क्रेडिट सुरक्षित करने के लिए परियोजनाएं तैयार करने में मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ समिति द्वारा परियोजना डेवलपर्स, सलाहकारों, खरीदारों व व्यापारियों आदि को परियोजनाएं विकसित करने में सहयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिति राज्य के कार्बन क्रेडिट्स के लाभों को अधिकतम करने के लिए नई और मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों को पुनः संगठित करने के लिए सिफारिशें भी देगी।

### बहरीन में बिखेरी हिमाचली संस्कृति की छटा



अनंत ज्ञान, घुमारवीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचली संस्कृति तथा पर्यटन का प्रसार तथा दोनों देशों के मध्य घनिष्ठ संबंध बनाने के उद्देश्य से बहरीन में हिमाचली कलाकारों ने अपनी संस्कृति की छाप छोड़ी। बहरीन साम्राज्य में भारतीय राजदूतावास में आयोजित हिमाचली सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए डॉ. सुरेश शर्मा तथा सारेगामा संगीत अकादमी के अजय डोगरा ने बताया कि हिमाचली प्रदेश कम्युनिटी द्वारा कार्यक्रम में भारतीय राजदूत महामहिम विनोद के. जेकब मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश समुदाय के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम भावनात्मक रूप से एक दूसरे को जोड़ने का काम करते हैं कलाकारों ने प्रदेश परम्परागत लोकगीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर इस दल के ही विनोद खाबला ने नेतृत्व में हिमाचली थाम परोसी गई, जिसे विदेशी मेहमानों को भी अंगुलियां चाटने पर मजबूर कर दिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सरस्वती विद्या मंदिर कन्या उच्च विद्यालय निहाल बिलासपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं शिशु मेला का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध मूर्तिकार एवं हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित विजयराज उपाध्याय ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि, प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक सोनी कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, अंजना सांख्यान मुख्य वक्ता व सेवानिवृत प्राचार्य जीवन बत्रा विशेष रूप से मौजूद रहीं। सर्वप्रथम मुख्यातिथि व विशेष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। साथ ही रिबन काटकर शिशु मेले का शुभारंभ किया और मेले का अवलोकन किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष व मुख्य वक्ता ने बच्चों को सम्मानित किया।

### डीसी ने सिल्वी गांव में सुनीं जनसमस्याएं



अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता विधानसभा क्षेत्र की जेजवी पंचायत के सिल्वी गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को गांव का दौरा किया। उपायुक्त ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शुरू किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक मार भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का समर्थन करते हुए कहा कि सड़क निर्माण क्षेत्र की प्रगति के लिए बेहद आवश्यक है। विवेक ने उपायुक्त और प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार इस परियोजना को प्राथमिकता के साथ पूरा करेगी।

## जनवरी में मौसम के बदले तेवर, पेश आ रही अग्निकांड की घटनाएं, लोग परेशान

# सुलग उठे जंगल

### वन के साथ निजी संपदा को हो रहा भारी नुकसान



**आम तौर पर मानवीय गलतियों के कारण लगती है जंगलों में आग**

सपना सूद, चौपाल/नेरवा

जनवरी महीने में बारिश बर्फबारी से जहां मौसम काफी ठंडा रहता था, वहीं जमीन में भी पूरी नमी रहती थी। जमीन में नमी होने से अग्निकांड की घटनाएं अक्सर कंट्रोल में रहती थी, परंतु इस साल स्थिति विपरीत है। मौसम ने ठंडी जनवरी में तेवर बदल लिए है। जनवरी में बारिश बर्फबारी न होने से जमीन से नमी गायब होने लगी है, जिस वजह से जंगल और घासनियां सुलग उठी है। सोमवार रात चौपाल मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर की दुरी पर मझोटली के समीप जंगल में आग लगी है और घड़ाला तक जंगली संपदा नष्ट हो गई है। हालांकि वन विभाग और स्थानीय लोगों ने आग को नियंत्रित कर बागीचों और रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंचने से रोक लिया, परंतु फिर भी यह आग लाखों रुपए की वन संपदा को नष्ट कर चुकी है।

इससे पहले कुछ दिन पूर्व नेरवा तहसील के तहत दो अलग अलग घटनाओं में घास, फलदार पौधे और चार मवेशियों के जिंदा जलने की घटनाएं सामने आ चुकी है। जंगलों में आग आम तौर पर मानवीय गलतियों से ही लगती है। पहाड़ियों में ग्रामीण परंपरागत तौर पर नई घास को उगाने के लिए जंगल के फर्श को जलाते हैं। इसके अलावा जंगलों के पास बीड़ी या अलाव को छोड़ने जैसी घटनाएं भी आग को बढ़ावा देती है। इसके अलावा कई ग्रामीण अपने बगीचों में झाड़ियाँ जलाते है और आग फैलकर जंगल तक पहुंच जाती है। जंगल में मौजूद पत्तियां काफी तेजी के साथ आग पकड़ती हैं और चिंगारी मात्र से आग विकराल रूप धारण कर लेती है। आग से चारों ओर धुआं फैलने से जहां वन सम्पदा नष्ट हो रही है, वहीं इससे पर्यावरण दूषित होने के साथ-साथ लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### आग लगाने वालों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई : एसडीएम

एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने चेतावनी दी है कि जंगलों में आग लगाने वालों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जंगल की आग पर नियंत्रण केवल वन विभाग नहीं कर सकता। इसके लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर समितियों का गठन किया जाए। राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, लोक निर्माण विभाग, पंचायत प्रबंधन और अन्य विभागों से समन्वय बनाया जाए और अग्नि शमन विभाग का भी सहयोग लिया जाए।

उन्होंने कहा कि जंगलों में आग की दैनिक, साप्ताहिक और मासिक रिपोर्ट दी जाए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में क्लस्टर के आधार पर गठित ग्राम पंचायत स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा प्रबंधन समितियों के कार्यों की निगरानी की जाए। उन्होंने वन विभाग को भी निर्देश दिए कि आग लगाने वालों की जांच करें और दोषी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाएं।

### नमी न होने से जंगलों में लग रही आग

विशेषज्ञों का मानना है कि शीतकाल में कम वर्षा और कम बर्फबारी के कारण भूमि और वातावरण में समय से पहले ही नमी समाप्त हो चुकी है, जिससे जंगलों में आग भड़क रही है। जंगलों का पूरा तरह सूखा होना आग लगने के खतरे को बढ़ा देता है। गर्मी की शुरुआत होते ही जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगती हैं।

## जिले के गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक समेत कई कलाकारों की होगी ग्रेडिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला की ओर से प्रदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय राज्य, और जिला स्तरीय मेलो एवं उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की गई है।

जिला भाषा अधिकारी शिमला अनिल हारटा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिमला के गायन, वादन, नृत्य ,लोक नाटक, लोक गाथा आदि विधाओं से जुड़े कलाकारों को 4 फरवरी तक संस्कृति भवन, खण्ड संख्या 39, कुसुमपटी, शिमला-9 में कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर आवदेन आमंत्रित किए है।

चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले चयनित कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा और उन्हें विभिन्न मेलों संस्कृति कार्यक्रमों उत्सवों में प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

जिन कलाकारों ने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार राष्ट्रीय स्तर के मेले में पांच बार तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले में तीन बार अपनी प्रस्तुति दी है और हिमाचली कलाकार जिन्होंने प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल सारेगामा आदि में विजेता या विजेता का स्थान प्राप्त किया है उन्हें उच्च श्रेणी में शामिल किया जाएगा। जिन कलाकारों ने हिमाचल यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता का स्थान प्राप्त किया और म्यूजिकल ग्रुप या सांस्कृतिक दल जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीन बार भाग लिया हो उन्हें द्वितीय श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

इसके अलावा वह कलाकार जो रेडियो और दूरदर्शन या किसी अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान या विभाग से चयन प्रक्रिया में श्रेणीबद्ध किया गया हो उन्हें इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उन्हें भी विभाग का पंजीकरण प्रपत्र भरना होगा तथा मेला समिति से सहभागिता प्रमाण पत्र और श्रेणी प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी जमा करवानी होगी तथा साथ ही पंजीकरण हेतु पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटो कॉपी भी साथ लानी होगी।

चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का भत्ता या किराया नहीं दिया जाएगा।

## एफसीए के तहत लंबित मामलों का हो निपटारा : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



बैठक के दौरान उपायुक्त साथ हैं अन्य अधिकारी।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में वन संरक्षण अधिनियम समिति की बैठक आयोजित**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहाँ वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत जिला से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन संरक्षण अधिनियम के तहत जिला शिमला के लंबित लगभग 115 मामलों पर खंड वार विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में वन संरक्षण अधिनियम के तहत यूजर एजेंसी के पास लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें ताकि विकासात्मक कार्यों में देरी न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है ताकि लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण पहलू है कि जितना जल्द एफसीए मामलों को मंजूरी मिलती है उसी दृष्टि से विकास कार्यों की रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य औपचारिकताएं पूर्ण करना नहीं है अपितु विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी इसी दृष्टि से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि वन संरक्षण अधिनियम के तहत लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो सके।

वन विभाग के अधिकारियों को फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में वन संरक्षण अधिनियम से संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए।

## सुन्नी स्कूल के स्वयंसेवकों ने लिया गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा

महेंद्र कुमार, सुन्नी


पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी के राष्ट्रीय सेवा योजना के चार स्वयंसेवकों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में हिस्सा लिया।

विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनएसएस यूनिट के चार स्वयंसेवकों यामिनी शर्मा, प्रियंका वर्मा, दिव्य ठाकुर और ध्रुव भारद्वाज ने शिमला में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बने और क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य विपिन रघुवंशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)



विद्यार्थी प्रधानाचार्य और कार्यक्रम अधिकारी के साथ।

## लोक निर्माण मंत्री 30 को करयाली पंचायत के प्रवास पर



अनंत ज्ञान, शिमला। लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 30 जनवरी, 2025 को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री 30 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे ग्राम पंचायत करयाली के गांव शाड़ा-नडोट सम्पर्क सड़क, गांव नलाह सम्पर्क सड़क तथा मटयोग गांव के लिए सम्पर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित कर समस्याएं भी सुनेंगे।

## श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर न्यास की दुकानों का किराया न भरने पर 5 को नोटिस जारी

### एसडीएम गर्ग ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब, जल्द किराया देने के निर्देश

शुभम राही, बिलासपुर



बिलासपुर शहर का सबसे प्राचीन श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर न्यास की दुकानों का किराया कुछ दुकानदार नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सदर एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग की ओर से उक्त दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और पांच दुकानदारों को बतौर नोटिस भी जारी किया गया है। उक्त दुकानदारों को किराया भुगतान न करने का कारण पूछा गया है और एक सप्ताह के भीतर उक्त नोटिस का जवाब भी मांगा गया है। एसडीएम द्वारा की गई इस कार्रवाई से संबंधित दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

**मंदिर न्यास ने दुकानों के किराए में भी की बढ़ोतरी**

वहीं, एसडीएम ने यह भी कहा है कि जब से मंदिर न्यास की यह दुकानें शुरू हुई है तब से अब तक उक्त दुकानों का किसी भी दुकानदार के साथ एग्रीमेंट नहीं किया गया है। ऐसे में उन्होंने मंदिर न्यास के अधिकारियों को तुरंत इन दुकानों के एग्रीमेंट सहित प्रत्येक वर्ष 20 प्रतिशत किराया बढ़ाने के आदेश जारी किए है। वहीं, हाल ही में मंदिर न्यास की ओर से दुकानों के किराए में भी बढ़ोतरी की गई है। इसमें छोटी दुकानों का किराया 1500 रुपए और बड़ी दुकानों का किराया 2 हजार बढ़ाया गया है। इससे पहले यहां पर 350 तक दुकानों का किराया हुआ करता था, लेकिन मंदिर न्यास की आय में बढ़ोतरी और मंदिर के विकास कार्यों के खर्च को देखते हुए मंदिर न्यास की ओर से यह निर्णय लिया गया है।

एसडीएम का कहना है कि अगर एक सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब व किराए का भुगतान नहीं किया जाता है तो उक्त दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और इन दुकानों की फिर से ऑक्शन भी करवाई जा सकती हैं। एसडीएम का कहना है कि मंदिर प्रांगण में की सजावट के लिए क्यारियों में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, कीर्तन एवं भजन मंडलियों को मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### कुल 31 दुकानें

श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर न्यास की कुल 31 दुकानें हैं। ऐसे में उक्त दुकानों का किराया नाम मात्र था। लेकिन बिलासपुर में सदर एसडीएम ने मंदिर न्यास की आय को देखते हुए दुकानों का किराया बढ़ाया। वहीं, इन दुकानों में पांच दुकानदारों द्वारा किराया न देने की एवज में उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। क्योंकि अधिकारियों का कहना है कि पहले से ही मंदिर न्यास की दुकानों का किराया बहुत कम है, ऐसे में किराया कम होने की वजह से भी किराया न अदा करना यह बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



"मंदिर न्यास की दुकानों का किराया न देने की एवज में पांच दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। अगर यह दुकानदार नोटिस का जवाब व किराया अदा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।"

-अभिषेक कुमार गर्ग, सदर एसडीएम, बिलासपुर

## सुमारी-भपराल सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर मंत्री धर्माणी नाराज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



प्रदेश सरकार के नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सुमारी-भपराल सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की जानकारी मिलते ही विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में ठेकेदारों के मिली भगत के कारण सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग नियमित रूप से किया जाता रहा, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल के दौरान भी निहारी-बरठीं सड़क, बाड़ा-दा-घाट सड़क, बगेड़-पंथेहरा-बम सड़क और घंडलविन चौक से हटवार-जहू सड़क जैसी परियोजनाओं में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था। उन्होंने कहा कि इन सड़कों की खराब गुणवत्ता ने लोक निर्माण विभाग के लिए रखरखाव को एक बड़ी समस्या बना दिया है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही और घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे निर्माणों पर सख्त निगरानी रखी जाए, और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

**अधीक्षण अभियंता को जांच के दिए निर्देश**

## झंडूता बाजार में सार्वजनिक शौचालय की दरकार

गोपाल कपिल, झंडूता। झंडूता उपमंडल के मुख्य बाजार झंडूता के व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि झंडूता अस्पताल में सुविधाओं का अभाव है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

झंडूता अस्पताल के लिए चार से पांच एंबुलेंस होनी चाहिए, ताकि रोगियों को यहां से अन्य अस्पताल ले जाने के लिए कोई दिक्कत न हो। झंडूता बाजार के साथ ही स्थित पशु चिकित्सालय के लिए कोई भी ढंग का रास्ता नहीं है। इससे दूर-दूर से आने वाले लोगों को अपने पशुओं को चिकित्सालय तक पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान में झंडूता बाजार में कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिससे यहां पर आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्दी से जल्दी यहां पर एक सार्वजनिक शौचालय बनाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. शशि दत्त शर्मा ने संभाला सीएमओ बिलासपुर का पदभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



**बोले, समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना रहेगी प्राथमिकता**

डॉ. शशि दत्त शर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर का कार्यभार संभाला है। बिलासपुर में कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना अपनी प्रथम प्राथमिकता बताई है। इससे पहले वह मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। करीब एक दशक से अधिक समय तक डॉ. शशि शर्मा ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अपनी सेवाएं बतौर नेत्र रोग विशेषज्ञ के तौर पर दी हैं। इसके अलावा बतौर चिकित्सा अधीक्षक भी कार्य कर चुके हैं। अब इन्हें बिलासपुर जिला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के तौर पर जिम्मेदारी मिली है।

बता दें कि इससे पहले बिलासपुर में डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी थे। उन्हें बिलासपुर के बाद हमीरपुर का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। लंबे समय तक डॉ. प्रवीण कुमार बिलासपुर का भी कार्यभार देख रहे थे। अब चौधरी को हमीरपुर जिला में बतौर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सागर ब्यू, बामटा में आज पावर कट

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने बताया कि 29 जनवरी को पेड़ों की कांट-छांट व लाइनों की मरम्मत हेतु, रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत सागर ब्यू, बेहल कंडेला व बामटा में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

## परिचालक नंद लाल को दी विदाई पार्टी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पशुपालन विभाग में लगभग 28 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे परिचालक नंदलाल को मंगलवार को विदाई पार्टी दी गई। पशु पालन विभाग अराजपत्रित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित समारोह में सहायक निदेशक डॉ. केएल शर्मा ने विशेष तौर पर उपस्थित दर्ज करवाई।

**सुविधा** एम्स, मंडी-भराड़ी, कंदरौर, ब्रह्मपुखर, कोठीपुरा व बरमाणा के लिए मांगे गए रूट

## बिलासपुर की सड़कों पर दौड़ेंगे 22 नए ऑटो

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला प्रशासन बिलासपुर के पास 22 नए ऑटो को चलाने के लिए आवेदन पहुंचे हुए हैं। प्रशासन के पास सबसे अधिक आवेदन ई-ऑटो रिक्शा के पहुंचे हुए हैं। 17 आवेदन सदर बिलासपुर और 5 आवेदन घुमारवीं क्षेत्र के प्राप्त हुए हैं। मंगलवार को सदर एसडीएम अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में ऑटो रिक्शा ऑपरेटर के साथ बैठक भी की गई है। इसकी अनुमति के लिए प्रशासन संबंधित विभाग को फाइल भेजने जा रहा है।

आवेदकों ने बिलासपुर से मंडी भराड़ी, कंदरौर, ब्रह्मपुखर, कोठीपुरा व एम्स रूट मांगे हैं। ऐसे में इसी के साथ ऑपरेटरों ने जिला अस्पताल बिलासपुर, मंडी भराड़ी व एम्स में ऑटो पार्किंग की मांग उठाई है। प्रशासन ने ऑपरेटरों को ही पार्किंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी और जल्द ही प्रशासन की एक टीम इन स्थानों पर ऑटो रिक्शा के लिए पार्किंग का स्थान चिन्हित भी करेगी। उनके इस मांग पर प्रशासन की ओर से सहमति जताई गई है। जानकारी के मुताबिक इस समय जिला में कुल 191 ऑटो रिक्शा हैं। इनमें 18 ई-रिक्शा और 174 सामान्य ऑटो हैं।

उधर, इस संदर्भ में जब सदर एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऑटो रिक्शा ऑपरेटरों के साथ बैठक की गई है। 22 नए ऑटो के परमिट को लेकर आवेदन आए हैं, जिनको संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी में शराब परोसने पर लगेगा 10 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शादी या अन्य प्रकार के आयोजनों में शराब परोसने पर दस हजार जुर्माना लगाया जाएगा। यह निर्णय ग्राम पंचायत लुज के गांव बिंड़ी वनवास-प्रथम ने वार्षिक बैठक में लिया। इतना ही नहीं, यह जुर्माना आयोजक को दो दिन के भीतर भरना होगा। नशामुक्त अभियान के तहत ही पंचायत की ओर से यह निर्णय लिया गया है। पंचायत में प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ के तहत पंचायत में अब किसी भी प्रकार के डिस्पोजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध लगाने के पर गांववासियों की ओर से विवाह-शादी में डिस्पोजल की जगह अब स्टील और अन्य प्रकार के धातुओं के बर्तनों की खरीद के लिए एक लाख पैंतालीस हजार छह सौ नब्बे रुपए की राशि भी जमा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्यावरण बचाने के लिए मार्च में प्रत्येक परिवार की ओर से स्वेच्छा से सरकारी-निजी भूमि और जंगलों में पौधरोपण किया जाएगा। जंगली जानवरों की ओर से खाने वाले फलदार सहित अन्य प्रकार के पौधरोपण का भी फैसला लिया गया। प्रजा सदस्य राज कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर गांव बिंड़ी वनवास-प्रथम जो पड़ोसी राज्य जेएंडके की सीमा के साथ लगते संसारी नाला से पांच किमी पीछे स्थित है, वहां बैठक का आयोजन किया गया। इसकी वार्षिक बैठक पांगी के रीति-रिवाज अनुसार प्रजा तंत्र के तहत हुई। इसमें देश-प्रदेश में चलाए गए अभियानों के तहत पर्यावरण संरक्षण के तहत सर्वसम्मति से ही निर्णय लिए।

### कशमल को लेकर लामबंद हुए मसरूंड के ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मसरूंड वन परिक्षेत्र में कशमल के अवैध खनन के खिलाफ ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। झुलाड़ा, कुठेड़, मसरूंड और कोहाल पंचायतों के लोगों ने रेटा में एकत्रित होकर एक चिंतन शिविर का आयोजन किया। शिविर में चंबा के प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी रतन चंद और जड़ेरा पंचायत के पूर्व प्रधान मान सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और कशमल के महत्व के बारे में जागरूक किया। रतन चंद ने बताया कि कशमल केवल एक झाड़ नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए वरदान है। यह भूमि कटाव रोकने, नमी बनाए रखने और वन्यजीवों के भोजन का मुख्य स्रोत है। कशमल के फल बंदरों और पक्षियों के लिए भोजन का काम करते हैं, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होने से बचती हैं। इसके अलावा, यह नदी-नालों के जल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक है। शिविर में ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की कि कशमल के अवैध खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि वन भूमि पर खनन न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ता है, बल्कि हिमालय क्षेत्र के लिए भी गंभीर खतरा है। सरकार द्वारा कशमल के परिवहन की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ाए जाने को गलत ठहराते हुए, इसे भारी खनन की संभावना का कारण बताया गया। ग्रामीणों ने वन विभाग की निष्क्रियता पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि निजी भूमि पर खनन की आड़ में वन भूमि पर भी बड़े पैमाने पर कशमल के पेड़ उखाड़े जा रहे हैं। ठेकेदारों द्वारा किसानों को औने-पौने दाम पर ठगा जा रहा है और वन संपदा की लूट जारी है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि कशमल के अवैध खनन की जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि वन विभाग को तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश चंबा से मिलेगा और उनके माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को इस समस्या के समाधान हेतु आग्रह करेगा। ग्रामीणों ने कहा कि वन संपदा की रक्षा के लिए वे किसी भी स्तर तक जाने को तैयार हैं।

### साल खड्ड पर बना पुल वाहनों की आवाजाही के लिए खुला



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनसाली-आईटीआई मार्ग पर साल खड्ड पर निर्मित पुल का मरम्मत कार्य मुकम्मल कर लोगों व वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। फिलहाल पुल के किनारों पर रंग-रोगन का कार्य जारी है। जनहित के इस कार्य को मुकम्मल करवाने के लिए वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद की उपाध्यक्ष सीमा कश्यप ने जिला प्रशासन का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि साल खड्ड पर निर्मित पुल की चादरें खराब होने से बडे-बडे छेद हो गए थे। इन चादरों के टूटने से कभी भी कोई हादसा पेश आ सकता था। लोग पिछले काफी समय से पुल की चादरें बदलकर आवाजाही को सुगम व सुरक्षित बनाने की मांग उठा रहे थे। लोगों की मांग पर कार्रवाई करते हुए पुल की खराब चादरों को उखाडकर नई चादरें डाल दी गई है। इस पुल के बंद होने से शहर के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वाया टीबी वार्ड का लंबा फासला तय करना पड रहा है। मगर अब पुल के आवाजाही हेतु खुलने से लोगों को शहर पहुंचने का रास्ता सुगम हो गया उधर, सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि जनहित की यह समस्या ध्यान में लाई गई थी। इस पर संबंधित विभाग को पुल की खराब चादरों को हटाकर नई चादरें डालने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि पुल का मरम्मत कर इसे दोबारा से वाहनों व लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया है।

### बाथरी सीएचसी में विशेषज्ञों के पद खाली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भरमौर-पठानकोट हाईवे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। हालात ये हैं कि सीएचसी में गायनी रोग विशेषज्ञ समेत अन्य विशेषज्ञों के पद भी खाली पड़े हैं। इसका खामियाजा 25 पंचायतों रूलयानी, टप्पर, मनोला, शेरपुर, पुखरी, बाथरी, गोली, मलूड़ा, ओसल सहित अन्य पंचायतों की 35 हजार की आबादी को भुगतना पड़ रहा है। स्वास्थ्य संस्थान में अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी नहीं है। नतीजतन, गर्भवती महिलाओं समेत अन्य मरीजों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा या टांडा का रुख करना पड़ रहा है। वर्तमान में एक चिकित्सक और दो नर्सें ही अस्पताल में व्यवस्था संभाल रही हैं। लोगों ने साफ किया है कि सीएचसी बाथरी में रिक्त पदों को न भरा गया तो मजबूरन वे सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

# खबली खड्ड में क्रशर निर्माण पर महिलाओं ने की तोड़फोड़

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह विधायक एवं विधानसभा पूर्व उपाध्यक्ष हंसराज की पत्नी के नाम से खबली खड्ड में बन रहे क्रशर निर्माण कार्य पर जाकर महिलाओं ने तोड़फोड़ की। इसको लेकर क्रशर का कार्य संभालने वाले सोनी कुमार ने सात महिलाओं के खिलाफ पुलिस थाना तीसा में शिकायत भी दर्ज करवाई है।

**क्रशर निर्माण स्थल पर किया पथराव**

उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वह सोमवार को दोपहर के समय क्रशर का निर्माण कार्य करवा रहे थे, तो उसी दौरान आधा दर्जन से अधिक महिलाएं वहां पहुंची और निर्माण कार्य बंद करवाने के लिए धमकी देने लगी। इसको लेकर उन्होंने महिलाओं से कहा कि यदि उन्हें लगता है कि यह क्रशर उनकी भूमि पर बन रहा है तो इसके कागजात पेश करे, वह तुरंत इस कार्य को बंद करवा देंगी। जब महिलाएं इस कहासुनी के बाद वापस जाने लगी तो कुछ दूरी पर



फाइल फोटो

**सात महिलाओं के खिलाफ पुलिस थाना तीसा में शिकायत करवाई दर्ज**

वीर सिंह ने उन महिलाओं को रोका और उन्हें जबरन गैर कानूनी तरीके से कार्य बंद करने के लिए उकसाया। इसके बाद महिलाओं ने क्रशर निर्माण स्थल पर पत्थराव शुरू किया।

वहां पर मजदूरी कर रहे लोग अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। इस पत्थराव में पोकलेन मशीन व शेड को नुक्सान पहुंचा है। महिलाओं के जाने के बाद उन्होंने सीधे पुलिस थाना तीसा में जाकर इस पूरी वारदात की शिकायत दर्ज करवाई। इसमें उन्होंने सात महिलाओं के साथ उन्हें उकसाने वाले व्यक्ति का नाम भी पुलिस को दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस थाना प्रभारी अशोक कुमार ने शिकायत दर्ज करने के साथ उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## घर जा रहे व्यक्ति को तीन लोगों ने पीटा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** घर जा रहे व्यक्ति की तीन लोगों ने रास्ता रोककर पहले जमकर धुनाई की, उसके बाद उसके सिर पर किसी नुकीली चीज से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत चंबा थाना में दर्ज करवाई है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घायल व्यक्ति का चंबा मेडिकल कॉलेज में मेडिकल करवाया है।

पीड़ित ज्ञान चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 23 जनवरी को जब रात को मैहला से अपने घर हलेलल जा रहा था तो वहां पर तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी नुकीली चीज से वार कर दिया जिससे वह अचेत होकर गिर पड़े। इतनी देर में उनका भाई भी वहां पहुंच गया। रात को उपचार के लिए उन्हें चंबा अस्पताल लाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस मामले में निष्पक्ष जांच कर रही है।



# उपायुक्त मुकेश ने किया जिले के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण



बच्चों से बातचीत करते हुए उपायुक्त मुकेश व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने 28 जनवरी को जिला मुख्यालय चम्बा में केंद्रीय राजकीय प्राथमिक पाठशाला जुलाहकड़ी व राजकीय माध्यमिक पाठशाला जुलाहकड़ी का निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा शिक्षा के तौर तरीकों का विस्तृत निरीक्षण करने के अलावा विद्यालय में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालयों के विद्यार्थियों का शिक्षा का स्तर संतोषजनक पाया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को शिक्षा स्तर को निरंतर सुधारने तथा बच्चों को समझाने के आसान तौर तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया । उन्होंने केन्द्रीय राजकीय माध्यमिक पाठशाला जुलाहकड़ी में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए अपनाए गए कदम जैसे ई. जादू पटारे से पढ़ाना, दीक्षा एप से पढ़ाना, करके सीखना विधि, तथा प्ले वे मैथड की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालयों के भवन व खेल मैदान का भी जायजा लिया गया जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक ज्ञान चंद ही मौजूद रहे।

# हार्दिक मिलन टीम रैली में 21 लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



कैप्टन अनुमेहा पराशर (सेवा निवृत), उपनिदेशक, सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा ने बताया कि पंजाब रेजिमेंट के भूतपूर्व सैनिकों, दिवगंत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों तथा उनके आश्रितों के लिए 27 जनवरी को सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा में पंजाब रेजिमेंट रिकॉर्ड ऑफिस द्वारा हार्दिक मिलन टीम रैली का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों उनके आश्रितों की पेंशन से संबंधित शिकायतों को दर्ज करना तथा उनका निवारण करना था जिसमें 21 लोगों की समस्याओं का निवारण किया गया।

कैप्टन अनुमेहा पराशर ने बताया कि हार्दिक मिलन टीम रैली का आयोजन कर्नल ऑफ द पंजाब रेजीमेंट लेफ्टिनेंट जरनल जेपी मैथ्यू, अति विशिष्ट सेवा मेडल और ब्रिगेडियर एससी कंडपाल कमांडेंट एवं ऑफिसर इंचार्ज रिकॉर्ड तथा लेफ्टिनेंट कर्नल आर के चट्टोपाध्याय चीफ रिकॉर्ड ऑफिसर के नेतृत्व में किया गया।

# विद्यार्थी शराब, धूम्रपान और ड्रग्स के नशे से बचें

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा की ओर से स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य ओर आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने बताया की जिले में कुछ स्कूल के लिए स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर शुरू किए हैं, जिनके तहत आज राजकीय वरिष्ठ विद्यालय साहो और बरौर के छात्रों के लिए जागरूकता शिविर शुरू किए गए।



विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अध्यापक व साथ हैं अन्य।

इन शिविरों के लिए एक टीम गठित की गई है जिसमें छांगा राम ठाकुर एमईआईओ, दीपक जोशी बीसीसी कोऑर्डिनेटर, सोनाक्षी मंडला को नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एमईआईओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य ओर आत्महत्या को रोकने के लिए विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिसके तहत आज नौवीं कक्षा से लेकर बाहरवी कक्षा तक छात्रों से इस विषय पर बात की गई है। उन्होंने बताया की इन शिविरों के माध्यम से छात्रों को यह जागरूक करना है कि मानसिक रोग क्या है इसके क्या लक्षण है ओर इससे कैसे बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सोनाक्षी मांडला ने मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाने के उपाय भी सांझा किए जिनमें दूसरों से जुड़े रहें और अपने आप को अलग न समझे, पॉजिटिव सोच रखें, शारीरिक रूप से सक्रिय रहे, शराब धूम्रपान और ड्रग्स से बचें, एक्सरसाइज और योग करें। कार्यक्रम में उपस्थित दीपक जोशी ने बताया कि यदि किसी को मानसिक रोग के लक्षण महसूस होते हों तो चंबा मेडिकल कॉलेज के कमरा नंबर 422 में मनोचिकित्सक को अवश्य मिलें।

# विद्यार्थियों ने जाने सड़क सुरक्षा के नियम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगाली में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा जगजीत आजाद मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में डीएसपी डलहौजी हेमंत कुमार मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पूजा देवी मौजूद रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर डीएसपी डलहौजी व उपस्थित अधिकारीगण ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और सड़क पर चलते हुए हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इसकी जानकारी भी प्रदान की गई। मुख्यातिथि महोदय ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने पर जोर दिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संदीप राज राठौड़ ने सभी महानुभावों का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर धन्यवाद किया ।(अनंत ज्ञान)



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

# जोगिंद्रनगर के विकास कार्य पड़े ठप : कुशाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जोगिंद्रनगर लोकल कमेटी की बैठक को संबंधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवालय सदस्य एवं मंडी जिला सचिव कुशाल भारद्वाज ने कहा कि जोगिंद्रनगर के विकास पर पिछले कई वर्षों से लगातार ग्रहण लगा है और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भी यह ग्रहण बदस्तूर जारी है। पिछली भाजपा सरकार के दौरान जो विकास कार्य जोगिंद्रनगर में ठप्प पड़े थे और भ्रष्टाचार बढ़ रहा था, उन विकास कार्यों को कांग्रेस वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गति मिलने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने की जनता को उम्मीद थी, लेकिन जोगिंद्रनगर में सारे विकास कार्य ठप पड़े हैं और भ्रष्टाचार के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में सड़कों की बेहद खस्ता हालत है, पेयजल की भारी किल्लत है और लोगों से पानी के बिलों के माध्यम से वसूली हो रही है। बसों की भारी कमी है, पुराने कई रूट बरसों से बंद हैं और नई बसें लगवाने के लिए जो सुझाव 2 वर्ष पूर्व मांगे गए थे उन पर कोई काम नहीं हुआ है। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा चुकी हैं। कई वर्षों से अस्पताल में एमडी नहीं हैं तथा ईएनटी सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टर्स नहीं हैं।

18 साल से सोनोग्राफर का पद भरा नहीं गया है और अल्ट्रासाउंड मशीन जंग खा रही है। स्कूलों में शिक्षकों के अनगिनत पद खाली पड़े हैं तथा दूरदराज के स्कूल बंद किए जा रहे हैं, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। जनता पर बोझ डालने, जरूरी सेवाओं को पंगु बनाने, रोजगार न देने तथा भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस की प्रदेश सरकार व भाजपा की केंद्र सरकार तथा पूर्व प्रदेश सरकार में कोई भिन्नता नजर नहीं आती है।

इसी कड़ी में 4 फरवरी को जोगिंद्रनगर में जमीन व खेती से जुड़े मुद्दों पर किसानों के अधिवेशन को माकपा ने समर्थन व सहयोग देने का निर्णय लिया है। 20 फरवरी से पहले सभी इकाइयों की बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। बैठक में कुशाल भारद्वाज, रविंद्र कुमार, सुदर्शन वालिया, नरेश धरवाल, मोहन सरवाल, बालक राम, तिलक राज आदि उपस्थित रहे।

| सूडोकु | 0056 | | | | | | ★★★★☆ मध्यम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0055 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

29 जनवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** अमावस्या (06:08): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा (08:21), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** सिद्धि (09:21) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:34 -01:55)।

**विशेष दिन**

- 29 जनवरी : कुंभ का द्वितीय शाही स्नान आज।
- 29 जनवरी : देवपितृकार्य अमावस्या आज।

**मेष:** आज खर्च की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है। बहस में पड़ने से बचें।

**वृषभ:** विशेष उन्नतिकारक दिन है और कोई भी रुका हुआ कार्य जो आपका नहीं बन पा रहा हो, आज क्रियान्वित करें।

**मिथुन:** कल जो आपका कार्य नहीं बना, वह आज बनने की सम्भावनाएं हैं, कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क:** यात्रा का योग है। भाग्य का साथ मिलेगा। उन्नतिकारक दिन है और बिगड़े कार्य बनने लगेंगे। आपकी धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी।

**सिंह :** आज अपनी प्रिय वस्तुओं, मोबाइल आदि का ध्यान रखें, लापरवाही के कारण कोई भी चीज गुम हो सकती है।

**कन्या :** प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने के कारण मन प्रसन्न रहेगा, नया कार्य, रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं, तो अवश्य करें।

**तुला:** धन के मामले में आज का दिन लाभदायक है। भाग्य प्रबल रहेगा, आय के नए स्रोत बनेंगे। संघर्ष करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे और नई योजनाएं लाभ देंगी। मनोरंजन कार्य पर खर्च होगा। प्रेम प्रसंग में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु :** क्रोध पर नियंत्रण रखें, अनावश्यक रूप से वाद-विवाद से बचें। मन आज बेचैन हो सकता है, स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें।

**मकर :** आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आपका मनोबल बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग है। शुभ दिन है और भरोसेमंद व्यक्ति से आज लाभ अवश्य लें।

**कुंभ :** आज आपके लिए कहीं से धनागमन हो सकता है। धन निवेश भी कर सकते हैं। अवश्य लाभ होगा।

**मीन :** आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। धार्मिक स्थल की यात्रा करने को मिल सकती है।

# भविष्य में दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी आर्थिक मदद : पंकज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त कार्यालय परिसर के बैठक कक्ष में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय चंबा की ओर से आई-आरएडी व ई-डीएआर के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से आई-आरएडी चंबा के जिला रोलआउट प्रबंधक पंकज चौहान ने बताया कि आई-आरएडी/ई-डीएआर एप्लीकेशन सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक पहल है, जिसमें पुलिस दुर्घटना स्थल से सूचना एकत्रित करती है और राजमार्ग, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग जैसे विभिन्न विभागों को अनुरोध भेजती है।

उन्होंने बताया कि आई-आरएडी का उपयोग भविष्य में दुर्घटना कलेम और दुर्घटना पीड़ितों को उपचार के लिए 1.5 लाख तक आर्थिक मदद मुहैया करवाने के लिए किया जाएगा क्योंकि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ एकीकृत है। बैठक में विभिन्न उपलब्धियों पर चर्चा की गई और इस बात पर भी चर्चा की गई कि एनआईसी चंबा के माध्यम से हितधारक विभागों को किस प्रकार निरंतर प्रशिक्षण देकर इसके प्रदर्शन को कैसे बेहतर बनाया जाएगा। बैठक में सीएमओ कार्यालय से डॉ. सुरेश, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश कुमार , सब-इंस्पेक्टर मेघ राज, एचएएसआई तरसेम सिंह, संजीव कुमार एचआरटीसी चंबा तथा आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# ड्राइवर संघ चंबा ने पार्किंग व्यवस्था करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चुराह**

ऑल प्राइवेट ड्राइवर कल्याण संघ चंबा के पदाधिकारियों की बैठक भंजराड़ू में हुई। उन्होंने उपमंडलीय प्रशासन से मांग की है कि टैक्सी यूनियन भंजराड़ू के लिए टैक्सी स्टैंड और पर्किंग की व्यवस्था की जाए। पदाधिकारियों में अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव हम राज मल्होत्रा और कोषाध्यक्ष मंगत राम ने बताया कि भंजराड़ू में गाड़ियां खड़ी करने के लिए कोई स्थान नहीं है। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक अस्थायी पार्किंग के लिए जगह चिह्नित की जाए। बस स्टैंड के साथ पेड पार्किंग है। यहां प्रतिदिन 70 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा वे जहां भी गाड़ियां पार्क कर रहे हैं, पुलिस चालान कर रही है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड से लेकर कॉलोनी मोड़ के समीप गाड़ियां पार्क करने की अनुमति दी जाए।

## मंथन

### महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा पर बनीखेत में लगाया जागरूकता शिविर

# भारतीय संस्कृति महिलाओं को देती है सर्वोच्च सम्मान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

महिलाओं को सामाजिक राजनीतिक आर्थिक शारीरिक एवं मानसिक तौर पर सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता आ रहा है। इसके तहत आज उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत के निजी होटल में हिलटॉप सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड शिमला हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से आज महिला सुरक्षा पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम पर्यटक से जुड़े कारोबारी स्थानीय पुलिस टैक्सी चालक ट्रैवल एजेंट एवं टूरिस्ट गाइड तथा स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



इस आयोजन में जहां महिला सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तो वहीं महिला सुरक्षा को लेकर जो सरकार द्वारा नीतियां तथा कानूनी बारीकियां भी समझाई गई। इस आयोजन में जहां एडवोकेट आरके महाजन विशेष तौर पर मौजूद रहे उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर अपने संबोधन में महिला कानूनी अधिकारों तथा कानूनी सहायता हेतु अपने विचार रखे तो वही थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने भी महिला हेल्पलाइन नंबर जो 24 घंटे सातों दिन सेवा में रहते हैं उनके बारे में जानकारी दी तो वही उन्होंने हिंसा का शिकार महिला के अधिकारों पर भी बखूबी चर्चा की।

इसके अलावा वूमेन सेफ्टी डिपार्मेंट की ओर से राजू यादव ने भी अपने संबोधन में महिला सुरक्षा को लेकर अपने विचार सांझा किया। उन्होंने कहा की भारतीय संस्कृति महिलाओं को सर्वोच्च सम्मान देती है हमारा सनातन धर्म भी महिलाओं को सर्वोपरि मानता है कहीं महिला को धन की देवी लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता है तो कहीं ज्ञान की देवी सरस्वती के रूप में माना जाता है तो कहीं शक्ति में ताकत की देवी के रूप में मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है।

इस आयोजन में पर्यटन विभाग के अधिकारी सुनील राणा डॉक्टर अनामिका ठाकुर सिविल हॉस्पिटल डलहौजी, भी इस आयोजन में मौजूद रहे।

**मनुष्य** जितना ज्ञान में घुल गया हो, उतना ही वह कर्म के रंग में रंग जाता है। –**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# हिमाचल में नो प्लास्टिक

हिमाचल की सुक्खू सरकार प्रदेश में प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से बैन लगाने को लेकर संजीदा है। सरकार ने प्रदेश में बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग पर पूर्ण रूप से बैन लगा दिया है। यही नहीं, सरकार ने विवाह व अन्य पार्टियों के बाद वेस्ट को जंगलों में फेंकने पर जुर्माने की राशि भी दस गुना बढ़ा दी है। पहले मात्र 500 रुपए जुर्माना होता था, लेकिन अब इसकी वसूली 5000 रुपए कर दी है। सरकार इससे पहले भी कई तरह के प्लास्टिक पर बैन लगा चुकी है। बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग पर बैन लगाने के साथ ही अब प्रदेश में कुल 14 तरह का प्लास्टिक बैन हो गया है। सरकार की यह सख्ती वाकई काबिलेतारीफ है। निश्चित रूप से इस कदम के दूरगामी परिणाम सामने होंगे। दरअसल, प्लास्टिक एक बहुत बड़ी समस्या है।

प्लास्टिक के बैग नष्ट नहीं होते हैं। बारिश होने पर ये नालियों में फंस जाते हैं, जिससे पानी की निकासी भी रुक जाती है और चहुंओर दुर्गंध फैलती है। खासकर, बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा दिक्कत पेश आती है। जगह-जगह पानी एकत्र होने से मच्छर आदि पैदा होते हैं, जिनके काटने से लोग बीमार पड़ जाते हैं। बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक कैरी बैग का अपघटन बहुत ही धीमी गति से होता है, जिससे वे लंबे समय तक पर्यावरण में रहते हैं। यानी यह पर्यावरण को दूषित करने का काम करते हैं। इसके अलावा मिट्टी और जल प्रदूषण की समस्या भी इनसे पैदा होती है। ये मिट्टी और जल में हानिकारक रसायनों को छोड़ सकते हैं। इससे जो भी अनाज पैदा होगा वह निश्चित रूप से दूषित होगा और जब इंसान उस अनाज को खाता है तो वह कई घातक बीमारियों की जकड़ में आ जाता है। ये प्लास्टिक के बैग जानवरों के लिए भी खतरनाक हो सकते हैं, खासकर जब वे इन्हें खा लेते हैं या इनमें फंस जाते हैं।

इनके शिकार ज्यादातर आवारा पशु होते हैं। जब उन्हें खाने को कुछ नहीं मिलता तो वह मजबूरी में इन्हें खा लेते हैं। बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव भी काफी देखने में आते हैं। इस तरह के बैग का उत्पादन परंपरागत प्लास्टिक बैग की तुलना में अधिक महंगा हो सकता है। हालांकि, ये बैग अभी भी व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनका उपयोग सीमित है। लोगों को अक्सर बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक कैरी बैग के बारे में जानकारी नहीं होती है, जिससे उनका उपयोग और प्रबंधन ठीक से नहीं हो पाता है। बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बैग की वजह से अन्य चुनौतियां भी पेश आती हैं। बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक कैरी बैग के लिए मानकीकरण की कमी आम देखी जाती है, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रदर्शन में भिन्नता हो सकती है।


ये बैग केवल विशिष्ट परिस्थितियों में अपघटित होते हैं, जैसे कि उच्च तापमान और आर्द्रता में। इस तरह के बैग की रीसाइक्लिंग करना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि वे परंपरागत प्लास्टिक से बने नहीं होते हैं। हिमाचल में प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से बैन लगाने की पहल पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने की थी। उनके कार्यकाल में इस पर बड़ी कड़ाई के साथ अमल हुआ था। और तब प्रदेश के किसी भी हिस्से में प्लास्टिक दिखाई नहीं देता था, लेकिन समय के साथ कुछ खुदगर्ज व्यापारियों ने इसका चलन फिर शुरू कर दिया। हिमाचल में प्लास्टिक बैग नहीं मिलते थे, तो वे पड़ोसी राज्यों से चोरी-छिपे उसे हिमाचल ले आते थे। धीरे-धीरे लोगों ने भी इसे अपनाना शुरू दिया और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि हर छोटी चीज प्लास्टिक के बैगों में ढोई जा रही है। सरकार के ध्यान में यह मामला आया तो उसने सख्ती से इस पर पूर्ण रूप से बैन लगाने की पहल की। अब लोगों को भी चाहिए कि वह सरकार के इस फैसले का स्वागत करें और प्लास्टिक के यूज पर लगाम लगाएं वरना एक दिन ऐसा आएगा कि सुंदर, स्वच्छ हिमाचल का वातावरण दूषित हो जाएगा।

हिमाचल की पहचान उसके प्राकृतिक सौंदर्य से है, जिसे निहारने के लिए दुनियाभर के लोग देवभूमि आते हैं, लेकिन जब उन्हें यहां खूबसूरत चीजें देखने को नहीं मिलेंगी, तो वह भला हिमाचल क्यों आएंगे? आज प्लास्टिक न केवल हिमाचल, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। टनों के हिसाब से समुद्र में प्लास्टिक जमा हो गया है, जो आने वाले समय में इंसानी जिंदगी को खा सकता है इसलिए प्लास्टिक को खत्म करने के क्या विकल्प हो सकते हैं, इस पर मंथन होना चाहिए। उन विकल्पों को आजमाकर हम सब अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। बहरहाल, हिमाचल में प्लास्टिक बैन हो गया है और उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में इसके दर्शन नहीं होंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के 14वें मुख्य न्यायाधीश

**अजीत** नाथ राय भारत के भूतपूर्व 14वें मुख्य न्यायाधीश थे। वह 26 अप्रैल, 1973 से 27 जनवरी, 1977 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे। सन 1969 में बैंक राष्ट्रीयकरण अधिनियम की संवैधानिकता की जांच करने वाले ग्यारह सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों में से अजीत नाथ राय एकमात्र असंतुष्ट थे। अजीत नाथ राय के पुत्र न्यायमूर्ति अजय नाथ राय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे थे। अगस्त 1969 में अजीत नाथ राय को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। वह अप्रैल 1973 में भारत के मुख्य न्यायाधीश बने। जिसने भारतीय संविधान के मूल संरचना सिद्धांत को जन्म दिया। यह नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों- जयशंकर मणिलाल शेलत, एएन ग्रोवर और केएस हेगड़े पर वरीयता देते हुए की गई थी। इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखा गया। इसी तरह से आपात काल के समय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 22 के तहत मिले नागरिक अधिकारों (व्यक्तिगत स्वतंत्रता व अदालत में अपील का अधिकार) को निलंबित करने का फैसला भी जस्टिस अजीत नाथ राय की खंडपीठ ने ही किया था। इनके लिए भी वे हमेशा आलोचनाओं के शिकार हुए। ■



अजीत नाथ राय
जन्म : 29 जनवरी, 1912
मृत्यु : 25 दिसम्बर, 2009

## ग़ज़ल

### मुसाफिर



रक्षा कुमारी

*गर चलना ही है मुसाफिर का नसीब तो बता ए डगर।*
*किस राह गुजर के हम हैं।*
*न मिटा ए वक्त इतनी जल्दी हस्ती हमारी।*
*इन सिसकते जज्बातों में अभी भी दम है।*
*शोलों पर भी बरसे हैं शबनम बन के।*
*मगर आज हमें उन समझौतों का बेहद गम है।*
*जिन लम्हों में सिमटकर रोशन हुआ करता था जहां।*
*आज हमारे नाम की सूनी पड़ी हर बज्म है।*
*गुजरते वक्त के हाथों बिखर गया सब कुछ।*
*मैं अब तक जिंदा हूं यारो यह क्या कम है।*
*ऐसे भी जिए जाता हूं कि सांस लेने से लगता है।*
*अपनी खुदी का शायद मुझे भ्रम है।*
*दिल के विराने में जब-जब जलाई शमा।*
*तब-तब लगा अंधेरों में बैठा आज भी मेरा बचपन है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# किसानों की समस्या का समाधान ही विकास का रास्ता बनाएगा

विश्व की लगभग सात अरब की आबादी का पेट तो खेती से ही भरता है और खेत पर किसान ही काम करता है। अगर किसान खेत से हट जाए और उसके हाथ से हल छूट जाए, तो एक सप्ताह में विश्व की पूरी आबादी भूख से मरने लगेगी, लेकिन किसान ऐसा नहीं कर सकता है। वह जहां अपने परिवार के लिए अन्न खेत से उगाता है। वहीं वह आम मानव के लिए भी रोटी के लिए योगदान देता है। यहां तक पशु पक्षी कीट तक का पेट खेती से ही भरता है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

खेती किसानों की मां है किसानी उसका पेशा है। परंतु आज खेत और किसान ही सबसे ज्यादा संकट में है। खेत पर सरकार की नजर है वह एक साधारण से कानून बनाकर देश और प्रदेश हित की बात करके कृषि की सबसे अच्छी भूमि पर शहर खड़ा कर रहा या फिर उद्योगपतियों को अधिगृहित करके उद्योग लगाने के लिए दे रहा। इससे बच जाते हैं खेत तो सड़क बनाने, हाईवे बनाने, क्रिकेट का मैदान बनाने लिए गांव के गांव को ही विस्थापित कर दिया जा रहा है। इस विस्थापन में ही खेत की राजनीति शुरू होती है। खेत की कीमत को लेकर किसानों को खेत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। चार गुना बाजार मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार किसानों के हित से खिलवाड़ कर रही और उद्योगपतियों को संरक्षण दे रही है। यहीं से शुरू होती है असली राजनीति खेत की किसान की। पहला संघर्ष प्रकृति से फसल बचाने का कभी जीत जाता कभी हार जाता, परंतु अक्सर हार ही तो है प्रकृति से जब वह सघर्ष करता है अति वृष्टि ओला वृष्टि पाला। दूसरा संघर्ष शुरू होता जंगली व खुले में आवारा पशुओं से यहां भी बहुत बार हारना होता है किसान को ही।

तीसरा संघर्ष सरकार से खाद बीज बिजली पानी और उचित दाम के लिए कभी जीत जाता है। कभी हार जाता है। यह खेल एक तरह से चूहा बिल्ली वाला विश्व के हर देश के किसानों के साथ होता है। चौथा महत्व पूर्ण संघर्ष बाजार में फसलों व कृषि के अन्य उपज के खरीद मूल्य के लिए होता है जब वह बाजार में प्रवेश करता है।



आज तक विश्व के किसी भी देश में किसानों को उसके उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है वह कोई भी फसल क्यों न हो यह संघर्ष सदियों से चला आ रहा है। किसानों को उसके उपज का सही मूल्य न मिलने के कारण ही विश्वभर में आंदोलन भी बहुत हुए हैं हर आंदोलन में कुछ हासिल नहीं हुआ, लेकिन किसान खामोश नहीं रहा लड़ता आ रहा है आज भी लड़ रहा अपने उत्पादों के सही व उचित मूल्य के लिए। इस संघर्ष में बहुत से लोग ने किसानों का नेतृत्व भी किया और कर रहे हैं। यही नेतृत्व करने वाले खेत की राजकारों ने अपनी राजनीति का आधार बना लिया और राष्ट्रीय स्तर से वैश्विक स्तर तक के किसानों के नेता ज्ञान ग्रे, लेकिन किसान जहां था आज भी वही यानी खेत में ही खड़ा है पर खेत की राजनीति करने वाला किसानों की पीठ पर चढ़कर सत्ता के शीर्ष पर बैठ गया, यही खेत की राजनीति है।

फ्रांसीसी किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया था उनकी मांग थी कि समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जाए किसान फसलों की कम कीमत हरित विनियमन और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे। कैल्वाडोस को-ऑर्डिनेशन रूराले और यूनियन के 61 वर्षीय किसान जीन जोन्स पेसक्रेरेल ने कहा हमें हमेशा अधिक नियमों का पालन करना पड़ता है। किसानों से सरकार हमेशा अधिक मांगती है हम काम कमाते हैं हम अब अपने काम से नहीं जी सकते हैं। भारत में किसान आंदोलन के नाम पर खेती की राजनीति के कई जनक थे। जिसमें एनजी रंगा और स्वामी सहजानंद सरस्वती को भारत में किसान आंदोलन का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने किसानों और खेत की बात शुरू की थी 1936 में दोनों ने अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना की थी।

भारत में 1917 में औपनिवेशिक काल के समय चंपारण सत्याग्रह उनके नेतृत्व में शुरू हुआ था, नील की खेती के विरोध में। यहीं से भारत में भी खेत की राजनीति शुरू हो जाती है। भारत में किसान आंदोलन के नाम पर खेती की राजनीति का इतिहास बहुत लंबा है जो आज उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को काफी हद तक आकार दिया है। इसकी उत्पत्ति औपनिवेशी कल में भी देखी जा सकती है। देशभर के किसान लामबंद होकर उच्च कर व्यवस्था, शोषण, कम भुगतान और अपनी जमीन पर अधिकार जैसे मुद्दे के खिलाफ विद्रोह किया था। 1917 में चंपारण आंदोलन 1918 खेड़ा सत्याग्रह बारडोली की सत्याग्रह आंदोलन 1925 तेभागा आंदोलन 1946 47 और डेक्कन दंगे 1875 शामिल है । इन आंदोलनों ने किसानों को समग्र राष्ट्रीय आंदोलन में लामबंद किया जिसके कारण आजादी मिली। खेती को बचाने के साथ-साथ आजादी के आंदोलन में किसान सहभागी बने थे। औपनिवेशिक काल में का दौर रहा हो या आज के दौर हो किसानों को निम्न समस्याओं से गुजरना पड़ा है।

खतिहर मजदूरों का शोषण खतिहर मजदूर को बथुआ मजदूर जमीनदार द्वारा बनाया गया था। मजदूरी काफी कम थी काम के घंटे लंबे थे। यह कोविड19 के समय में सच गया कि दुनिया में सब कुछ बंद हो सकता है, लेकिन खेती चलती रहेगी। इसी को देखकर दुनियाभर के उद्योगपति अब खेती की ओर अपनी नजरें लगा दिए हैं और किसी भी प्रकार से खेती को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। यदि देश का किसान खेत से हट जाए तो फिर खेती कौन करेगा और बढ़ती आबादी को भोजन कहां से आएगा। किसानों की समस्या का समाधान ही विकास का रास्ता बनाएगा। किसान परेशान तो विकास बाधित होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# उच्च शिक्षा में फिसलता बेटियों का अनुपात

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास की एक संयुक्त पहल के रूप में अनुगत और अभिसरित सार्थक प्रयासों के अंतर्गत बालिकाओं को संरक्षण और सशक्त करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हरियाणा के पानीपत में 22 जनवरी, 2015 को की थी।



लेखक : सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर

एक रिपोर्ट के मुताबिक दस साल पूर्ण होने के बावजूद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में भारत में बेटियों की उच्च शिक्षा की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। यह अभियान इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना था। सरकार ने कई नीतियां और योजनाएं लागू कीं, जिनका लक्ष्य लड़कियों के लिए शिक्षा के अवसर बढ़ाना और समाज में लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना था।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। जबकि वास्तविकता अभी भी इसके विपरीत बनी हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और अन्य सरकारी रिपोर्ट्स इस बात की पुष्टि करती हैं। इस योजना के 10 वर्षों में लिंगानुपात में सुधार देखा गया है। हालांकि, बालिकाओं की शिक्षा और महिला सुरक्षा के क्षेत्रों में अभी भी चुनौतियां बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर लड़कियों का नामांकन दर अपेक्षाकृत कम है। बालिकाओं के स्कूल नामांकन में वृद्धि हुई है, लेकिन उच्च शिक्षा तक उनकी पहुंच अभी भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। मुख्य कारणों में आर्थिक स्थिति, सामाजिक कुरीतियां, विवाह का दबाव और सुरक्षित परिवहन की कमी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है। कई परिवार अब भी लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता नहीं देते, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में भी उच्च शिक्षा में लैंगिक अनुपात लड़कों के मुकाबले लड़कियों के पक्ष में नहीं है। इसके अलावा, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी एक बड़ी समस्या रही है। योजनाओं और नीतियों का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता।



शिक्षा के क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों और जागरूकता अभियानों की कमी ने भी इस समस्या को बढ़ावा दिया है। समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं लागू करना पर्याप्त नहीं है। समुदायों को शिक्षा का महत्व समझाने और सामाजिक दृष्टिकोण बदलने के लिए जागरूकता अभियानों को मजबूत बनाना होगा। साथ ही, लड़कियों की शिक्षा के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा और वित्तीय सहायता भी सुनिश्चित करनी होगी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हर बेटी को शिक्षा के समान अवसर मिलें और वह अपने सपनों को साकार करने में सक्षम हो। इसके लिए सरकार, समाज और परिवारों को मिलकर काम करना होगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों की दिशा में अहम योगदान दिया है।

हालांकि, इस अभियान के दस साल पूरे होने के बावजूद उच्च शिक्षा में बेटियों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। इसके पीछे सामाजिक, आर्थिक और संरचनात्मक चुनौतियां हैं, जिन्हें सुलझाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, समाज में बेटियों की शिक्षा को लेकर मानसिकता में बदलाव आवश्यक है। यह जरूरी है कि परिवार और समाज में यह संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

इसके अलावा, बेटियों को उच्च शिक्षा में विज्ञान, तकनीकी और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। इन्हें करियर काउंसलिंग और स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा सकता है। सामाजिक कुरीतियों और लैंगिक असमानताओं को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। यह तभी संभव है जब सरकार, समाज और शैक्षणिक संस्थान मिलकर एक समन्वित प्रयास करें। समस्या की जड़ में जाकर अगर इन सुधारों को लागू किया जाए, तो निश्चित रूप से बेटियों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की वास्तविक सफलता हासिल की जा सकेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**जब** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू चले तो यह सुशासन की गश्त बन गई। दरअसल इसी गश्त की जरूरत में पूरा हिमाचल चाहता है कि सरकारें सुशासन के कदमों पर चलें। दूसरी ओर राज्य को अगर अपने पांव पर चलना है तो जनता को भी इसी के साथ चलना होगा। प्रदेश तभी चलेगा, जब इसके खजाने में अपनी कमाई का प्रसार और फिजूलखर्ची के रिसाव में कमी आएगी। हमने जरूरत से ज्यादा ओढ़ ली ख्वाहिशें, दिक्कत यह कि परवरदिगार हमारे सपने में भी नहीं आता। इसी असंतुलन की लंबी परछाई को काटने के लिए प्रदेश की मानसिकता बदलनी होगी, वरना मुफ्त की बिजली और कर रहित सुविधाओं की बरसात में हिमाचल का बजट अकालग्रस्त होकर चकनाचूर हो जाएगा। आज विकास का प्रत्येक कदम इतने दलदल लांघ चुका है। केंद्रीय संस्थानों की मिट्टी भरते-भरते भी क्या प्रदेश को चूना लग रहा है। **राजा, रैत**

# वर्तमान समाज में दरकने लगी हैं खूनी रिश्तों की दीवारें

वर्तमान समाज में खूनी रिश्तों में इतनी नफरत बढ़ रही है कि खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे है। रिश्तों में आ रही कड़वाहट एक त्रासदी बन रही है आज जर, जोरू, जमीन के कारण रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है। जायदाद के लिए बेटे मां-बाप को मौत के घाट उतार रहे हैं। सहनशीलता न होने के कारण आज ऐसी वारदातें हो रही हैं कि आत्मा सिहर उठती है। भाई-भाई एक दूसरे की हत्या कर रहे हैं। आज रिश्तों की परिभाषा बदलती जा रही है रिश्तों में पाश्विकता आ गई है। आज भेड़ बकरियों की तरह एक दूसरे का खून बहाया जा रहा है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह बहुत ही लज्जाजनक है कि बेटे मां-बाप के खून के प्यासे हो रहे है। रिश्तों की डोर ढीली पड़ती जा रही है आज का इंसान माया के कारण इतना अंधा हो गया है कि रिश्तों की अहमियत भूलता जा रहा है। अपनों के खून से ही अपने हाथ रंग रहा है। देश में ऐसी वारदातें हर रोज घटित हो रही है। प्रतिदिन समाचार पत्रों में ऐसी घटनाएं सुर्खियां बनती है। जिन मां-बाप ने सैकड़ों कष्ट झेलकर अपने बच्चों पर आंच तक न आने दी, वही आज उनके दुश्मन बन गए हैं, अपना पेट काटकर जिन्हे पाला आज यमराज बन गए है बेरहमी से काट रहे हैं प्रलय की आहट है इस पर मंथन करना होगा। इसके कारण ढूंढने होगें, देश में ऐसी वारदातों के आंकड़ों में बेतहासा वृद्धि हो रही है। आज से कुछ दशक पहले ऐसी स्थिति नहीं थी, इतिहास गवाह है कि खून के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि भाई-बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे, मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा है।

मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है। आज संपत्ति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। रिश्तों में सामजस्य स्थापित करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नए युग का सूत्रपात हो सके। यह समाज हित में है। रिश्तों की दीवारें दरकने लगी हैं इन दीवारों को बचाना होगा क्योंकि यदि दीवार का एक भी पत्थर निकल जाए, तो दीवार कभी भी धराशायी हो सकती है।



रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए खूनी रिश्तों की बलि चढ़ाई जा रही है। रिश्तों के रूप बदलते जा रहे हैं, रिश्तों में छल -कपट घर करता जा रहा है। समाज का यह विकृत चेहरा बेहद भयानक है यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई, तो आने वाला कल निश्चित रूप से घातक सिद्ध होगा। रिश्तों पर जमी नफरत की इस बर्फ को पिघलाना होगा। खूनी रिश्तों को अटूट बनाना होगा। एक उदारवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि समाज में आ रहे इस तरह के संकट से मुक्ति मिल सके और खूनी रिश्तों में मिठास घुल सके। बढ़ती महत्वकाक्षाएं भी रिश्तों के विघटन का कारक बन रही हैं। संपत्ति के कारण आज न जाने कितने परिवार खत्म हो गए और कितने ही सलाखों के पीछे हैं। मानव धनलिप्सा की मृगतृष्णा में फंसता जा रहा है वह अपनी सोचने की शक्ति खो चुका है।

इस मृगमरीचिका का परिणाम क्या होगा। इसके पीछे मानव वैसे ही भाग रहा है जैसे हिरन पानी के पीछे भागता है। आखिर समाज किस ओर जा रहा है यह बहुत ही चिंतनीय है कि लोग समस्या का समाधान करने के बजाए हिसां का रास्ता अपनाकर जघन्य अपराधों को कर रहा है यह बहुत ही घातक है।

जमीन के टुकड़ों के लिए खून बहाया जा रहा है। समाज के बुद्धिजीवी लोगों पर इस पर मंथन करना होगा। इन वारदातों पर रोक लगानी होगी। समाज को मिलजुल कर इस पर संज्ञान लेना होगा। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए खूनी रिश्तों की बलि चढ़ाई जा रही है। आज संवेदनाएं मृतप्राय: हो चुकी हैं। खून के रिश्ते अर्थहीन होते जा रहे हैं। एक समय था कि रिश्तों में मिठास होती थी, लेकिन आज खटास आती जा रही है। आज जमीन के एक छोटे से टुकड़े के लिए हत्या की जा रही है। आज संपत्ति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। रिश्तों में सामजस्य स्थापित करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नए युग का सूत्रपात हो सके। यह समाज हित में है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# काश ! समाचार पत्र पढ़ने का दौर फिर से लौट आए

भारतीय समाचार पत्र दिवस हर साल 29 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय समाचार पत्रों और उनके महत्व को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। भारत में समाचार पत्रों की शुरुआत का सम्मान करने के लिए निर्धारित एक दिन को भारतीय समाचार पत्र दिवस के रूप में जाना जाता है। इस दिन का उद्देश्य भारतीय समाचार पत्रों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक

29 जनवरी, 1780 को पहला भारतीय समाचार पत्र प्रकाशित हुआ था। पहला साप्ताहिक प्रकाशन 'हिकी का बंगाल गजट' कहलाता था, जिसे 'कलकत्ता' भी कहा जाता है। संचार का एकमात्र रूप जो निषेधात्मक रूप से महंगा नहीं था और उपयोगी जानकारी प्रदान करता था, वह था प्रिंट या समाचार पत्र।

उस समय समाचार पत्रों ने काम करने के तरीके को बदल दिया। जब समाचार को लक्षित दर्शकों तक पहुंचने में कई दिन लगते थे, लेकिन अंग्रेज इस बात से अवगत थे कि समाचार पत्र उनकी सरकार को कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन्होंने 1782 में उन्हें प्रकाशित करना बंद करने का फैसला किया। अखबार ने गरीबों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व के साथ कराधान के अधिकार की वकालत की, जबकि वर्जित विषयों और प्रोटो-क्लास चेतना पर बहस की। इसने जनता को शोध द्वारा समर्थित चित्र और आकर्षक लेख प्रदान किए, ताकि वे मूल्यांकन कर सकें कि उनके लिए क्या उपयोगी था और क्या नहीं। समाचार पत्र हर दिन नई कहानियों से भरे होते हैं जो बच्चों को नए शब्दों से परिचित करा सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी शब्दावली का विस्तार करने और अपने संचार कौशल में सुधार करने में मदद मिलती है। समाचार पत्र हमें नए शब्द सीखने में मदद करते हैं। समाचार पत्रों से पढ़ने के कौशल में सुधार होता है।



**भारतीय समाचार पत्र दिवस विशेष**

बच्चों को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़कर उनके पढ़ने और समझने के कौशल में सुधार किया जा सकता है। समाचार पत्र विश्लेषणात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। समाचार पत्रों में विचार और वर्तमान घटनाएं जीवंत हो जाती हैं। दुनिया में वर्तमान घटनाओं के बारे में चर्चाएं उनके बारे में समाचार पत्र लेख पढ़कर शुरू की जा सकती हैं। समाचार पत्र दुनिया के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की न्यूजफीड युवा लोगों के लिए अपने समुदायों और रुचियों के बाहर की दुनिया को पहचानना और समझना चुनौतीपूर्ण बना सकते हैं।

समाचार पत्र नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं। समाचार पत्रों के बिना युवा लोग अपने पड़ोस में मौजूद सामाजिक समस्याओं के बारे में कभी नहीं जान पाएंगे जो पूरे देश और दुनिया भर के लोगों को प्रभावित करती हैं। समाचार पत्र पढ़ना मनोरंजक है। समाचार पत्र कंप्यूटर, टैबलेट और स्मार्टफोन से एक योग्य ब्रेक प्रदान करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के चलते चाहे आजकल समाचार पत्र का चलन कुछ कम हो रहा है मगर फिर भी समाचार पत्र को पढ़ना आज भी बहुत से लोगों की एक अच्छी आदत है। आजकल तो मोबाइल में ही सारे समाचार पत्र पढ़ने को मिल जाते हैं। भारतीय समाचार पत्र दिवस इस बात की पुष्टि करता है कि आज भी समाचार पत्र हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### मंडी के बाबा भूतनाथ के स्वयंभू शिवलिंग का मक्खन से हुआ लेप

# महाशिवरात्रि तक नहीं होगा जलाभिषेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 की विधिवत रस्में बीती देर रात से शुरू हो गई हैं। इसमें अखंड परंपरा का निर्वहन करते हुए तारा रात्रि को बाबा भूतनाथ का मक्खन के लेप से शृंगार किया गया और अब अगले एक महीने तक हर रोज महादेव अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे। देर रात अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर अंतिम जलाभिषेक भी किया गया। इसके उपरांत स्वयंभू शिवलिंग पर मक्खन चढ़ाकर परंपरा निभाई गई।

तारा रात्रि पर संपन्न हुए पहले शृंगार में 21 किलोग्राम से अधिक मक्खन से बाबा भूतनाथ का सुंदर शृंगार किया गया। एक माह यानी महाशिवरात्रि महोत्सव तक बाबा भूतनाथ का जलाभिषेक नहीं होगा।

इस दौरान प्रतिदिन मक्खन चढ़ाया जाएगा और बाबा भूतनाथ अलग-अलग स्वरूपों में दर्शन देते रहेंगे। महाशिवरात्रि के दिन बाबा भूतनाथ से मक्खन को हटाकर जलाभिषेक दोबारा आरंभ होगा जो अलगे वर्ष तक जारी रहेगा। आज तारा रात्रि की पावन बेला पर स्वयंभू शिवलिग बाबा भूतनाथ के घृतमंडल का शृंगार मक्खन से किया गया। वहीं डीआईजी सेंट्रल रेंज मंडी सौम्या सांबशिवन भी बाबा भूतनाथ मंदिर में मौजूद रहीं और उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक किया और तत्पश्चात मक्खन भी अर्पित किया।

**बाबा भूतनाथ देश में मौजूद महादेव के विभिन्न स्वरूपों में अगले एक महीने तक देंगे दर्शन**



माखन का लेप करते हुए।

**21 किलो से अधिक मक्खन से हुआ बाबा भूतनाथ का शृंगार**

**तारा रात्रि से महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू**

**बाबा** भूतनाथ मठ मंदिर मंडी के महंत देवानंद सरस्वती ने कहा कि तारा रात्रि से महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए बाबा भूतनाथ को माखन चढ़ाने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि हर दिन बाबा भूतनाथ को एक महीने तक माखन चढ़ाया जाता है और महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व मक्खन उतारा शिवलिंग से उतारा जाता है। इसके उपरांत महाशिवरात्रि पर बाबा भूतनाथ के शिवलिंग का जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू होता है। इस बार 21 किलोग्राम मक्खन से शिवलिंग का लेप किया गया है।

### बाबा भूतनाथ मंदिर में हर दिन भगवान शिव के अलग-अलग रूपों में होगा शृंगार

**मंडी** के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव से एक माह पूर्व बाबा भूतनाथ मंदिर में प्राचीन समय से मक्खन चढ़ाने की परंपरा को कायम रखते हुए हर रोज भगवान शिव के अलग-अलग रूपों में शृंगार किया जाता है। इस प्रकार का शृंगार अपने आप में अनूठा है। इसमें प्रतिदिन एक महिने तक बाबा भूतनाथ अपने असली स्वरूप के अलावा अन्य स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देते हैं।

### व्यवस्था परिवर्तन की भेंट चढ़ा टिहरा मल निकासी योजना प्रोजेक्ट : यश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धाड़ता क्षेत्र की कोट पंचायत के कोट वार्ड में पूर्व सरकार से स्वीकृत मल निकासी योजना का कार्य शुरू होते ही बंद कर दिया गया। कोट वार्ड में मल निकासी योजना का सर्वेक्षण पूर्व भाजपा सरकार के दौरान पूर्व में रहे जल शक्ति के कर कमलों से भूमि पूजन कर दिया गया था और नाबार्ड से इस योजना के लिए 5 करोड़ बजट भी स्वीकृत करवा दिया था।

इस योजना में क्षेत्र की ग्रयोह पंचायत के ठाना वार्ड और सधोट पंचायत के अंतर्गत आने बाले रोसो वार्ड का काम शुरू होते ही व्यवस्था परिवर्तन की भेंट चढ़ गया, कोट गांव की बात करें तो यहां पर मल निकासी योजना के लिए पाइपों को बिछाया जा रहा था। इस योजना के समस्त गांव वासी पूर्व मंत्री व सात बार के विधायक आदरणीय महेंद्र सिंह का धन्यवाद करते हुए इस योजना से काफी खुशी जाहिर कर रहे थे कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इस योजना के कार्य को बंद कर दिया गया। जल शक्ति विभाग टिहरा के सहायक अभियंता डीपी गुप्ता ने बताया कि कार्य क्यों बंद किया गया है इस बारे कंपनी को नोटिस जारी किया गया है और उनके जवाब का इंतजार है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कार्यशाला में बोले उपायुक्त

# लिंग अनुपात में सुधार के लिए हर नागरिक का जागरूक होना जरूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी कार्यान्वयन जरूरी है। उपायुक्त जिला परिषद भवन मंडी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत पोक्सो और पीएनपीएनडीटी एक्ट की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग मंडी द्वारा किया गया था। कार्यशाला में जिला पुलिस और विभिन्न विद्यालयों से अध्यापक और बाल अधिकारों का कार्य कर रहे एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के बारे में भी जागरूक किया गया। अपूर्व देवगन ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को चले 10 वर्ष हो गए हैं और जिला ने इसके अंतर्गत जिला में काफी उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि समाज का अभिन्न अंग होने के कारण हम सभी को इस कार्यक्रम सहयोग देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकने और उसमें वृद्धि करने के लिए पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट बारे हर नागरिक का जागरूक होना महत्वपूर्ण है।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी व साथ हैं अन्य।

कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के तौर पर नरेश अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पोक्सो, विवेक डोगरा उप जिला न्यायवादी ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, डॉ दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक(पीसीपीएनडीटी) एक्ट और डीएसपी सुंदरनगर भरत भूषण ने इन तीनों अधिनियमों में पुलिस की भूमिका पर अवगत करवाया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग पर पीसीपीएनडीटी को लागू करने का दायित्व है। इसे लागू करने में स्वास्थ्य विभाग का अहम योगदान है। गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग की का न पता चले। इसका प्रयास किया जाता है। पोक्सो के तहत मामला दर्ज होने पर 16 वर्ष से कम आयु की पीड़िता को 21 वर्ष की आयु तक 7500 रुपए मासिक दिया जाता है। जिला कल्याण अधिकारी समीर ने युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सामूहिक तौर पर कार्य करने पर बल दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### भूकंप और भू-स्खलन पर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से 28 से 30 जनवरी तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सम्मेलन कक्ष में भूकंप और भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ आज यहां उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का आह्वान करते हुए प्रशिक्षण के महत्व और आपदा न्यूनीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण विकास, नगर निगम मंडी, वन विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर एवं ग्राम नियोजन, हिमुडा, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड और एचपीपीसीएल के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर पार करते हैं मार्ग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन के एक बड़े भाग में फ्लाईओवर की सुविधा बड़े पैमाने पर न होने से लोगों को बड़ा खतरा उठाकर केंद्राधीन इस मार्ग को पार करने के लिए मजबूर हैं। भीड़भाड़ वाले इलाके एवं फोरलेन से सीधे तौर पर जुड़े कनैड़ के यहां यह सब देखा जा सकता है क्योंकि यहां जहां एक बड़ा व्यापारिक स्थल है वहीं यहां पर दस जमा दो स्कूल के होने सहित और भी सरकारी एवं बड़े नीजि संस्थान भी है ऐसे में यहां अन्य कई क्षेत्रों के लोगों का भी आना जाना लगा रहता है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि कनैड़ जैसे महत्त्वपूर्ण स्थल में फोरलेन पर फ्लाई ओवर निर्मित करने की मांग लंबित पड़ी है और यह सुविधा अभी तक न देने के लिए राजमार्ग प्राधिकरण शायद भयंकर दुर्घटनाएं होने की लंबी सूची का इंतजार कर रहा है ऐसा उदासीन रवैया बरतना कनैड़ स्कूल के बच्चों के लिए भी किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है। लोगों ने राजमार्ग प्राधिकरण तथा मंडी से लोकसभा की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही विशाल कस्बे की ओर तब्दील हो रहे कनैड में फ्लाईओवर बनाने के लिए कारगर कदम उठाए।(अनंत ज्ञान)

### कंटीली झाड़ियों की गिरफ्त में महादेव पंचायत के रास्ते

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र के एक बड़े भाग में मनरेगा के तहत बने पक्के रास्ते उपेक्षित हालत में हैं जो कंटीली झाड़ियों इत्यादि की गिरफ्त में होने से भी लोगों को खासी दिक्कत पेश आ रही है। ऐसी ही ग्राम पंचायत है महादेव जिसके एक बड़े भाग में जहां बास मारती कई तरह की गंदगी फैल प्रदूषण फैला रही है वहीं रास्ते-मार्गों के यहां से नाक ढककर गुजरना पड़ता है। बुरी हालत में गांव घुकनू से गांव अप्पर बैहली को जाते पक्के रास्ते का है जो पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा के अंतर्गत बनाया तो जरूर गया है मगर रास्ते की सही ढंग से देखरेख नहीं की जा रही है क्योंकि यह पुराना रास्ता कंटीली झाड़ियों आदि की गिरफ्त में है। ऐसी स्थिति में राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि वोट बटोरू पंचायत प्रतिनिधि बाबू बन फिर रहे हैं और जिनका ध्यान समाजसेवा के दृष्टिगत जनहित के कार्य में दिलचस्पी न के बराबर है क्योंकि जमीनी स्तर के कार्य जरा भी देखने को नहीं मिल रहे हैं। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही रास्तों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर तमाम तरह का सुधार करने के लिए कारगर कदम उठाए।

### राठौल में युवक पर जानलेवा हमला,केस दर्ज

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** रठोल में जमीनी विवाद के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा पुलिस थाना बल्ह में दर्ज करवाई गई है। शिकायतकर्ता विजय कुमार पुत्र सीता राम ने बताया कि वह राशन लेने के लिए राशन की दुकान का रहा था। उसी समय वहां मीणा देवी व उसका बेटा सामने से आ रहा था मैंने देखा कि दोनों हाथ में दरात व डंडा लेकरेटी ओर दौड़ रहे हैं। गनीमत रही की मोबाइल का कैमरा ऑन कर दिया। जब बह मेरे नजदीक आए तो मीना देवी ने काटने की धमकी दी। विजय कुमार ने बताया कि दोनों मां-बेटा मेरे पीछे लगभग एक किलो मीटर तक दराट व डंडा लेकर भागते रहे । मुझे बार-बार यही धमकियां देते रहे कि इसको काट ही देंगे। पुलिस थाना बल्ह में विजय कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच की जा रही है। विजय कुमार ने इस घटना की वीडियो बनाई है जिसमें साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि कोई उसके पीछे पड़ा है तथा तेजधार हथियार से हमला कर रहा है। थाना प्रभारी बल्ह कर्ण का कहना है कि लड़ाई झगड़े को लेकर थाने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता व आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# जल शक्ति मंडल पधर में 6 पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, पधर**

अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल पधर में पैरा कुक और पैरा हेल्पर के कुल 6 पद भरे जाएंगे, जिसमें पैरा कुक के 2 और पैरा हेल्पर के 4 पद भरे जाने हैं।

जानकारी के मुताबिक आवेदन 3 फरवरी से 15 फरवरी तक जमा किए जा सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन विभाग स्वीकार नहीं करेगा। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पैरा कुक के लिए शैक्षणिक योग्यता मैट्रिकुलेशन तथा उसके पास फूड क्राफ्ट संस्थानों से कम से कम छह महीने का डिप्लोमा होना चाहिए। हिमाचली स्कूल से 10वीं पास करने की शर्त वास्तविक हिमाचली पर लागू नहीं होगी। अभ्यर्थी के पास सरकार द्वारा अनुमोदित होटल प्रबंधन संस्थान या खाद्य उत्पादन संस्थान से किसी भी ट्रेड में डिग्री, डिप्लोमा होना चाहिए या न्यूनतम किसी भी सरकारी या निजी संस्थान से खाना पकाने में पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार के पास हिमाचली बोनाफाइड, अभ्यर्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार की सरकार, पीएसयू, चरित्र प्रमाण पत्र व अभ्यर्थी जल शक्ति सर्किल सुंदरनगर, जिला मंडी के अंतर्गत आने वाला व क्षेत्र का स्थायी निवासी होना चाहिए।

# मंडी के बच्चों ने की चंडीगढ़ की सैर



चंडीगढ़ की सैर करने के दौरान मंडी के बच्चे व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट दर्जा प्राप्त मंडी के बच्चों ने तीसरे व आखिरी दिन चंडीगढ़ की सैर की। ये चंडीगढ़ अटारी वाघा बार्डर से देर रात पहुंचे थे। बच्चों ने चंडीगढ़ में नेक चंद रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन तथा 17 सेक्टर मार्केट का भ्रमण किया।

**वाघा बार्डर में बच्चों ने देखी रिट्रीट सेरेमनी**

वाघा बार्डर में भी वे भारतीय जवानों के जज्बे को देखकर काफी उत्साहित थे और कई बच्चों ने आर्मी ज्वाइन करने की प्रेरणा भी रिट्रीट सेरेमनी देखकर ली।

वाघा बार्डर में बीएसएफ जवानों की परेड, डांस मूव, बहादुरीयुक्त करतब, अपने देश के झंडे के प्रति समान और देश की सुरक्षा के लिए उनकी आन, बान शान देखकर बच्चे बड़े प्रभावित हुए।

**वीआईपी पास की व्यवस्था होने से नजदीक से देख पाए रिट्रीट सेरेमनी**

एडीसी रोहित राठौर ने बच्चों के लिए वीआईपी पास की व्यवस्था करवा दी थी जिससे भारतीय जवानों और पाकिस्तानी रेंजर्स की इस परेड सेरेमनी को बड़ी नजदीक से देखने का मौका मिला।

### बिजली बंद रहेगी




**अनंत ज्ञान, मंडी।** विद्युत अनुभाग तल्याहड़ के अंतर्गत आने वाले तल्याहड़ तथा पंजेठी के आस-पास के क्षेत्रों में 29 और 30 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बीच-बीच में बाधित रहेगी।

इस दिन विभाग तल्याहड़ तथा पंजेठी के आस पास एलटी लाइनों की मुरम्मत, पीसीसी पोल को लोहे के पोल से बदलने तथा एचटी लाइन का कार्य करेगा। बारिश होने पर यह काम अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी विद्युत उप-विभाग मण्डल-2 मंडी के सहायक अभियन्ता ई. विनीत ठाकुर ने दी तथा जनता से सहयोग की अपील की है।

# देवभूमि क्षत्रिय संगठन और स्वर्ण मोर्चा की कार्यकारिणी का होगा विस्तार : तुलेश

**अनंत ज्ञान, मंडी**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा सराज मंडल की मुख्य कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन नेचर पार्क बाखली में जय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य कार्यकारिणी द्वारा आने वाले फरवरी माह की 9 तारीख को कार्यकारिणी विस्तार का निर्णय लिया गया है।

संगठन के मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई कि अभी तक संगठन की नींव रखने हेतु अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं सलाहकार सहित चार दायित्वों को ही आवंटित किया गया है, इसलिए कार्यकारिणी का विस्तार अति अनिवार्य है।



सराज के सभी क्षेत्रों से सदस्य जोड़ कर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नए दायित्वों की घोषणा की जाए। महासचिव मोहिंद्र पाल द्वारा ने कहा कि सराज के लोग संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु आगे आए ताकि सामान्य वर्ग के अधिकारों के प्रति संघर्ष को और तीव्रता प्रदान की जाए।

### स्वास्थ्य सेवा के लिए आभा आईडी जरूरी

**मंडी।** जिला स्तरीय आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने बताया कि आधुनिक काल में हर क्षेत्र की सेवाओं का डिजिटलाइजेशन हो रहा है। इसके तहत सभी स्वास्थ्य संस्थान, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इस पोर्टल पर पंजीकृत होंगे। स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए सभी नागरिकों को अपनी आभा आईडी बनानी होगी। इसका उद्देश्य कार्य को पेपर लेस करना है। पंजीकृत प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए डिजिटल पर्ची बना सकता है।

# गाड़ी रोककर मारपीट करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

ग्राम पंचायत टौरजाजर मंडप में सोमवार को एक गाड़ी को रोक कर ड्राइवर व उसके साथी से मारपीट करने का मामला सामने आया है।


धर्मपुर थाना में सुनील कुमार पुत्र बीरबल गांव चनौता डाकघर ब्रांग उम्र 29 वर्ष के बयान पर मुकद्दमा दर्ज हुआ है। सुनील ने बताया कि वे अपने ड्राइवर सुनील गारला पुत्र जसवंत गांव मोरला के साथ अपनी गाड़ी टेंपो नंबर एचपी 76-6298 पर पंचायत की प्लेटें लेकर चनौता से चौकी गए थे और वहां प्लेटें उतार कर वापस मंडप होकर घर आ रहे थे कि चौकी रोड पर इन्हें रास्ते में तीन लड़के विशाल,नब्बू और सतीश मिले और जैसे ही यह दोनों गाड़ी से निकले विशाल ने बीयर की बोतल इसके सिर पर मारी और सतीश ने डंडा लेकर इसके ऊपर हमला किया।

सुनील की शिकायत पर धर्मपुर पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन करने में जुट गई है। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने कहा कि आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सिंचाई योजना के बने चैंबर के खुले ढक्कनों से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव**

बीएसएल परियोजना की नहर से सिंचाई के लिए संबंधित विभाग ने प्रबंध तो किया है मगर सही ढंग का ताला बंद कार्य नहीं किया है जिससे सुंदरनगर के एक बड़े भाग में ये चैंबर उपेक्षित हालत में हैं क्योंकि किसानों को बुकिंग करवाने पर खेतों में पानी की सुविधा तो जरूर है लेकिन कुछेक लोग स्वयं ही पानी खोलने का जुगाड़ फिट किए हुए है जिससे पूरा पानी इसलिए भी नहीं मिलता क्योंकि दूसरी जगह अन्य किसान खुद ही ऐसा ही जुगाड़ लगाकर पानी खोल देता है जिससे एक बड़ी अव्यवस्था वर्षों से बनी हुई है।



लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से मांग की है कि सिंचाई संबंधी उक्त चैंबरों के लिए ताला बंद सिस्टम की सुविधा की जाए।

# डलाह पंचायत होगी कचरा मुक्त

**कविता, पधर**

ग्राम पंचायत डलाह को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विनय चौहान ने की। इस दौरान पंचायत के अंतर्गत ठोस और तरल और सिंगल प्लास्टिक कूड़े कचरे के सुरक्षित निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

वहीं स्थानीय बाजार के व्यापारियों को साफ सफाई रखने और कूड़े कचरे के निपटारे को लेकर निर्देश जारी करने बारे भी योजना बनाई। इसके अलावा स्वच्छता शुल्क के साथ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने बारे भी चर्चा की। खंड विकास अधिकारी विनय चौहान ने कहा कि गांवों और पंचायत क्षेत्रों में कूड़े-कचरे का सही प्रबंधन बहुत जरूरी है।

**पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए किया मंथन**

कचरा संग्रहण वाहन को नियमित रूप से गांव गांव भेजा जाए। जैविक कचरे से खाद बनाने के लिए गांव में कंपोस्टिंग केंद्र बनाए जाएं। वहीं प्लास्टिक और अन्य पुन: उपयोग योग्य कचरे को रिसाइक्लिंग इकाइयों तक पहुंचाने की व्यवस्था करे। इसके लिए पंचायतें विभिन्न सरकारी योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण स्वच्छता अभियान और मनरेगा के तहत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कूड़ा निपटान के लिए वित्तीय सहायता, मशीनरी और अन्य संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं।

उन्होंने ग्राम पंचायत डलाह के शहरी डलाह वार्ड और अन्य लोगों से अपील की है कि वह सुखा और गीला कचरा व एकल प्लास्टिक, को अलग रखें, उनसे यह प्रति दिन प्राप्त किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** धनोटू थाना के तहत महादेव निवासी महिला ने देवर-देवरानी पर मारपीट का आरोप लगा कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में कमला देवी ने कहा है कि इसके देवर ने उनकी मलकियत वाली भूमि पर पानी की टंकी रख दी। जब उसने इसके बारे में पूछा तो उसके साथ गाली गलौज करने लगा और टंकी उसके ऊपर फेंक दी। महिला का आरोप है कि देवरानी ने उसके साथ गाली गलौज व हाथापाई की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है।

**परेशानी** लोग निजी वाहनों में किराया देकर कर रहे सफर

# रिकांगपिओ-धर्मपुर बस सेवा एक सप्ताह से बंद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

रिकांगपिओ-धर्मपुर वाया पटड़ीघाट और धर्मपुर से रिकांगपिओ चलने वाली बस सेवा पिछले एक सप्ताह से नही चल रही हैं जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गरीब लोगों को निजी वाहनों में भारी भरकम किराया देना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि लचन्द , उप प्रधान वीरी सिंह, ग्राम पंचायत ढलवान के प्रधान लाल सिंह, उप प्रधान सुनील ठाकुर, राम प्यारी, ललिता देवी, अंकु, रामेश्वर, श्याम लाल, दीपक, सुरेंद्र कुमार, सुमन, हरिचंद, इस्वर दास, उमा वती, हरी राम, पीताम्बर लाल, योग राज, मनोज कुमार, सुनील कुमार, शिवम, रवि चंद, पवन कुमार, अनिल कुमार आदि कहना है की यह बस सेबा सुबह और शाम को हमारी पटड़ीघाट व ढलवान से गुजती थी परंतु पिछले लगभग दो सप्ताह से यह बस सेबा पथ परिवहन निगम द्वारा बंद कर दी है ।

**बस सेवा बहाल न होने पर लोग करेंगे प्रदर्शन**




बस सेबा के बंद होने से स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पथ परिवहन निगम धर्मपुर से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द बस सेवा को बहाल किया जाए अन्यथा लोग धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### चालकों की कमी दूर होने पर बस सेवा होगी शुरू : प्रबंधक

कार्यकारी प्रबंधक धर्मपुर मेहर चंद ने बताया कि चालकों की कमी के कारण यह बस सेबा बंद हुई है जैसे ही चालकों की कमी दूर होगी बस सेवा को निरंतर चलाया जाएगा।

### उपरोजगार कार्यालय नेरचौक में साक्षात्कार तीन फरवरी को

**विनोद जस्वाल, नेरचौक।** रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करने के लिए अच्छा अवसर है। च्चयोट निधि लिमिटेड चैलचौक जिला मण्डी द्वारा क्लेकशन ऑफिसर के 4 पद, क्लर्क का 1 पद, फील्ड ऑफिसर के 3 पद तथा सहायक प्रबंधक का 1 पद भरने हेतू तीन फरवरी को उप रोजगार कार्यालय, नेरचौक में कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित शैक्षिणिक योग्यता बाहरवीं पास के साथ कम्पयूटर ज्ञान तथा किसी भी विषय में ग्रजुऐट पास है। चयनित आवेदको को 12075 से 13575 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जायेगा। सभी इच्छुक आवेदक दस बजे उप रोजगार कार्यालय, नेरचौक में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस में महादेव स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महादेव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीन स्वयंसेवी छात्राओं ने शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के दल का प्रतिनिधित्व किया। वहीं तीनों छात्राओं पायल चौहान, श्रेया ठाकुर और सृष्टि ठाकुर तथा कार्यक्रम अधिकारी ललिता कुमारी के पाठशाला पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वागत किया। जानकारी देते हुए जिला समन्वयक ललिता कुमारी ने बताया कि पाठशाला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीन स्वयंसेवी छात्राओं ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) लालपानी शिमला में आयोजित शिविर में 10 से 27 जनवरी तक भाग लिया।




छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य व साथ हैं अन्य।

स्वयंसेवियों ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को गणतंत्र दिवस पर सलामी दी।

प्रधानाचार्य राजेश सैनी, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान गुरनाम सिंह व समस्त पाठशाला ने तीनों स्वयंसेवी छात्राओं को बधाई दी है। प्रधानाचार्य ने कहा कि पाठशाला की तीन छात्राओं द्वारा राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेना एक गर्व का विषय है।

# हरोली के एक गांव में बारात पहुंची लेकिन नहीं मिला दुल्हन का घर

## पुलिस स्टेशन में हुआ खुलासा, बिचौलिए ने लड़के वालों को किया था गुमराह

नरेश सिंघा , टाहलीवाल


पुलिस स्टेशन में दुल्हा तथा बाराती मामले को लेकर पहुंचे, जहां बिचौलिए की कहानी का पता चला।

ऊना जिले के एक गांव से हरोली के एक गांव के लिए बारात तो पहुंची, लेकिन वहां न दुल्हन मिली और न ही उसका घर मिला। बारात देख गांव के लोग भी हक्के-बक्के हो गए। बाद में पुलिस स्टेशन में खुलासा हुआ कि बिचौलिए ने लड़के वालों को गुमराह किया था।

बताया जा रहा है कि ऊना जिले के एक गांव से आई बारात में लगभग 80, 90 लोग हरोली पहुंचे थे। जिस लड़के की शादी है, वह काफी परेशान था। बिचौलिए ने गलत जानकारी दी थी और कथित तौर पर जिस लड़की का पता बताया था, वह वास्तविक नहीं थी बल्कि काल्पनिक था। जब मोबाइल पर फोटो देखकर सप्ताह के भीतर ही रिश्ता तय हो गया। रिश्ते में फोन पर कार्यक्रम भी बिचौलिए ने तय करवा दिया। शादी का मुहूर्त और समय भी निर्धारित कर दिया गया, ऐसे में लड़का थोड़ा साधारण था और परिवार भी सामान्य था।

> हमारे गांव का मामला नहीं था, पड़ोस की पंचायत का था, इसमें बिचौलिए द्वारा लड़के के परिवार को गुमराह कर यह कहानी रची गई।
> -गुरदेव सिंह, ज्ञानी बाबा सिंगा

लड़के पक्ष के लोग मंगलवार को बारात लेकर निर्धारित गांव में पहुंच गए लेकिन वहां न तो बताए गए पते पर कोई घर मिला और न ही दुल्हन मिली। बिचौलिए को खोजने लगी बारात पुलिस स्टेशन पहुंच गई।

बिचौलिया किसी दूसरे स्थान पर छिपा हुआ था। जब उससे पूछा गया तो फिर बहाना लगाने लगा कि लड़की ने विषपान निगल लिया है। सब मनगढ़ंत बातें बिचौलिए द्वारा की जाती रहीं और बाद में पता चला कि वह लड़के पक्ष को मूर्ख बना रहा था।

देखते-देखते गांव में लोग इकट्ठे हो गए। इस मामले को सुलझाने के लिए गांव की पंचायत व थाना हरोली को इस मामले में अपना हस्तक्षेप करना पड़ा।

पंचायत के प्रधान का कहना है कि यह मामला हमारे गांव का नहीं था, यह सब कुछ बिचौलिए का रचा रचाया मामला था। जो भी हुआ गलत हुआ है। सभी को ऐसे मामलों को गहराई से सोचना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## जिला सीनियर कबड्डी टीम का चयन ट्रायल 2 को

अनंत ज्ञान, हरोली। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के लिए जिला ऊना के सीनियर वर्ग के लिए लड़कों की टीम का ट्रायल 2 फरवरी को समय दिन 12 बजे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूबोवाल में होगा। ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का वजन 85 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए और ट्रायल देने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की कॉपी और एक फोटो लेकर आएं। चयनित खिलाड़ी 6,7,8 फरवरी को पांवटा साहिब जिला सिरमौर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह जानकारी जिला कबड्डी संघ ऊना के प्रधान अश्विनी शर्मा ने दी।

## बच्चों का बताया स्वच्छता का महत्व

अनंत ज्ञान, बडूही। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैंसरी में मासिक धर्म स्वच्छता तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने की। शिविर में आयुर्वेदिक विभाग से डॉ. अनुपम शर्मा ने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी।

## रिपोह मिसरां की स्वयंसेवी का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक



बेटा भाग्य से और बेटी सौभाग्य से मिलती है। कुदरत की नियामत बेटियां जिस घर-परिवार में होती हैं, उस पर परवरदिगार की रहमत बरसती है। इन सूक्तियों को सार्थकता को समाज में आज बेटियां पूरी कर रही हैं। कुछ ऐसे ही जज्बे का प्रमाण राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्रा सिमरन कौंडल ने समाज के सामने प्रस्तुत किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिपोह मिसरां की छात्रा सिमरन कौंडल शिमला में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर अपने माता-पिता के साथ-साथ स्कूल और गांव का नाम रोशन किया।

स्कूल प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने बताया कि सिमरन कौंडल ने राज्य स्तरीय एनएसएस मेगा आरडी कैंप जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में आयोजित हुआ था, इसमें अलग-अलग जिलों से चुने 50 छात्र और 50 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें रपोह मिसरां की सिमरन भी थी। सिमरन कौंडल ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए अपनी जगह बनाई तथा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी, शिमला में प्री-गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया।

इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने स्कूल पहुंचने पर सिमरन कौंडल का भव्य स्वागत तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी मुकेश कुमार, रोमी, राकेश कुमार, अरुण कुमार, संजय डोगरा, दीपक, विशाल धीमान, बलबीर सिंह, सुरजीत कुमारी, अंजू वाला, कुसुम, पूनम, गुलशन, तरलोक आदि उपस्थित रहे।

## रोड सेफ्टी और साइबर क्राइम पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। पीएम श्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस मारवाड़ी में दौलतपुर चौकी प्रभारी एसआई रवि पाल शर्मा एवं एचसी गुरमेल सिंह ने विद्यालय में सड़क सुरक्षा नियमों, साइबर क्राइम तथा नशे के विरुद्ध बच्चों को जागृत किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना व बिना हेलमेट के वाहन चलाना अपराध है।

उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम जैसे जाल में न फंसने के बारे में जागरूक किया व नशे जैसी चीजों से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान एसआई रविपाल ने बताया कि अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। उन्होंने समझाया कि आप सभी बच्चे इस देश का भविष्य हैं, अपने माता-पिता की अनमोल संपत्ति हैं। जीवन बहुमूल्य है, जिसे व्यर्थ न गवाएं। प्रधानाचार्य निशा सेंटल ने उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर सभी अध्यापक सदस्य उपस्थित रहे।

# भंजाल स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के दिए टिप्स


भंजाल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल में रोड सेफ्टी पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें एस आई सुनील ठाकुर में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

उन्होंने बच्चों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने व बिना लाइसेंस वाहन न चलाने एवं सुरक्षित रूप से बाहर चलने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा, रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज राजन कुमार, अधीक्षक रजनी शर्मा, लेक्चरर अनु शर्मा, सुरेश ठाकुर, सीमा सोहाल, मुकेश सलारिया, सुनीता कुमारी, रमनीक बंसल, मनोज कुमार, मधु ठाकुर नरेश कुमार, सुनील ठाकुर, मनीष ठाकुर, अरुण कुमार, शिव कुमार, समृद्धि चौधरी, रामिका कुमारी, शशि कुमार, रतनी देवी, प्रकाशो देवी आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने सुनील ठाकुर सम्मानित किया।

## करियर प्वाइंट अकादमी बंगाणा के 45 युवा बने अग्निवीर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के छात्रों ने हमीरपुर रैली में युवाओं का पसीना बहाना सफल रहा। अकादमी प्रधानाचार्य कै. पीसी शर्मा ने बताया कि एआरओ हमीरपुर रैली भर्ती की शारीरिक परीक्षा में अकादमी का परिणाम 98 फीसद रहा जिसमें 68 छात्रों ने पहला स्थान प्राप्त किया और वर्ष 2024 में 6 जिलों के 57 युवा अग्निवीर बनकर सेवाएं दे रहे हैं, जिसमें जिला कांगड़ा से 17, चंबा से 7, मंडी से 9, कुल्लू से 5, रोहड़ू शिमला से 8, बद्दी सोलन से 11 युवा शामिल हैं।

अकादमी प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने चयनित युवाओं व उनके परिजनों को बधाई दी। उनका कहना है कि जो युवा भर्ती होने से पहले कड़ी मेहनत करेगा, वही युवा अंत में स्थाई रूप से फौजी भारतीय सेना में सेवाएं देने के लिए चयनित होगा। अब युवा आने वाली हिमाचल पुलिस व अग्निवीर की लिखित परीक्षा की। इस अवसर पर संस्था के अध्यापक साहिल शर्मा, अनिता कुमारी, मीना ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

# 1600 पुलिसकर्मी और होमगार्ड संभालेंगे मैड़ी मेले की सुरक्षा

## मैड़ी मेला 7 से 17 मार्च तक, होली मैड़ी मेले के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त जतिन लाल ने की बैठक

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमंडल अंब के तहत आयोजित होने वाला होली मैड़ी मेला इस वर्ष 7 से 17 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 14 मार्च को निशान साहिब (झंड़ा चढ़ाने) की रस्म अदा की जाएगी, जबकि 16 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को बचत भवन अंब में आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ऊना मेला अधिकारी तथा एसडीएम अंब को अतिरिक्त मेला अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना को मेला पुलिस अधिकारी तथा डीएसपी अंब को सहायक मेला पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।


होली मैड़ी मेले को लेकर बैठक करते डीसी।

इसके अलावा मेलावधि के दौरान 850 पुलिस जवान, 125 महिला पुलिस कर्मी और 750 होमगार्ड जवान मेला क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। उपायुक्त ने बताया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन के लिए मेला क्षेत्र को दस सेक्टरों में बांटा गया है ताकि यातायात, पार्किंग तथा स्वच्छता सहित अनेक प्रकार की अन्य व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मेला स्थल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा कैंप लगाए जाएंगे। इसके अलावा तीन अतिरिक्त सैक्टर ऊना से मैहतपुर, हरोली-पंडोगा और मरवाड़ी-मुबारिपुर भी बनाए जाएंगे जिनके सैक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित एसडीएम होंगे।

जतिन लाल ने बताया कि मेलावधि के दौरान आपात स्थिति में मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक-एक एंबुलेंस नैहरी, मैड़ी और चरण गंगा में उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा नेटवर्क की समस्या से निजात पाने के लिए बीएसएनएल, जियो और एयरटेल के प्रतिनिधि मेला क्षेत्र में ट्रांसमीटर और रिसीवर की व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि मेलावधि के दौरान नैहरी से मैड़ी तक यात्रियों को ले जाने के लिए पहली 100 टैक्सियों को स्पैशल परमिट संबंधित एसडीएम द्वारा जारी किए जाएंगे।

उन्होंने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ऊना को मेलावधिक के दौरान खाद्य सामग्री और प्लास्टिक के सामान का उपयोग न हो इसके लिए निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीडल्ब्यूडी सड़क रास्तों की सुचारु मरम्मत और जलशक्ति विभाग पेयजल की सुचाई सप्लाई तथा साफ-सफाई की व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई का जिम्मा सुलभ इंटरनैशनल को दिया गया है। मेले में खुले ट्रकों, ट्रालियों, टैम्पूयों सहित किसी भी मालवाहक वाहनों में आना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने आरटीओ, पुलिस और एसडीएम को मेलावधि के दौरान मालवाहकों में आने वाले यात्रियों की गाड़ियों के चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी। मेला क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउड स्पीकर धीमी आवाज में लगाने की अनुमति रहेगी। उपायुक्त ने मैड़ी स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों तथा सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मेले के सफल आयोजन में हरसंभव योगदान दें।

इस अवसर पर एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, बीडीओ ओम डोगरा, प्रधान मैड़ी खास ग्राम पंचायत रीना कुमारी, नैहरी की प्रधान नीलम कुमारी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के संचालक तथा सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# भुट्टो ने संस्था को दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, बंगाणा


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो व अन्य।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने होप संस्था चरोला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल बच्चों को प्रेरित किया, बल्कि संस्था की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में 39 बच्चों को कॉपियां और सौ-सौ रुपए के उपहार दिए गए, जबकि संस्था को शब वाहन हेतु 21 हजार रुपए और कार्यक्रम आयोजन के लिए 11 हजार रुपए की धनराशि भेंट की गई। गणतंत्र दिवस की शुरुआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें संस्था के सभी सदस्य, बच्चे और स्थानीय लोग शामिल हुए। गणतंत्र दिवस की महत्ता पर चर्चा करते हुए देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि यह दिन हमारे देश के लोकतांत्रिक संविधान और उसकी ताकत की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं है, बल्कि हमारे नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। भुट्टो ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा हमारा भविष्य इन बच्चों के हाथ में है और हमें उनकी शिक्षा और विकास के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे जरूरतमंदों की सहायता और कल्याण के लिए कार्य करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका व्यक्तिगत प्रयास हमेशा समाजसेवा और शिक्षा को प्राथमिकता देने का रहा है। होप संस्था जैसी संस्थाएं समाज में बदलाव का प्रतीक हैं और उनके कार्यों में मदद करना मेरा कर्तव्य है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष डेरा बाबा रुद्रानंद राजकुमार वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, महिला उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सुरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, उपप्रधान झंबर जीवन शर्मा, इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, बरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल राणा, भाजयुमो नेता अर्चित शर्मा, विशाल ठाकुर, नीतीश कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान एवं सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंगाणा प्रशासन और प्रेस के बीच दो फरवरी को होगा क्रिकेट मैच

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा में खेल और मनोरंजन को बढ़ावा देने ओर युवाओं को नशे से दूर रहने के उद्देश्य से 2 फरवरी को प्रशासन और मीडिया के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। यह मैच डुमखर मैदान में सुबह 11 बजे शुरू होगा। इस आयोजन को लेकर दोनों पक्षों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

प्रेस 11 के कैप्टन विपिन साजन ने बताया कि क्रिकेट मैच में हिस्सा लेने वाली 'प्रेस 11' टीम ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम के कप्तान बिपिन साजन होंगे। प्रेस 11 टीम में विभिन्न पत्रकार और मीडिया कर्मी शामिल होंगे, जो खेल के जरिए प्रशासन के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। दूसरी ओर, प्रशासन की टीम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। बंगाणा प्रशासन टीम के कैप्टन एवं उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि जल्द बंगाणा प्रशासन की टीम की घोषणा होगी और दोनों टीमें इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि आपसी सहयोग और समन्वय को भी बढ़ावा देना है। स्थानीय जनता भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित है। आयोजन समिति ने दर्शकों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि वे इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले का आनंद ले सकें। यह मैच न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक संबंधों को मजबूत करने का एक अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा।

बंगाणा की प्रेस 11 टीम में कैप्टन विपिन साजन, वाइस कैप्टन अनिल ठाकुर, जोगेंद्र देव आर्य, कृष्ण पाल शर्मा, राजेश ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, राजेश शर्मा, रणधीर कुमार, राम सिंह, अभिषेक कुमार विनोद शर्मा शामिल हैं।

# स्वयंसेवी हिना का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत


राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बढ़िया प्रदर्शन करने पर बुधान स्कूल की स्वयंसेवी हिना शर्मा को सम्मानित किया गया।

विनोद शर्मा, लठियानी

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी हिना शर्मा ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला में मार्चपास्ट में अन्य स्वयंसेवियों के साथ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मार्चपास्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समारोह में अन्य स्कूलों से भी कई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने अपने-अपने स्कूलों एवं जिले का प्रतिनिधित्व किया।

इसके बाद विद्यालय आगमन पर स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा हिना शर्मा का फूलों के हार पहनाकर अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी हिना शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवियों समाज को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया और पर्यावरण की रैलियों के माध्यम से जानकारी दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अंबिका रानी ने कहा कि शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर अन्य स्कूल के विद्यार्थियों को रहने के बारे में प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने हिना शर्मा से स्कूल के सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर हिना शर्मा के पिता अजय शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य एवं अन्य सभी शिक्षक विद्यार्थियों को बहुत ही अच्छे ढंग से समाज और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया की हिना शर्मा बहुत ही होनहार एवं हमेशा अनुशासन में ही रहती है , एवं अन्य बच्चों को भी प्रेरित करती है। इस मौके पर सतीश कुमार , प्रवीण शर्मा व अन्य सभी शिक्षक मौजूद थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी हिना शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह एवं अंबिका रानी को दिया।

# अपनी नाकामियां छिपाने के लिए लेना पड़ रहा खेलों का सहारा : देवी लाल

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक

गगरेट से कांग्रेस से कांग्रेसी नेता एवं युवा कल्याण बोर्ड की पूर्व निदेशक देवीलाल ने गगरेट भाजपा नेताओं द्वारा खेल के बहाने अपनी राजनीति चमकाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की विकास को लेकर कलई पूरी तरह से खुल चुकी है तथा अब वे खेलों के बहाने न सिर्फ युवाओं को बल्कि जनता को भ्रमित करने के लिए कोई कसर बाकि नहीं छोड़ रहे हैं, वह भी ऐसे समय में जब विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं को चंद दिन शेष बचे हैं।



देवीलाल ने कहा कि मजे की बात तो यह है कि इन खेलों के जरिए गगरेट भाजपा की गुटबाजी भी मैदान में उतर चुकी है। बात यदि सांसद खेल महाकुंभ की बात करें तो यह कार्यक्रम पूरी तरह से फ्लॉप हो चुका है। कागजों में ज्यादा टीमों के प्रवेश बताकर वाहवाही लूटने वाले भाजपा नेताओं को धरातल की स्थिति भी देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता पूरी मेहनत कर रहे हैं, जबकि सांसद खेल महाकुंभ में इन नेताओं की औपचारिकता भी साफ देखी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ से लोगों को भ्रमित करने का कार्य चल रहा है। भाजपा के नेता अपनी लांचिग के लिए जगह बना रहे हैं और अस्तित्व की जंग लड़ रहे हैं। इसमें दो बातें साफ दिखती हैं कि भाजपा खेलों के नाम पर राजनीति कर रही है और दूसरे यह खेल प्रतियोगिताएं कम और भाजपा के भीतर ही वर्चस्व को लेकर अंदर ही अंदर कोई भूचाल मचा हुआ है, पर ऐसे में एक प्रश्न यह भी उठता है कि जो खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनते हैं, उनको भी खेलों के नाम पर मिसयूज करने का हक किसी को दिया नहीं जा सकता है।

**आयोजन** समाज के हर जरूरतमंद को त्वरित सहायता पहुंचाई जा रही है : बबलू

# विधायक ने बांटे जरूरतमंदों को सहायता राशि के चेक

विवेक शर्मा, अंब


विधायक सुदर्शन बबलू पात्र लोगों को सहयोग राशि वितरित करने के बाद।

प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत समाज के लोगों को सहायता प्रदान की जा रही है। ऐसे सामाजिक कार्यों में सरकार ने किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया है। समाज के हर जरूरतमंद को त्वरित सहायता पहुंचाई जा रही है।

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने यह बात मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विश्रामगृह अंब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10 लाख 25 हजार रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित करते हुए कही। विधायक बबलू ने कहा कि कांग्रेस सरकार सभी के विकास में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर, युवा सहित हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। एक और जहां सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने पर जोर दिया है तो वहीं आम आदमी को भी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मेडिकल बिलों के 6.25 लाख, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटी की शादी के लिए दो लाख रुपए व ऐच्छिक निधि से 50 हजार रुपए के चेक वितरित किए।

इस मौके पर उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं और उनका मौके पर ही निवारण किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दिनकर शर्मा, जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता एचएस जस्सल, सहायक अभियंता भानू ओहरी, ब्लॉक कांग्रेस के निर्वतमान अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, परविंद्र वर्मा, पार्षद रितेश शर्मा, शरीफ दीन, असलम आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश सरकार ने पेंशनर्स और कर्मचारियों को हताश किया : वशिष्ट

अनंत ज्ञान, ऊना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल दिवस के अवसर पर पेंशनर्स व कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त न देकर हताश व निराश किया है। पेंशनर्स व कर्मचारियों को सरकार से बड़ी आस थी, लेकिन उन्हें मायूसी ही हाथ लगी है। यह बात भाजपा के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनरों को कुछ नहीं दिया है। सरकार पूरी तरह से पेंशनर्स और कर्मचारी विरोधी है। राजीव वशिष्ट ने कहा कि सरकार केवल अपने चहेतों की जेबें भरने का काम कर रही है। कर्मचारियों व पेंशनर्स को उनके लाभ देने के लिए इनके पास कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से पेंशनर्स व कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई लाभ नहीं दिया है। कर्मचारियों को एरियर नहीं दिया जा रहा है। मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी, 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनके लाभ नहीं दिए जा रहे है। अब सरकार कह रही है कि यह देनदारियां तो पिछली सरकार की हैं। डीए की किस्तें नहीं दी जा रही है। सरकार पेंशनर्स के मेडिकल बिलों पर कुंडली मारकर बैठी है।

उन्होंने कहा कि अब तो कर्मचारी व पेंशनर्स सरकार से उम्मीद खो रहे हैं। वशिष्ट ने कहा कि सरकार के नुमाइंदे विकास करवाने में तो पूरी तरह से फेल हो गए है, लेकिन कर्मचारियों को डराने व धमकाने का काम खूब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में पिछले दो वर्षो में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### भूतनाथ पुल से बुजुर्ग ने लगाई छलांग, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के भूतनाथ पुल से मंगलवार को एक बुजुर्ग ने छलांग लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर दी है। पुलिस की जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ज्ञान चंद(75) पुत्र रिंचन निवासी सुल्तानपुर ( मठ) जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उक्त व्यक्ति एसएसबी से सेवानिवृत्त है और सुल्तानपुर में अपने भाईयों के साथ रहता था। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर अपने कब्जे में ले लिया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच चल रही है।

### कांग्रेस ने पलदी में नहीं किया कोई काम : दीवान

**अनंत ज्ञान बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पलदी घाटी में थाटीबीड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नव निर्मित भवन को थाटीबीड़ में आयोजित एक कार्यक्रम में जनता को समर्पित किया गया। हालांकि इस भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सुक्खू ने मनाली विंटर कार्निवल के दौरान मनाली से ही कर दिया था, लेकिन कांग्रेस ने मात्र एक औपचारिक कार्यक्रम कर इस भवन को जनता को समर्पित किया, जिसमें स्थानीय लोगों में कोई उत्साह नहीं था। इस भवन के लोकार्पण में हो रही देरी को लेकर पलदी घाटी की जनता ने स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी की अगुवाई में सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन भी किया, जिसमें भवन को एक माह के भीतर जनता को समर्पित करने का सरकार को अल्टीमेटम दिया गया था। अंततः सरकार ने दो सप्ताह बाद अब इस भवन का उद्घाटन कर दिया है। थातीबीड़ पंचायत के प्रधान दीवान वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण पर खुशी जताते हुए कहा कि आक्रोश प्रदर्शन के दो सप्ताह के भीतर उद्घाटन होना जनबल की जीत है। पूर्व की जयराम सरकार ने इस भवन के उद्घाटन के लिए 2.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की थी व निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर शुरू किया था। वर्ष-2023 में भवन बनकर तैयार हो चुका था, जो कि आज इस भवन का उद्घाअन वर्ष 2025 में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने पलदी घाटी में कोई भी नया काम नहीं किया है, अब भाजपा के कार्य का श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है।

### सरवरी में पूर्व सैनिकों की मांगों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ जिला कुल्लू ने सरवरी में अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में बंजार, मनाली व कुल्लू के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय ने सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस की बधाई दी। तदोपरांत बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में पूर्व सैनिकों की मांगों पर विशेष रूप से चर्चा की गई, जिसमें सर्वप्रथम संस्था के पंजीकरण बारे चर्चा हुई। पहले संस्था का पंजीकरण भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ के नाम से हुआ था, अब मुख्य कार्यालय दिल्ली द्वारा संस्था का नाम बदलकर सैंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स रखा गया है। अध्यक्ष परमानंद ने कहा कि अब नए सिरे से संस्था का पंजीकरण करना पड़ेगा, जिसका सभी पूर्व सैनिकों ने जोरदार समर्थन किया। जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अध्यक्ष परमानंद उपाध्याय ने कहा कि जो नए सैनिक सेवानिवृत आए हैं, वह भी संस्था में अपना पंजीकरण करवाएं। इस मौके पर बलजीत सिंह, हीरा देवी, प्रेमचंद, ज्ञानचंद, धर्म चंद, ईश्वपाल, अनिल कुमार, रमेश कुमार, मोहनसिंह राणा, वीरबल, खेमचंद सोनी आदि के अलावा लगभग 40 सैनिकों ने भाग लिया।

### राजपथ पर बिखेरी कुल्लवी संस्कृति की छटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा तथा प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर उपस्थित रहे। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि भारतवर्ष इस बार अपने 76वें गणतंत्र में प्रवेश कर गया, जिसे धूमधाम से राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इसका बड़ी धूमधाम से आयोजन किया गया। संस्था के लिए यह गौरव की बात है कि इस परेड में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों ने प्रमुख दल के रूप में अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कलाकारों ने स्थानीय स्तर पर ढालपुर कुल्लू में आयोजित गणतंत्र दिवस पर भी सेमी क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी। इन दोनों जगह ढालपुर कुल्लू व राजधानी दिल्ली में अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करने पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित समस्त कार्यकारिणी व सभी सदस्यों ने अपनी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### रोड सेफ्टी क्लब ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



**अनंत ज्ञान, सैंज।** पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज में मंगलवार को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत विद्यालय में नारा लेखन, चित्रकला व रैली का आयोजन किया गया। स्कूल रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि प्रधानाचार्य मनोज कुमार महाजन के निर्देशानुसार विद्यालय के बच्चों को नारा लेखन व चित्रकला के माध्यम से यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। वहीं, जागरूकता रैली के माध्यम से सैंज बाजार के व्यापारियों, टैक्सी चालकों व आम जनता को जागरूक किया गया।

### रेकी प्रक्रिया से मिलती है मानसिक तनाव से मुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू व मंडी जिले की सीमा पर स्थित बजौरा से लगभग 5 किमी दूर रोपा में रेकी हीलिंग हैंड्स की छवि ठाकुर ने एक्सो सोसायटी एचआर डिवेलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से रेकी पर एक शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर एक्सो सोसायटी के केशव ठाकुर, पुष्पा ठाकुर व लाली ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। डिप्रेशन में जीवन शैली पूरी तरह उलझ कर रह जाती है। ऐसे में रेकी एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जीवन को सरल बनाया जा सकता है और किसी भी मानसिक तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। छवि ठाकुर के मुताबिक रेकी जापान की ध्यान साधना है।

# अगले आदेश तक बंद रहेगा डोहलू नाला टोल प्लाजा : विकास शुक्ला

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



मनाली के डोहलू नाला टोल प्लाजा के विरोध को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति सहित अन्य विभिन्न संस्थाओं के अलावा स्थानीय लोगों की बैठक एसडीएम कुल्लू के साथ हुई। सनद रहे कि इस टोल प्लाजा को लेकर जनता लगातार विरोध कर रही है।



एसडीएम कुल्लू ने मंगलवार को सभी लोगों की बातें सुनीं और उसके बाद अगले आदेश तक टोल प्लाजा को बंद करने के निर्देश दिए हैं। यह टोल प्लाजा हिमाचल में आई आपदा के बाद बंद किया गया था, लेकिन अब फिर से शुरू किया जा रहा था। विंटर कार्निवाल में आए सीएम के समक्ष भी स्थानीय स्टेक होल्डरों द्वारा इसका विरोध किया गया, जिसके बाद एसडीएम ने जनता की शिकायतें सुनीं और टोल प्लाजा को बंद करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई बेवजह जनता को तंग कर रही है और यह टोल प्लाजा टू लेन सड़क मार्ग में खोला गया है। इसके अलावा यह टोल प्लाजा टकोली में खुले टोल प्लाजा से मात्र 38 किलोमीटर की दूरी पर है और यह 60 किलोमीटर के दायरे में नहीं आता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह टोल प्लाजा मनाली के समीप स्थित है, जो पर्यटकों व आम जनता के लिए एक बड़ा अवरोधक बन गया है। एनएचएआई द्वारा इस टोल प्लाजा को शुरू करने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। एसडीएम कुल्लू ने बताया कि उन्होंने जनता की शिकायतें सुनीं और टोल प्लाजा को बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले आदेश तक यह टोल प्लाजा बंद रहेगा और इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मनाली दौरे के दौरान सीएम ने भी यहां बदहाल सड़क पर नाराजगी जताई थी और विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी इसका विरोध कर चुके हैं। टोल प्लाजा लगाने से पहले सारे नियमों को फ्लो करना होता है और सड़क 80 किलोमीटर रफ्तार वाली होनी चाहिए। वेरिकेट्स होने चाहिए, ड्रेन सिस्टम होना चाहिए, ओवर ब्रिज होने चाहिए, क्रॉस ब्रिज होने चाहिए, ड्रेन का सिस्टम ठीक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी की शिकायतें सुनी गई हैं और अगले आदेशों तक टोल प्लाजा बंद रहेगा।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ऋषि राज राणा, प्रदेश महामंत्री उमेश सूद, जिला मंत्री रमेश ठाकुर, नगर खंड अध्यक्ष हरि चंद राणा, जिला राजस्व प्रमुख प्रकाश, टोल प्लाजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजगीर महंत, उपाध्यक्ष घनश्याम कपूर, बीर सिंह ठाकुर, फॉर लेन संघर्ष समिति के दिनेश मियां व तारा चंद ठाकुर, कुल्लू फलोत्पादक संघ के अध्यक्ष मोहिंद्र उपाध्याय, महासचिव राजीव ठाकुर, उपप्रधान नरेंद्र शर्मा, नगीन ठाकुर व तेज राम उपस्थित रहे।

## जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कृषि विज्ञान केंद्र कुल्लू में जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान ने हिम आरआरए और इससे जुड़ी संस्थाओं के सहयोग से जलवायु सहनशील कृषि पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। यह कार्यशाला संस्थान के इन-हाउस प्रोजेक्ट-3 का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक और सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है।

इस कार्यशाला को स्थानीय किसानों से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है, जो सतत और जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को सीखने और अपनाने के प्रति उनके उत्साह को दर्शाती है। कार्यशाला का उद्घाटन पद्मश्री प्राप्त नेक राम शर्मा और डॉ. एससी शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक खेती के अग्रणी चैंपियन किसान सोम कृष्ण और अजय रतन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक और जलवायु सहनशील कृषि को बढ़ावा देना, किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए जागरूक करना और प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पहले दिन किसानों को जैविक खेती के महत्व, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, और प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग की विधियों पर जानकारी दी। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, हिम आरआरए और इससे जुड़ी संस्थाओं की यह पहल सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। किसानों ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें आधुनिक लेकिन पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाने में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के कृषि क्षेत्र में स्थायी विकास और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### पंकज परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला परिषद की बैठक

## 59 मुद्दों पर की विस्तार से चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला परिषद भवन बैठक कक्ष में जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की। बैठक में विभिन्न जिला परिषद सदस्यों के 59 मुद्दों पर संबंधित विभागों द्वारा उत्तर दिए गए।

बैठक में सड़क, पानी, बस, मुआवजा, पुलों व डंगों के निर्माण आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें ढालपुर मैदान के संबंध में विस्तृत जानकारी, आनी की ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, भुंतर से मणिकर्ण सड़क को डबल लेन, राजकीय प्राथमिक पाठशाला टाहुक व राजकीय माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय जिया का भवन असुरक्षित घोषित करने, मणिकर्ण खीरगंगा तक रास्ते का निर्माण, भुंतर से गड़सा रोड में ड्रेन व डंगा निर्माण, भुंतर ब्रिज पर बसों की आवाजाही साडा के अंतर्गत पारित धनराशि सीएचसी निरमंड में स्त्री विशेषज्ञ तथा एमडी मेडिसिन के पदों को सृजित करने, विकास खंड निरमंड में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गांव में एसडीपी के तहत सोलर लाइटें लगाने, पंचायत बरशैणी पंचायत में लगाए जा रहे कूड़ा संयंत्र, भुंतर बैली ब्रिज के निर्माण, सिविल अस्पताल बंजार के निर्माण आदि अनेक विकास कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में सभी 59 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें से पूर्ण हो चुके कार्यों को प्रशासन व विभिन्न विभागों द्वारा खारिज कर दिया गया।

इस बैठक में जिला अतिरिक्त दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, जिला राजस्व अधिकारी, डॉ. गणेश दत्त, जिला पंचायत अधिकारी डी. आर ठाकुर समेत सभी जिला परिषद सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीसी कुल्लू ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किए लैपटॉप व चॉकलेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



डीसी तोरूल एस रवीश ने चंद्र आभा मैमोरियल स्कूल फॉर ब्लाइंड सरवरी कुल्लू में दस दिव्यांग बच्चों को लैपटॉप और अन्य बच्चों को चॉकलेट वितरित की।

यह लैपटॉप वेनटेक, एनेबल इंडिया और सेनरजी संस्था की तरफ से संस्था के 25 वर्ष अपने क्षेत्र में काम करते हुए पूरे हुए हैं, उसके अवसर पर नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के साझा सहयोग से वितरित किए। डीसी ने कहा कि इन 10 बच्चों में वंशिका, अपूर्व, कनिका, मानवी, पृथ्वी, अंकित, विकास, सार्थक, वरुण और रोहित को इन लैपटॉप से पढ़ाई में मदद मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के बच्चों के साथ एक घंटे से भी ज्यादा समय तक बातचीत की और बच्चों से उनकी रुचि-अभिरुचि, भविष्य में क्या बनना चाहते हैं इन सब के बारे में जाना। उन्होंने स्कूल के स्टाफ से बातचीत की और स्कूल में आने वाली समस्याओं के बारे में जाना। इसके साथ ही उन्होंने लड़के-लड़कियों के हॉस्टल, कंप्यूटर लैब और मैश एरिया का भी निरीक्षण किया। नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड संस्था की सचिव शालिनी वत्स ने बताया कि स्कूल में बच्चों की स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उनकी सामाजिक, शारीरिक, व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### पशुओं की सुरक्षा के लिए चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गो रक्षा दल कुल्लू की ओर से भुंतर के जिया से लेकर पतलीकूहल तक सड़कों पर बेसहारा घूम रहे पशुओं की सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर अभियान चलाया हुआ है।

इस अभियान के तहत गो रक्षा दल सड़कों पर बेसहारा घूम रहे पशुओं के गले मे रेडियम पट्टी बांध रहे हैं। अभियान के तहत जहां अभी कुछ दिन पहले गो रक्षा दल की ओर से कुछ पशुओं के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई। वहीं, मंगलवार को फिर से दल के सदस्यों ने जिया से लेकर पतलीकूहल तक सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के गले में रेडियम पट्टी बांधकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। गो रक्षा दल कुल्लू के अध्यक्ष सत्यम शर्मा ने बताया कि जो भी पशु सड़क पर बेसहारा घूम रहे हैं। उनके गले में जिया से लेकर पतलीकूहल तक रेडियम की पट्टी लगाई गई। उन्होंने कहा कि पशुओं की सुरक्षा और बचाव हम सब की जिम्मेदारी है।

## होटल एसोसिएशन के जनरल हाउस में चुनाव करवाने पर नहीं बनी सहमति

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में आयोजित होटल एसोसिएशन के जनरल हाउस में चुनाव करवाने को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। अधिकतर सदस्यों ने सुझाव दिया कि जब तक रजिस्ट्रार का निर्णय नहीं आ जाता, तब तक चुनाव न करवाए जाएं। डीसी कुल्लू ने तहसीलदार मनाली को होटल एसोसिएशन के चुनाव करवाने के लिए अधिकृत किया था।

उनके आदेशानुसार ही जनरल हाउस बुलाया गया था। सितंबर-2024 से होटल एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने पिछली कार्यकारिणी पर दो के बजाए तीन साल कार्य करने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर भी सदस्यों में गहमा-गहमी हुई। सदस्यों का कहना था कि जब तीसरे साल कार्यकरिणी ने

**रजिस्ट्रार का निर्णय आने के बाद ही चुनाव करवाने की सलाह**

अनाधिकृत तरीके से कार्य किया, तो उसके खर्चों का क्या होगा। हालांकि एसोसिएशन में तीसरे साल हुए खर्च को लेकर ऑडिट चला है। सदस्यों ने मांग की है कि इस मामले में रजिस्ट्रार का निर्णय आने के बाद ही चुनाव करवाए जाएं। फिलहाल एसोसिएशन के कार्यों को होटल एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक गजेंद्र ठाकुर देख रहे हैं। गजेंद्र ने कहा कि उनकी निजी राय है कि जल्द सरकारी अधिकारी नियुक्त किया जाए, ताकि एसोसिएशन का आधिकारिक तौर पर सही तरीके से संचालन हो सके। तहसीलदार मनाली अनिल राणा ने बताया कि जनरल हाउस की रिपोर्ट तैयार कर डीसी कुल्लू को भेजी जा रही है।

## साहब! ग्राम पंचायत तलाड़ा से उठा विश्वास

### नए साल की पहली ग्राम सभा आयोजित, 400 परिवारों में से मात्र 62 लोगों ने भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, सैंज**



ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग हर साल प्रदेश भर में जनवरी माह में ग्रामसभा का आयोजन करवाता है, ताकि ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल सके। जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में कोरम पूरा होने के चलते ग्राम सभाएं सफल हुई हैं, लेकिन इसके विपरीत विकास खंड भुंतर की पंचायत तलाड़ा में इस बार भी ग्रामसभा पास नहीं हो सकी है।

ग्रामीण विकास विभाग के सर्कुलर के अनुसार इस ग्राम सभा में स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, टीबी, कूड़ा, नशा मुक्ति सहित अन्य मसलों पर भी चर्चा होनी थी। हालांकि सैंज की कई पंचायतों में ग्रामसभा पास हुई है, लेकिन तलाड़ा द्वारा आयोजित ग्राम सभा की बैठक में कुल 400 परिवारों में से मात्र 62 लोगों ने अपनी हाजिरी दर्ज की। हालांकि पंचायत के दूरदराज के लोग बैठक में पहुंचे, लेकिन लोगों की हाजिरी नाम मात्र रही, जिस कारण ग्रामसभा की बैठक सफल नहीं हुई। ग्रामसभा में पधारे लोगों ने आरोप लगाया कि पंचायत तलाड़ा में विकास की डोर रुक गई है। ग्रामीणों ने पंचायत पर मनरेगा के कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दो वर्षों से उनकी फाइलें पंचायत कार्यालय में धूल फांक रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिस तरह से पंचायत की सुस्त कार्य प्रणाली है, उससे ग्रामीण विकास के समग्र विकास में नई दिशा नहीं मिलेगी। पंचायत में हर वर्ष रोजगार गारंटी एक्ट मनरेगा में करोड़ों रुपए की सेल्फ तैयार की जाती है, लेकिन धरातल पर शून्य के बराबर है। पंचायत इसमें दिलचस्पी नहीं ले रही है और करोड़ों रुपए की सेल्फ से हाथ धो बैठे हैं। बिहाली के ग्रामीण भगत राम, हुकमीराम, भोलाराम आदि ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में सिर्फ प्रभावशाली लोगों के काम होते हैं, जबकि गरीब और असहाय लोगों की कोई पूछ नहीं है। पंचायत ने सड़क निर्माण के कारण उनकी उपजाऊ भूमि बंजर बनाकर दी है और भूमि विकास की कोई बात नहीं की जा रही है। पंचायत के फ्रंटलाइन कर्मी भी अपनी भूमिका संतोष जनक तरीके से नहीं निभा पा रहे हैं। ग्राम सभा में पधारे लोगों ने बताया कि मनरेगा एक्ट से तलाड़ा पंचायत को संजीवनी नहीं मिल पा रही है। इन दिनों पौधरोपण का अनुकूल समय है, लेकिन पंचायत ने अभी तक प्लांटेशन की सेल्फ को स्वीकृति नहीं दी है।

## सीनियर वर्ग में बबीता ने दिया सबसे अच्छा भाषण



**अनंत ज्ञान, बंजार**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवारी में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने की।

विद्यार्थियों को यातायात से संबंधित नियमों व कर्तव्य के बारे में कार्यक्रम के दौरान जागरूक किया गया। विद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी पदम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवारी में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के साथ समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जाता है। इसी तर्ज पर इस वर्ष भी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार, पदम देव राही, लता ठाकुर, कशिश शर्मा, किरन चौहान, जैवंती, विनय कुमार और पुष्प राज चौहान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें चित्रकला के जूनियर वर्ग में ईशान नेगी पहले व नव्या ठाकुर दूसरे स्थान पर रही।

सीनियर वर्ग में सुष्मिता, सूर्यांश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गीतांजलि ने पहला तथा तोषार ने दूसरा स्थान, जबकि सीनियर वर्ग में बबीता ने पहला व यशलक्ष्मी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

**आयोजन** समग्र शिक्षा अभियान के तहत ढालपुर में हो रहा कार्यक्रम, 50 प्रतिनिधि ले रहे भाग

## प्रधानाचार्य, बीपीईओ को दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में मंगलवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों से आए प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व बीपीईओ को आग से बचाव के बारे में जानकारी दी।

यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है और इसमें सभी प्रतिनिधियों को आपदा से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है, जिसके चलते मंगलवार को रथ मैदान में अग्निशमन विभाग के द्वारा आग से बचाव के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया, ताकि स्कूलों में अगर किसी तरह से आग की घटना पेश आती है, तो किस तरह से छात्रों व सरकारी संपत्ति को बचाया जा सके। समग्र शिक्षा अभियान के तहत 3 दिनों तक इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और बुधवार को इस कार्यशाला का समापन किया जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के एसोसिएट को-ऑर्डिनेटर कमल शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में 50 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं और समग्र शिक्षा अभियान के तहत इसकी जानकारी दी जा रही है। आए दिन जिला कुल्लू में आगजनी के मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें करोड़ों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट हो रही है। ऐसे में स्कूलों में भी अब प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व बीपीईओ को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वह अपने स्कूलों में अन्य शिक्षकों को भी इसके बारे में जागरूक कर सकें। वहीं, कार्यशाला में भाग लेने पहुंची शिक्षा विभाग की अधिकारी जीवन शर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से काफी मदद मिलती है और आगे अन्य लोगों को भी इसके बारे में जानकारी दी जा सकती है। इस कार्यशाला का मुख्य मकसद अगर अचानक से आग की घटना हो जाए, तो उस पर किस तरह से काबू पाया जा सके और जाने तथा माल की हानि को रोका जा सके। अग्निशमन विभाग से आए अधिकारी हंसराज ने बताया कि सभी प्रतिनिधियों को ढालपुर मैदान में आग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

## दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाएं लोगों का अमूल्य जीवन बचाएं : नरेश



**अनंत ज्ञान, आनी**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय रामपुर द्वारा आनी के पंचायत समिति हॉल में सड़क सुरक्षा माह के तहत एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं और अमूल्य जीवन को बचाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर सहायता करने वाले लोगों से कोई पूछताछ नहीं होती है, बल्कि सरकार ऐसे लोगों का सम्मान और प्रोत्साहन करती है। सड़क दुर्घटनाएं न केवल जीवन का नुकसान करती है, बल्कि परिवारों और समाज को गहरे दर्द और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। नरेश वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने, गति सीमा का ध्यान रखने और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की। इस मौके पर आरटीओ रामपुर जसपाल नेगी ने सड़क सुरक्षा माह पर प्रकाश डाला। उन्होंने यातायात नियमों की अवहेलना पर कानूनी पहलुओं पर कार्यशाला में उपस्थित लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की भी लोगों से अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा साहिब में 156 बोतलें शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बद्रीपुर-पांवटा साहिब सड़क पर एक तेज गति से चल रही होंडा सिटी गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका। गाड़ी को रोकने पर चालक अशोक कुमार निवासी गांव भुंगरनी, डाकघर शिवपुर, तहसील पांवटा साहिब से पूछताछ की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान पुलिस ने 13 गत्ता पेटियों में छिपाई गई अंग्रेजी शराब बरामद की। इन पेटियों में कुल 156 बोतलें शराब (मार्का श्4इ्य स्ल्ह्इद्द्ध) पाई गईं। पुलिस ने आरोपी अशोक के खिलाफ पांवटा साहिब थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में भी आगे की जांच जारी है।

### वॉयस ऑफ कार्निवाल का विजेता बना कार्तिक



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर जिला की नाहन तहसील के झाड़झ गांव निवासी कार्तिक ठाकुर हाल ही में मनाली में आयोजित विंटर कार्निवाल में वॉयस ऑफ कार्निवाल - 2025 बने। मनाली में 20 से 25 जनवरी तक विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें सिरमौर के लाल ने बाजी मारी। कार्तिक ने बताया कि उन्होंने 20 जनवरी को मनाली में विंटर कार्निवाल के लिए ऑडिशन दिया था, जिसमें उनका चयन हुआ। इस ऑडिशन में देशभर से आए प्रतिभागियों ने अपना हूनर दिखाया। अलग-अलग 7 राउंड पार करने के बाद उन्हें वॉयस ऑफ कार्निवाल का विजेता घोषित किया गया। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने संगीत के गुरूजनों, अपने पिता देवराज ठाकुर, जो आजकल एसएचओ बद्दी के पद पर कार्यरत हैं और अपनी माता सत्या ठाकुर, पांवटा साहिब में अध्यापिका हैं।

### प्रोजेक्ट शिलाई की अनिता बनी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्ज यूनियन का प्रोजेक्ट शिलाई का सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन मे आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्ज यूनियन की जिला महासचिव वीना शर्मा और सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार, प्रोजेक्ट पांवटा की अध्यक्ष इंदु तोमर, वीरेंदर उपस्थित रहे। सम्मेलन में चर्चा हुई कि सरकार न्यायालय के आदेशानुसार मिलने वाले ग्रेच्युटी के लाभ नहीं दे रही है। आशीष ने कहा कि सरकारें चाहे कोई भी रही हों, इससे पहले भी कई बार प्रदेश में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने जो हासिल किया है, वो सिर्फ संघर्षो से हासिल किया है, यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारें आती है और जाती हैं। सम्मेलन मे आंगनबाड़ी के मुद्दों पर चर्चा करने के बाद 8 सर्कलों से आई कार्यकर्ताओं के 36 सदस्यों की कमेटी का चयन किया , जिसमे अनिता को अध्यक्ष, चंदरकला को महासचिव, सीमा को कोषाध्यक्ष, मस्तो, शामा चंपा को उपाध्यक्ष और सविता, तारा को सह सचिव चुना गया। इसके अलावा, नारयणी, सीमा, कमला, सरिता, नीलम, गुलश्न, इंदिरा, तारा, लक्ष्मी, सीमा आदि को कमेटी सदस्य चुना गया।

### पुलिस ने नष्ट किए 10 लाख के नशीले पदार्थ



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस लाइन सोलन में जिला मादक द्रव्य निपटान समिति ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों में पंजीकृत एनडीपीएस अधिनियम के 11 मामलों में जब्त किए गए लगभग दो किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया है। इन सभी 11 मामलों की अदालत में सुनवाई पूरी हो चुकी है और इनका फैसला भी सुनाया जा चुका है। नष्ट किए गए नशीले पदार्थों की कीमत दस लाख रुपए आंकी गई है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि जुलाई-2023 से अब तक, एनडीपीएस अधिनियम के तहत 46 मामलों में नशीले पदार्थों निपटान समिति द्वारा लगभग 100 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है।

### महिलाओं के लिए सर्विक्स कैंसर स्क्रीनिंग अभियान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्वास्थ्य विभाग ने महिलाओं में होने वाले सर्विक्स कैंसर की जांच के लिए जिला सिरमौर में विशेष स्वास्थ्य केंद्रों का चयन किया है। इस पहल का उद्देश्य जिले की महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए जागरूकता फैलाना और समय पर जांच करवाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने बताया कि सर्विक्स कैंसर महिलाओं में होने वाला एक प्रमुख कैंसर है, जो हर 1 लाख की आबादी में 15 से 18 महिलाओं को प्रभावित करता है। शुरुआती अवस्था में पहचान में नहीं आता, लेकिन यदि समय पर पहचान हो जाए, तो ईलाज संभव है। जिले में एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) और ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसके तहत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए छह स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और 24 सबसेंटर्स को चुना गया है। इन केंद्रों में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों में महिलाओं को बुलाया जाएगा। इस अभियान में आशा वर्कर्स लोगों को जागरूक करेंगी और उन्हें इन शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगी।

### धुंदन स्कूल में कर्नल राजीव थॉमस का स्वागत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रथम वाहिनी बटालियन सोलन के कमान अधिकारी कर्नल राजीव थॉमस का आगमन हुआ। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी सुमन बट्टू के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर, उपप्रधानाचार्य महेंद्र पाल व अन्य अध्यापकों ने कर्नल राजीव थॉमस का अभिवादन किया। कमान अधिकारी ने एनसीसी कैडेटों को एनसीसी के प्रति जोश व जज्बा रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### किशोरियों को सेनेटरी किट वितरित किए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हंस फाउंडेशन की टीम-3 ने राजकीय उच्च विद्यालय पकोटी में किशोरियों को सेनेटरी किट वितरित किए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उमा ठाकुर ने कहा कि हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में किशोरियों को सेनेटरी किट वितरित किए और उन्हें स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। मुख्याध्यापक दिनेश शर्मा ने कहा हम हंस फाउंडेशन की टीम के प्रयासों की सराहना करते हैं। यह पहल हमारे विद्यालय की किशोरियों के लिए बहुत उपयोगी होगी। हमें उम्मीद है कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

### पर्यावरण संरक्षण में कृषि वानिकी की भूमिका अहम



**अनंत ज्ञान, सोलन।** कृषि वानिकी पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) की वार्षिक समूह बैठक डॉ. यशवंत सिंह परमार परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में शुरू हुई। विश्वविद्यालय, एआईसीआरपी एग्रोफोरेस्ट्री और सेंट्रल एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट, झांसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश में कृषि वानिकी के भविष्य पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में, भारत के विभिन्न कृषि-पारिस्थितिकी क्षेत्रों में 35 समन्वय एआईसीआरपी केंद्र हैं। ये केंद्र किसानों द्वारा अपनाई गई स्वदेशी कृषि वानिकी प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए नैदानिक सर्वेक्षण और डिजाइन अध्ययन करते हैं। इस बैठक में कृषि वानिकी प्रथाओं को आगे बढ़ाने, पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने और पूरे भारत में किसानों के लिए आर्थिक लचीलापन सुनिश्चित करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) डॉ. एसके चौधरी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कृषि वानिकी के लिए एक समग्र, एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कृषि वानिकी प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश बनाने के लिए पिछले शोध का मूल्यांकन करने और उस ज्ञान का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# सोलन में पीलिया के मामले सामने आने पर अलर्ट हुआ जलशक्ति विभाग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में पीलिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग ने जल शक्ति विभाग को भी सतर्क कर दिया है। एहतियात के तौर पर फिलहाल अश्विनी खड्ड के साथ दो अन्य योजनाओं पाटी कोलियां व सपरून को बंद कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से सोलन शहर के चंबाघाट और कथेड़ में पीलिया और डायरिया के रोगी सामने आए हैं।

शहर में इस समय करीब 25 ऐसे मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने जल शक्ति विभाग को इन क्षेत्रों को पानी की सप्लाई करने वाली योजनाओं को बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गिरि और अश्वनी खड्ड पेयजल योजनाओं के अलग-अलग जगहों से पानी के सैंपल लेकर लैब को भेजे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

- पेयजल योजनाओं से नए सैंपल भरे, सेनिटाइज अभियान भी छेड़ा
- अश्विनी खड्ड व पाटी कोलियां, सपरून पेयजल योजनाएं फिलहाल बंद

#### योजनाओं को किया जा रहा सेनिटाइज



**जल** शक्ति विभाग सोलन के एसडीओ ऐन सिंह ठाकुर के मुताबिक पिछले दिनों पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया है। पानी दूषित होने जैसी बात नहीं है, लेकिन फिर भी सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की है कि जिस क्षेत्र में ऐसे लक्षण सामने आ रहे हैं। वहां लोग पानी उबालकर पिएं। अश्वनी खड्ड पेयजल योजना को एहतियात के तौर पर बंद किया गया है। पेयजल योजना की पूरी तरह से साफ-सफाई कर सेनिटाइज किया गया है। ऐसा ही दूसरी योजनाओं में भी किया जा रहा है।

#### नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

**नगर** निगम ने पीलिया और डायरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को पानी को उबालकर या फिल्टर कर पीने की सलाह दी गई है, ताकि पीलिया व अन्य किसी भी जल जनित बीमारी से बचा जा सके। अज्ञात स्रोत से उपलब्ध पानी को न पीएं। खाना बनाने या खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं, अपने वाटर स्टोरेज टैंक को नियमित तौर पर साफ करवाएं, घर से सही तरीके से गारबेज व पानी की निकासी करें। निगम के किसी भी एरिया में पानी के दूषित होने या लीकेज के संबंध में निगम को सूचित करें, अपने परिवार व सोसायटी में स्वच्छ जल के प्रति लोगों को जागरूक करें।

#### नगर निगम और जलशक्ति विभाग की बढ़ी चिंता

**अचानक** पीलिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम और जल शक्ति की चिंता बढ़ा दी है। जनवरी 2016 में भी सोलन शहर में पीलिया फैलाथा। उसे समय करीब 600 लोगों को पीलिया ने अपनी चपेट में ले लिया था। उस समय अश्विनी खड्ड पेयजल योजना से दूषित पानी आने से यह पीलिया फैला था, तब लंबे समय तक योजना को बंद करना पड़ा था। अभी ऐसी स्थिति पैदा न हो इसे लेकर शुरुआत में ही एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। जल शक्ति विभाग के एसई और एक्सईएन समेत टीम ने पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। अस्पताल में कथेड़, बावरा, चंबाघाट, बसाल, कोटलानाला, कलीन और आनंद विहार से पीलिया की शिकायत वाले रोगी अस्पताल पहुंच रहे हैं। नगर निगम की तरफ से जनवरी महीने के शुरू में अश्विन और गिरि पेयजल योजना से मिल रहे पानी के सैंपल जांच को पुणे लैब भेजे थे, तब यह सही पाए गए थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि शहर में पीलिया की दस्तक किस कारण से हुई है, ऐसा भी माना जा रहा है कि कुछ मरीज बाहर से भी यहां आए हैं।

## ओम प्रकाश बने सिरमौर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, नाहन**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला सिरमौर कार्यकारिणी के त्रैवार्षिक चुनाव में ओम प्रकाश शर्मा (नाहन) को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई, जबकि, प्रमोद गौतम (सराहां) को महासचिव की जिम्मेदारी मिली।

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिदत्त शर्मा की देखरेख में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान रणवीर सिंह ठाकुर (राजगढ़) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हीरा सिंह (शिलाई) और अमर सिंह ठाकुर (सराहां) को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार (नाहन) को कोषाध्यक्ष, पीएन गुप्ता (राजगढ़) को मुख्य सलाहकार, सुंदर लाल मेहता (पांवटा साहिब) और कृष्ण दत्त शर्मा को सलाहकार चुना गया। इसके साथ-साथ प्रेस सचिव का दायित्व रविदत्त भारद्वाज (राजगढ़) को सौंपा गया। तपेंद्र सिंह ठाकुर (संगड़ाह), कुंदन सिंह चौहान (शिलाई), हरिदत्त शर्मा (राजगढ़) और संतराम शर्मा (पांवटा साहिब) और रमेश सरैक को कार्यकारिणी में बतौर सदस्य नियुक्त किया गया। इससे पूर्व एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें चुनाव करवाने पर सर्वसम्मति बनी। बैठक में राजगढ़, पांवटा साहिब, संगड़ाह, शिलाई और नौहराधार यूनिटों से 70 के करीब पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पेंशनर्स की मांगों और समस्याओं पर भी मंथन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने कहा कि 2016 से 2022 के बीच के पेंशनर्स का एरियर लंबित पड़ा है। इसके लिए आगामी बजट में प्रावधान कर अप्रैल माह से जारी किया जाए।

## स्कूलों में बेहतर अधोसंरचना निर्माण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : राम कुमार

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी विद्यालयों में बेहतर अधोसंरचना निर्माण के लिए कार्य कर रही है और सभी विद्यालयों में आवश्यकतानुसार भवन निर्माण किया जा रहा है। राम कुमार चौधरी गत दिवस सोलन के दून की पंचायत नंदपुर के पंगा स्कूल के 25 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।



राम कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने व गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करवाने व उनके आत्मविश्वास में निखार लाने के लिए सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई आरंभ की गई है। इस निर्णय से भविष्य में छात्र विश्व में कहीं भी अपनी क्षमता के आधार पर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को समावेशी, समानतापूर्ण, नई तकनीक के प्रति सजग और छात्रों को नैतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना है। बेहतर शिक्षा अधोसंरचना जहां बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगी। वहीं, उन्हें एक उत्तरदायी नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय भवन में अतिरिक्त कमरों का जल्द निर्माण करवाया जाएगा। पंचायत में सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए नए ट्यूबवेल को जल्द आरंभ किया जाएगा।

## वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पुलिस स्टेशन में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के तहत एक मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सुदर्शन सिंह को फोन पर सूचना मिली कि पंचायत सेवड़ा चंडी के बानली गांव में एक मृत तेंदुआ पाया गया है।

उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पाया कि तेंदुए के गले में एक क्लच तार लगी हुई थी और इसका दूसरा हिस्सा पाजा के पौधे से बंधा हुआ था। इस घटना को लेकर आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह कार्य किया गया है, जिस पर पुलिस ने इस मामले में अभियोग दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है। मामले की पुष्टि डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने की।

## बालिकाएं समग्र विकास में अहम

### राहुल जैन ने की जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के आयोजन का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को समाप्त कर समग्र विकास में लड़कियों की उचित भूमिका निर्धारित करना है। राहुल जैन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बालिकाएं किसी भी समाज के कल्याण और विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। आज लड़कियां लगभग हर क्षेत्र में कार्यरत हैं और अपनी स्थिति को निरंतर मजबूत कर रही हैं। खेलकूद, राजनीति, सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। किसी भी क्षेत्र के आंकड़े यह सिद्ध करते हैं कि उचित अवसर मिलने पर लड़कियां अपनी प्रतिभा के बल पर अनेक कठिन कार्य कर सकती हैं।



राहुल जैन ने कहा कि समाज में बालिकाओं की सुरक्षा, उनके सम्मान जनक जीवन यापन एवं सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है तभी वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर समाज निर्माण में सहायक हो सकती हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार ने सामाजिक गतिविधियों एवं विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उन्हें सशक्त व सक्षम बनाने के लिए प्रभावशाली योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के समग्र कल्याण के लिए प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना, स्वयं रोजगार योजना तथा ब्याज मुक्त ऋण योजना के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर सभी को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। इससे पूर्व डॉ. सविता अग्रवाल ने महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की।

## सभी घायल श्रद्धालु प्राप्त कर रहे स्वास्थ्य लाभ

### कौशांबी जिला प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में सोलन जिला प्रशासन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महाकुंभ में स्नान के लिए सोलन जिले के अर्की उपमंडल के दुर्घटना में घायल श्रद्धालु स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं और मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार जिला प्रशासन सोलन उत्तर प्रदेश के जिला कौशांबी के प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में है तथा घायलों की समयबद्ध चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित बनाई जा रही है।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन को उचित स्तर पर संपर्क स्थापित कर सभी घायलों को त्वरित उपचार एवं राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वह निरंतर जिला प्रशासन कौशांबी के संपर्क में हैं और घायलों की उचित सहायता के लिए हर स्तर पर समन्वय स्थापित कर रहे हैं, ताकि घायलों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने घायलों के परिजनों से आग्रह किया कि धैर्य बनाए रखें।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

प्रदेश सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए निरंतर संवेदनशील है और सभी घायलों के समुचित उपचार का प्रबंध किया गया है। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए सोलन के अर्की उपमंडल से निजी बस के माध्यम से जा रहे श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कौशांबी जिले के सिराथू के एसडीएम से सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के अनुसार दुर्घटना में कुल 24 व्यक्तियों के घायल होने का समाचार है। 23 व्यक्तियों को मामूली चोट लगने तथा एक व्यक्ति के अधिक घायल होने की सूचना है।

दुर्घटना में अर्की उपमंडल के धार ब्राह्मणा के 75 वर्षीय तुलसी राम शर्मा को अधिक चोट लगने की जानकारी प्राप्त हुई है। डीसी ने कहा कि बस में दुर्घटना के समय कुल 32 व्यक्ति सवार थे। 14 घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू तथा 10 घायल व्यक्ति जिला अस्पताल कौशांबी में उपचाराधीन हैं। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन सोलन इस संबंध में जिला प्रशासन कौशांबी के साथ निरंतर संपर्क में है और सभी घायलों का समुचित उपचार व देखभाल सुनिश्चित बनाई जा रही है।

## राज्यपाल नशा मुक्ति रैली को दिखाएंगे हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रसाद शुक्ल बुधवार को पर्यटन नगरी चायल में नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाने सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए चायल होटल एसोसिएशन के प्रधान देविंद्र वर्मा ने बताया कि राज्यपाल का प्रातः दस बजे चायल के मिहाणी स्थित एक होटल में स्वागत होगा। उसके बाद वह चायल बाजार में जीप हिमाचल क्लब के सदस्यों से संवाद करेंगे व विंटर स्पीति एक्सपीडिशन का ध्वज फहराकर शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह स्थानीय लोगों से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।



## संगड़ाह मंडल में बूथ स्तरीय संविधान गौरव अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिला भाजपा के संगड़ाह मंडल ने बूथ स्तर पर संविधान गौरव अभियान शुरू कर दिया है।

भाजपा मंडल संगड़ाह के अध्यक्ष बलवीर ठाकुर की अध्यक्षता में बूथ स्तरीय संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम की शुरुआत बूथ नंबर-34 के अरट गांव से की गई। इस बूथ स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा को मुख्य प्रवक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया। अरट बूथ पर आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को तत्कालीन कांग्रेस सरकारों द्वारा बार-बार अपमानित और प्रताड़ित किया जाता रहा और उन्हें मंत्री पद से भी हटवा दिया गया और बाद में चुनाव लड़ने के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें चुनाव हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 76000 से अधिक वोट इनवेलिड घोषित करवाकर उन्हें अनैतिक तरीके से हरवाया गया। जिला भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भारतीय संसद में लगाकर उन्हें गौरवान्वित किया गया।

**बेखौफ** अवैध खनन से बदला नदी-नालों का स्वरूप, पहाड़ों में भी धड़ल्ले से किया जा रहा खनन

# बद्दी में बिना रोक-टोक हो रहा अवैध खनन

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

सोलन जिले के बद्दी में अवैध खनन का काम जोरों पर है, फिर वह बजरी का हो या पहाड़ों से पत्थरों के निकालने का बद्दी के नदी-नालों को अवैध खनन कर्ताओं ने खोखला कर दिया है और यह काम लंबे अरसे से जारी है। बद्दी के नदी-नालों को अवैध खनन कर्ताओं ने बजरी के अवैध खनन से गड्ढों में बदल दिया है।

अवैध खनन कर्ताओं ने नदियों का स्वरूप ही बदल दिया है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें रोकने और टोकने वाला बद्दी पुलिस के सिवा कोई नहीं है। जिले में नदियों से ही नहीं, बल्कि अवैध रूप से खेतों से भी बजरी की खुदाई कर बेची जा रही है। वहीं, जिले के कई पहाड़ों में भी पत्थरों का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। फॉरेस्ट क्षेत्र में स्थित पहाड़ों से जमकर अवैध रूप से खनन कर अवैध खननकर्ता अपनी जेब भर रहे हैं, लेकिन वन विभाग भी उन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन अवैध खनन कर्ताओं के आगे जिले का खनिज विभाग और वन विभाग मूकदर्शक क्यों बना हुआ है।



बद्दी में हुआ अवैध खनन।

इन अवैध खनन कर्ताओं को खुली छूट दी हुई है, जिसके चलते वह दिन हो या रात जमकर अवैध खनन कर रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन द्वारा खनिज विभाग और वन विभाग को अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हुए हैं। जब वन विभाग और खनिज विभाग से जानकारी मांगी जाती है, तो सवालों को टालमटोल कर दिया जाता है, लेकिन अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक बद्दी से चालान रिपोर्ट बारे पूछा, तो पुलिस के चालान इन दोनों विभागों से ज्यादा हैं, अगर अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ सोलन जिले के बद्दी में प्रभावी कार्रवाई हो तो बड़े पैमाने पर जिले में अवैध खनन का कारोबार सामने आएगा। जिले का शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र है, जहां अवैध खनन का कारोबार नहीं फल फूल रहा हो पूर्व में जिले में अवैध खनन के दौरान कई हादसे भी हो चुके हैं। हिमाचल सरकार हाई कोर्ट के दिशा-निर्देश पर बद्दी पुलिस तो हर दिन कार्रवाई कर रही, लेकिन खनन विभाग और जिन विभागों की जमीन पर खनन हो रहा है। वह विभाग दिन-रात सोए पड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

#### अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**वहीं,** एसपी बद्दी विनोद धीमान ने बताया कि जब से बद्दी का एडिशनल चार्ज संभाला है, तब से लेकर आज तक बद्दी पुलिस ने 10 मुकदमे दिए हैं, जिसमें जेसीबी 7, टिप्पर 10 व 2 ट्रैक्टर जब्त किए हैं। 23 चालान के साथ 2,45000 की रिकवरी की, जिसमें की दो जेसीबी, 6 टिप्पर और 15 ट्रैक्टरों के चालान अलग से किए हैं। एसपी ने कहा कि अवैध खनन को रोकने क लिए हमने गुप्त टीमें भी बना रखी हैं, जो सिर्फ अवैध खनन करने वालों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी है। अवैध खनन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

#### खनन विभाग को दिए जाएंगे सख्त निर्देश

**जिलाधीश** सोलन मनमोहन सिंह ने कहा कि पुलिस अपना काम बखूबी कर रही है। हर खनन पर बड़ी कार्रवाई कर रही है, लेकिन खनन में सभी विभाग कार्रवाई कर सकते हैं, खनन को लेकर हमने पहले भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन दोबारा फिर खनन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएंगे।

#### खनन से जुड़ा हुआ मामला नहीं आया

**डीएफओ** नालागढ़ विकल्प ने कहा कि हमारे वन विभाग में कहीं भी किसी तरह का अवैध खनन नहीं हो रहा है, अगर होता है तो हम तुरंत कार्रवाई करते हैं, लेकिन अवैध खनन से जुड़ा मामला अभी तक हमारे पास नहीं आया है, जिससे हमारी वन विभाग की भूमि को नुकसान होता हो।

#### कंप्यूटरीकृत जानकारी नहीं

**वहीं,** जब बद्दी खनन विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि हम आपको डिटेल कल तक दे सकते हैं क्योंकि हमारे पास कंप्यूटरीकृत जानकारी नहीं है, हमारे पास गाड़ी भी नहीं है सरकार की तरफ से फिर भी हम आपको रिपोर्ट बनाकर जल्द देंगे।

## जाली कंपनी बनाकर ठगने का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** जाली कंपनियां बनाकर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी करने का दूसरा आरोपी भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि पिछले साल दिसंबर माह में नालागढ़ पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि दो व्यक्तियों द्वारा जाली कंपनी बनाकर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी की गई है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक को तो पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दूसरा आरोपी फरार चल रहा था।

इस पर अब पुलिस ने दूसरे आरोपी पर कार्रवाई करते हुए उसे हिमाचल के ऊना से गिरफ्तार किया है। उसे नालागढ़ कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि दिसंबर माह में एक धोखाधड़ी का मामला नालागढ़ पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, जिस पर पुलिस ने पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दूसरा आरोपी फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएलएड छात्र-अध्यापकों को दिया मर्सी चांस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विद्याल शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा डीएलएड प्रवेश वर्ष 2020 व 2021 के छात्र-अध्यापकों को फरवरी-2025 में संचालित होने वाली परीक्षा में मर्सी चांस दिया गया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि डीएलएड प्रवेश वर्ष 2020 व 2021 के छात्र-अध्यापक/अध्यापिकाएं जिन्होंने डीएलएड दो वर्षीय कोर्स में दाखिला लिया था और उनका परीक्षा परिणाम प्रथम व द्वितीय वर्ष में एक विषय/अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण डिप्लोमा पूर्ण नहीं हुआ है। उन सभी छात्र- अध्यापकों को डिप्लोमा पूर्ण करने हेतु एक मर्सी चांस प्रदान किया गया है। संबंधित छात्र अध्यापक/अध्यापिकाएं प्रत्येक वर्ष की परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 10,000/ रुपए सहित 7 फरवरी 2025 तक ऑफलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रवेश वर्ष 2022-2024 में परीक्षा में अनुत्तीर्ण/रि-अपीयर रहे छात्र-अध्यापक/अध्यापिकाएं जो किन्हीं कारणों से ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रह गए हैं, वे भी निर्धारित शुल्क सहित 7 फरवरी, 2025 तक अपना ऑफलाइन आवेदन-फार्म व फोटो सम्बन्धित संस्था से सत्यापित करवाने उपरान्त शिक्षा बोर्ड कार्यालय में दस्ती जमा करवा सकते हैं।

### सरकार लोगों को सुलभ इलाज देने के लिए प्रयासरत : राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को सस्ता और सुलभ ईलाज देने के लिए प्रयासरत है , पिछले 100 दिनों में वर्तमान सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर अनेक खास निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि अब हीमोफीलिया और थैलीसीमिया से पीति लोगों को दी जाने वाली पेंशन के लिए 18 वर्ष की आयु सीमा को समाप्त कर दिया गया है। उक्त दोनों बिमारियों से पीति व्यक्तियों को 3,000 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी, यह पेंशन किसी भी अन्य पेंशन के अतिरिक्त होगी। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि वर्तमान सरकार ने 18 अक्बूबर, 2024 को राज्य में किडनी के रोग से पीड़ितों को मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं प्रदान करने की शुरुआत कर दी है। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम् कदम है। मात्र 3 माह में ही इस स्वास्थ्य -सुविधा का करीब 20 हार लोग लाभ उठा चुके हैं।

### हरियाणा सरकार ने लिंक अधिकारी किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने विभागों, बोर्डों और निगमों के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस संबंध में जारी एक पत्र के अनुसार, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनुपस्थिति में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिंक अधिकारी-1, गुरुग्राम के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-2 और फरीदाबाद के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-3 होंगे। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनुपस्थिति में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिंक अधिकारी-1, फरीदाबाद के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-2और गुरुग्राम के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-3 होंगे। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनुपस्थिति में पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिंक अधिकारी-1, रोहतक के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-2 और करनाल के मंडलायुक्त लिंक अधिकारी-3 होंगे।

### नाट्य उत्सव अशर्फिया का आगाज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंपैक्ट आर्ट्स और पंजाब संगीत नाटक अकादमी की तरफ से नाट्य उत्सव अशर्फिया का आगाज हुआ। इंपैक्ट आर्ट्स की तरफ़ से यह नाट्य उत्सव उत्सव अशर्फियाँ की सातवीं कड़ी है। आज पहले दिन नाटक 'ताजमहल का उद्घाटन' का मंचन हुआ। नाटक 'ताजमहल का उद्घाटन' एक हास्य नाटक है जिसे लिखा है अजय शुक्ल ने । इस नाटक का निर्देशन में बनिदरजीत सिंह बनी ने किया है। नाटक का सह निर्देशन रजत सचदेवा ने किया । नाटक की बात करें तो एक तरफ इस में दर्शाया गया है कि किस तरह नए समय में नई टेक्नोलॉजी ने हमें और हमारे जीवन को हर तरफ से घेर लिया है जिसके फायदे से ज्यादा नुकसान पाए जाते हैं । साथ ही साथ आज के जमाने का गलत खाना-पीना और गलत व्यभिचार जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हमारे व्यवहार के लिए ठीक नहीं है और दूसरी तरफ इस नाटक में यह दर्शाया गया है कि देश की सेवा करना कोई मजाक नहीं है कि कोई भी आकर सेवा करने लग जाए और देश की हालत इतनी भी बेहाल नहीं है कि हर कोई आकर सेवा करे। अगर हम खुद के जीवन को सही ढंग से व्यतीत करेंगे तो देश भी अपने आप सही हो जाएगा और यह सभी उद्देश्य नाटक में बड़े ही हास्य रूप में दर्शाए गए हैं।

# क्रेच केंद्र खुलने से कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों को छोड़कर काम पर जा सकती : श्रुति

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का 324 क्रेच केन्द्रों का उद्घाटन करने पर आभार व्यक्त किया।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि कहा कि कामकाजी महिलाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में 6 महीने से लेकर 6 साल तक के बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच खोले जा रहे हैं। क्रेच एक ऐसी सुविधा है, जहां कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों को छोड़कर काम पर जा सकती हैं। क्रेच में बच्चों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिलता है और उन्हें शैक्षिक गतिविधियां भी कराई जाती हैं। क्रेच की वजह से महिलाएं अपने करियर को जारी रख सकती हैं और अपने बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी भी संभाल सकती हैं। क्रेच सुविधा से कामकाजी महिलाओं को मिलने वाली राहत का जिक्र करते हुए महिलाएं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि क्रेच से महिलाओं को अपने करियर और पारिवारिक जिम्मेदारियां को संतुलित करने में मदद मिलती है और निश्चित रूप से उनका तनाव भी कम होता है। उन्होंने कहा कि



क्रेच एक ऐसा स्थान है जहां बच्चों का समग्र विकास होता है।

सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 324 क्रेच केंद्रों का उद्घाटन किया है। इनमें भिवानी के 21, करनाल के 43, सोनीपत के 7, यमुनानगर के 33, पानीपत के 19, पंचकूला के 10, कैथल के 18, गुरुग्राम के 11, फरीदाबाद के 8, जींद के 19, अंबाला के 9, कुरुक्षेत्र के 13, नूंह के 4, महेंद्रगढ़ के 9, पलवल के 15, रेवाड़ी के 15, फतेहाबाद के 17, चरखी दादरी के 4, रोहतक के 7, झज्जर के 9, सिरसा के 15 व हिसार के 18 क्रेच केंद्र शामिल है।

श्रुति चौधरी ने बताया कि हरियाणा क्रेच केंद्र (स्टैंडलोन क्रेच) और आंगनवाडी–कम–क्रेच केंद्रों की कुल सालाना लागत लगभग साढ़े 12 लाख रुपए आएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने मोबाइल क्रेच संगठन के साथ एक समझौता किया हुआ है ताकि आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण क्रेच स्थापित किए जा सकें। इन शिशु गृहों का निर्माण, संरचना और प्रबंधन भी इस तरह से किया गया है जहां बच्चों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। हर क्रेच में 6 महीने से लेकर 6 साल तक के अधिकतम 25 बच्चों की देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है, जहां 8 घंटे से लेकर जरूरत पड़ने पर 10 घंटे तक के लिए इन बच्चों को रखने का प्रावधान है। रसोई और शौचालय की अनिवार्यता रखी गई है। यहां पंखे और बिजली की सुविधा, पेयजल और साफ–सफाई आदि के साथ–2 पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था के अलावा बच्चों के लिए सुरक्षा संबंधी एहतियातों और दिशा–निर्देशों का भी खास ध्यान दिया जाता है। सभी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, चाइल्ड फ्रेंडली बच्चों को वातावरण मिले साथ ही बच्चों के मुख्य विकास के सभी पहलुओं पर कैसे बेहतर तरीके से कार्य करना है इसमें मोबाइल क्रेच विभाग का पूरा सहयोग कर रहा है।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि क्रेच नीति के तहत व बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग निरंतर इनकी संख्या बढ़ाने में लगा है। पूरे प्रदेश में 500 क्रेच खोलने की घोषणा की गई थी उसी के तहत 324 क्रेच का अब उद्घाटन किया गया जबकि 30 क्रेचपहले से ही संचालित है। ऐसे में 354 क्रेच महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खोले जा चुके हैं। इसके लिए विभिन्न जिलों में क्रेच वर्कर , हेल्पर, सुपरवाइजर और सीडीपीओ के लिए भी प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

# 'विंटर वाइब्स : रंग कभी बूढ़े नहीं होते' एग्जीबिशन शुरू



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फेज–9, मोहाली में आर्टिस्ट्स गिल्ड अजीतगढ़ द्वारा आयोजित इंटरनेशनल आर्ट एग्जीबिशन – 'विंटर वाइब्स: रंग कभी बूढ़े नहीं होते' कला प्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव लेकर आई है। यह एग्जीबिशन 31 जनवरी तक खुली रहेगी। एग्जीबिशन का उद्घाटन प्रसिद्ध आर्ट कनॉइसौर शमशेर कौर और वरिष्ठ पत्रकार, कवि, लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राजकुमार मलिक ने किया।

इसमें भारत, नेपाल, मॉरीशियस, जर्मनी और कनाडा के 42 कलाकारों के 82 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इन कलाकारों की आयु 5 वर्ष से लेकर 78 वर्ष तक है, जो कला की विविधता और रंगों की समयहीनता को दर्शाती हैं।

एग्जीबिशन में जूनियर कलाकारों की भी भागीदारी विशेष आकर्षण है। पांच वर्षीय सम्राट गिल के आर्टवर्क भी यहां प्रदर्शित किए गए हैं। छोटे बच्चों को इस मंच से जोड़ने का उद्देश्य युवा पीढ़ी में कला के प्रति रुचि और समझ को विकसित करना है।

एग्जीबिशन में विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें सेरेमिक टाइल्स पर योग की मुद्राओं की पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, नेचर और इमारतों की तस्वीर शामिल हैं।

# सांझा मुलाजम मंच, पुडा ने रामायण पाठ का भोग डाला



**अनंत ज्ञान, मोहाली**

सांझा मुलाजिम मंच, पुडा ( पंजाब शहरी योजना और विकास प्राधिकरण ) के नेतृत्व में गमाडा, सीटीपी, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से को पुडा भवन, सेक्टर–62 में रामायण का पाठ रखा गया। पाठ का शुभारंभ पुडा की मुख्य प्रशासक नीरू कत्याल गुप्ता, आईएएस द्वारा गत रोज पूजा के साथ किया गया।

रामायण का पाठ श्री हरि संकीर्तन मंडली, फेज–1 द्वारा किया गया और उपस्थित संगत को श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उच्च और शुद्ध जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

## चालान कटने से ऑटो वाले परेशान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मंडी ग्राउंड रामदरबार में इलेक्ट्रिक ऑटो यूनियन की बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और समाजसेवक गुरचरण सिंह, राजेश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में इलेक्ट्रिक ऑटो वालो ने शिरकत की।

उन सभी का कहना था कि चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस बिना किसी जायज वजह के कहीं भी रोककर चालान काट रहें है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पर रहा है साथ ही हमारा कम काज भी ठप होता जा रहा है।

इन सभी की बात सुनने के बाद गुरचरण सिंह ने कहा की अगर ट्रैफिक पुलिस इन ऑटो वालो को परेशान करना बंद नहीं किया तो इन ऑटो वालो के हड़ में चंडीगढ़ में एक बहुत बढ़ा आंदोलन शुरू जायगा।

# सीआरपीएफ ने हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने देश का 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर हल्लोमाजरा कैंप, चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में दिनेश उनियाल, महानिरीक्षक, सीआरपीएफ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

इस विशेष अवसर पर, भारत की राष्ट्रपति द्वारा सीआरपीएफ के वीर जवानों को सम्मानित किया गया। इनमें 2 शौर्य चक्र, 19 वीरता पदक (जिसमें से 1 मरणोपरांत) प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 6 अधिकारियों को विशिष्ट सेवा पदक तथा 57 अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और कार्मिकों को सराहनीय सेवा पदक



से अलंकृत किया गया। महानिरीक्षक महोदय ने इस अवसर पर सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा और सेवा के प्रति बल के संकल्प को दोहराया। समारोह के पश्चात अधीनस्थ अधिकारियों के लिए राजपत्रित अधिकारी मैस में एट होम का आयोजन किया गया, जबकि जवानों के लिए बड़े खाने का आयोजन किया गया।

गणतंत्र दिवस समारोह का यह आयोजन बल की परंपराओं, समर्पण और देश के प्रति सेवा भाव को प्रदर्शित करता है।

### बुराड़ी में इमारत ढहने से गई तीन की जान



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में चार मंजिला इमारत ढहने से तीन लड़कियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह नवनिर्मित इमारत सोमवार शाम को ढह थी और 12 लोगों को बचाया जा चुका है। बचाव अभियान जारी है और मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर पता कर रही है कि इमारत के भीतर कितने लोग अभी भी फंसे हुए है।

### आईएसआईएस से जुड़ा अल्फाजिथ गिरफ्तार

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस आतंकवादी संगठन के लिए लोगों की भर्ती करने के आरोप में एक प्रमुख आरोपी अल्फाजिथ को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। एनआईए को तमिलनाडु के विभिन्न जिलों से प्रतिबंधित संगठनों में लोगों की भर्ती किए जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद पिछले कुछ हफ्तों से चेन्नई और मयिलादुथुराई में छापेमारी की जा रही थी। मंगलवार सुबह 3 बजे से एनआईए ने चेन्नई और मयिलादुथुराई के 15 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की। इसी दौरान, अल्फाजिथ को चेन्नई के पुरसाईवक्कम इलाके में एक बहुमंजिला इमारत से गिरफ्तार किया गया।

### पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यसभा सदस्य अली अनवर अंसारी, 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी व अन्य नेता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। अंसारी जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता रह चुके हैं और वह अप्रैल, 2006 से दिसंबर, 2017 तक उच्च सदन के सदस्य भी रहे।

## देश-विदेश

# अरबपतियों के ऋण माफ करने पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाए केंद्र : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि अरबपतियों को दिए गए कर्ज को माफ करने पर रोक लगाने के लिए देशव्यापी कानून बनाया जाए।

केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हजारों करोड़ रुपए के कॉरपोरेट ऋण माफ करके अमीरों को तरजीह दे रही है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के चलन से आम नागरिकों पर अत्यधिक करों का बोझ पड़ता है, जबकि अमीरों को फायदा होता है। आम लोग अपनी आधी तनख्वाह कर के रूप में दे रहे हैं, जबकि अमीरों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार आम



नागरिकों के गृह ऋण, कार ऋण या अन्य वित्तीय बोझ क्यों माफ नहीं करती ? उन्होंने कहा कि अगर अरबपतियों का कर्ज माफ करना बंद कर दिया जाए तो सरकार आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरें आधी करने, कर योग्य आय सीमा को दोगुना करने और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त करने में सक्षम हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा घोटाला है और इसे खत्म करने का समय आ गया है।

## मणिपुर में किए 2 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग–अलग अभियानों में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगानबा) के एक सदस्य को थौबल में वेथौ–थियाम आईवीआर से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान सपम पाइखोम्बा मैतेई (26) के रूप में हुई। उग्रवादी के पास से एक वायरलेस हैंडसेट और छह 9 मिमी लाइव राउंड जब्त किए गए। इसके अलावा प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के एक 32 वर्षीय सदस्य सैमोम डेविडसन मैतेई उर्फ लोया को इंफाल पश्चिम जिले के थोंगजू पेचुलमपाक पुखरी से गिरफ्तार किया गया।

# श्रीहरिकोटा से इसरो आज करेगा 100वां मिशन लांच

**श्रीहरिकोटा।** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के ऐतिहासिक 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 27 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हो गई। अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन होगा। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू–समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस–02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित होगा।



# श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में पांच भारतीय मछुआरे जख्मी, भारत ने उच्चायुक्त को किया तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**डेल्फ्ट** द्वीप के निकट मंगलवार सुबह श्रीलंकाई नौसेना न गोलीबारी की, जिसमें पांच भारतीय मछुआरे घायल हो गए, जिस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

नई दिल्ली में द्वीपीय राष्ट्र के कार्यवाहक उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं और उनका फिलहाल जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। जाफना स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा मछुआरों और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# मुस्लिम महिला की मांग– शरीयत नहीं, उत्तराधिकार कानून हो लागू; सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट में एक मुस्लिम महिला ने याचिका दायर कर मांग की है कि उसे शरीयत कानून में विश्वास नहीं है और वह चाहती है कि उस पर उत्तराधिकार कानून लागू हो।

महिला की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और सरकार का इस मुद्दे पर पक्ष पूछा है। केरल के अलप्पुझा की रहने वाली एक महिला साफिया पीएम ने यह याचिका दायर की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र याचिकाकर्ता महिला का कहना है कि वह इस्लाम को नहीं मानती, लेकिन अभी भी उसने आधिकारिक रूप से इस्लाम को नहीं छोड़ा है। सरकार को नोटिस जारी किया है।

# भारत के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83 फीसदी हुई : आरबीआई

**एजेंसी, मुंबई**

**भारत** के डिजिटल पेमेंट्स सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। इस दौरान यूपीआई 74 प्रतिशत के चक्रवृद्धि औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में बताया कि समीक्षा अवधि में अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है। यूपीआई देश के





डिजिटल पेमेंट सिस्टम को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसकी वजह यूपीआई का उपयोग में आसान होना है। व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी। इस दौरान कुल लेनदेन की वैल्यू 5.86 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 246.83 लाख करोड़ रुपए हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि यूपीआई की वॉल्यूम और वैल्यू बीते पांच वर्षों में 89.3 प्रतिशत और 86.5 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। पी2पी (पर्सन–टू–पर्सन) और पी2एम (पर्सन–टू–मर्चेंट) दोनों ही लेनदेन यूपीआई की सुरक्षित और रियल टाइम भुगतान क्षमताओं का लाभ उठाते हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पारंपरिक और समय लेने वाले तरीकों पर निर्भर हुए बिना वित्तीय लेनदेन करना आसान हो जाता है।

# सेंसेक्स 535 अंक उछला निफ्टी भी 128 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** 535 अंक की बढ़त के साथ 75,901 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 128 अंक की तेजी रही, यह 22,957 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली है।




मंगलवार को बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और आईटी शेयर्स में आज गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.39 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स और कोरिया का कोस्पी आज बंद है। एनएसई के डाटा के अनुसार, 27 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,015 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 6,642 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## हथियारों के साथ 5 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कोलकाता के सियालदह इलाके में एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को हथियार और गोला–बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मुचिपारा पुलिस थाना क्षेत्र में सुरेंद्रनाथ महिला कॉलेज के पास से आरोपियों को पकड़ा। वे किसी अपराध को अंजाम देने के लिए शहर में थे। मामले की जांच चल रही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों पास से दो हथियार और 15 राउंड गोला–बारूद जब्त किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) रूपेश कुमार ने कहा कि पांचों लोगों ने दावा किया कि वे दो दिन पहले कोलकाता आए थे और एक लॉज में ठहरे थे।

# ट्रंप ने दी भारत और चीन पर टैरिफ लगाने की धमकी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह उन देशों पर टैरिफ शुल्क लगाएंगे, जो अमेरिका को 'नुकसान' पहुंचाते हैं। उन्होंने चीन, भारत और ब्राजील को उच्च शुल्क वाले देशों में शामिल किया।



ट्रंप ने कहा कि हम उन बाहरी देशों और बाहरी लोगों पर शुल्क लगाने जा रहे हैं जो वास्तव में हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उनका इरादा भले ही हमें नुकसान पहुंचाना है, लेकिन वे खासतौर से अपने देश को अच्छा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चीन बहुत अधिक शुल्क लेता है और भारत, ब्राजील तथा कई अन्य देशों की भी यही स्थिति है, इसलिए अब हम और ऐसा नहीं होने देंगे और हम अमेरिका को सबसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक ''बहुत निष्पक्ष प्रणाली स्थापित करेगा, जहां हमारे खजाने में धन आएगा और अमेरिका पुनः बहुत समृद्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सब बहुत जल्द होगा। वहीं, ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश से भविष्य में अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लग सकता है।


# भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रनों से रौंदा

## अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप में तृषा गोंगाडी ने खेली 110 रनों की शानदार पारी

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया, जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्कों की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।




भारत ने ग्रुप-एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं।

बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिए जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

**बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच रद्द**

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप-एक में तीसरे स्थान पर रही।

ग्रुप-दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# तीसरा टी-20 : डकेट की फिफ्टी से इंग्लैंड का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी, राजकोट**

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने 28 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिससे इंगलैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे ट्वेंटी-20 मुकाबले में 9 विकेट पर 171 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

भारत की तरफ से वरुण चक्रवर्ती ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके जबकि हार्दिक पांड्या ने 2 तथा रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारतीय टीम में लंबे



समय के बाद मोहम्मद शमी की वापसी हो रही है। इस मैच से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को विश्राम दिया गया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बैंकॉक में सुपर फाइटर सीरीज में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय

**बेंगलुरु।** तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे, जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे। 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स' और 'ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स' द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे। भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे। तमिलनाडु का यह मुक्केबाज मौजूदा डब्ल्यूबीसी मिडिल ईस्ट और डब्ल्यूबीसी ऑस्ट्रेलेशिया चैंपियन हैं। डब्ल्यूबीसी युवा विश्व चैंपियन और पेशेवर मुक्केबाजी में उभरते सितारे लालडिनसांगा का सामना थाईलैंड के सरावुत जियामथोंग से होगा। वनलालवम्पुइया की भिड़ंत थाईलैंड के सुपाचट सुकोंथामनी से होगी। इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों ही मुक्केबाज अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं।

### नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त किया : अल-हिलाल क्लब

**रियो डि जनेरियो।** सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले, जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्तूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा।

### एमेलिया केर बनी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**दुबई।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया जब उन्हें 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।



# रणजी ट्रॉफी : कोहली ट्रेनिंग के लिए दिल्ली के साथ जुड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विराट कोहली की काली पोर्श कार सुबह ठीक नौ बजे जब यहां फिरोजशाह कोटला मैदान के 'वीरेंद्र सहवाग गेट' से अंदर आई तो यह दिल्ली के इस स्टार बल्लीबाज के लिए घर वापसी जैसा था, जो 12 साल से अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे।

तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों ने उन्हें केवल टीवी पर देखा था और यह कहानियां सुनते हुए बड़े हुए थे कि कैसे 'चीकू' भारतीय f, केट का 'किंग' बन गया।

पिछले 15 वर्षों में दिल्ली का 'चीकू' एक धुंधली याद बनकर रह गया है क्योंकि वह वैश्विक क्रिकेट में सबसे बड़ा व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक ब्रांड बन गया है। वह चेहरा जिसे आईसीसी ने अपनी ओलंपिक दावेदारी प्रस्तुतिकरण में सबके सामने रखा।

सोमवार को वह अपने घरेलू मैदान पर लगभग तीन घंटे तक रहे और उन्होंने अपने आसपास के सभी लोगों को



मंत्रमुग्ध कर दिया। चाहे वे युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी मुख्य कोच सरनदीप सिंह या बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह, सभी उनके करीब रहना चाहते थे। हालांकि सभी के साथ विनम्र रहे भारत के पूर्व कप्तान कोहली अपने पूर्व अंडर-19 कोच महेश भाटी के साथ अधिक सहज दिखे, जो इस टीम के प्रशासनिक प्रबंधक भी हैं।

कोहली ने करीब एक घंटा नेट पर बिताया। सबसे पहले उन्होंने थ्रो-डाउन का सामना किया, जिस पर वह पुल शॉट खेलते रहे।

कोहली इसके बाद स्पिनरों के नेट पर गए जहां उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों हर्ष त्यागी और सुमित माथुर का सामना किया। कुछ गेंदे विकेट पर गिरने के बाद रुककर आईं, लेकिन उनकी गेंदबाजी में ज्यादा धार नहीं थी।

तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, मनी ग्रेवाल, राहुल गहलोत और सिद्धांत शर्मा के साथ भी यही स्थिति रही।

कोहली इस दौरान बामुश्किल परेशानी में दिखे, लेकिन उन्होंने कई गेंदों को छोड़ने का अभ्यास किया।

# जसप्रीत बुमराह आईसीसी ऑफ द ईयर क्रिकेटर

**एजेंसी, दुबई**



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिए चुना गया, जिन्होंने वर्ष 2024 में हर प्रारूप में कौशल, निरंतरता और सटीक प्रदर्शन में उत्कृष्टता की मिसाल कायम की।

31 वर्ष के बुमराह को सोमवार को आईसीसी का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया और उन्हें वर्ष की टेस्ट टीम में भी जगह मिली। आईसीसी ने कहा ,'' जसप्रीत बुमराह को आईसीसी पुरस्कारों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिए चुना गया। वर्ष 2024 में उन्होंने टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूप में विरोधी टीमों पर दबाव बनाए रखा।''

**बुमराह से पहले भारत से द्रविड़ (2004), सचिन (2010), रविचंद्रन (2016) और कोहली (2017 और 2018) को यह पुरस्कार मिल चुका**

बुमराह से पहले भारत से राहुल द्रविड़ (2004), सचिन तेंदुलकर (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2017 और 2018) को यह पुरस्कार मिल चुका है ।

आईसीसी ने कहा ,'' बुमराह के कौशल की झलक आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में मिलती है जिसमें उन्होंने 900 अंक का आंकड़ा पार किया और साल के आखिर में उनके नाम 907 अंक रहे जो रैंकिंग के इतिहास में किसी भी भारतीय गेंदबाज के लिए सर्वोच्च हैं।''

# 38वीं राष्ट्रीय खेलें शुरू, 32 खेलों में चुनौती पेश करेंगे 10 हजार खिलाड़ी

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह मंगलवार को यहां शुरू हुआ, जिसमें 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

खेल 14 फरवरी तक चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग 450 स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों का उद्घाटन किया। ठंड के मौसम के बावजूद करीब 25000 दर्शक रंगारंग समारोह को देखने के लिए राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री ने 2022 (गुजरात) और 2023 (गोवा) में खेलों के पिछले दो सत्र का भी उद्घाटन किया था।

सजी हुई गोल्फ कार्ट में स्टेडियम का चक्कर लगाने के बाद मोदी को पारंपरिक पहाड़ी टोपी, शॉल और खेलों के शुभंकर मौली और पदकों की प्रतिकृति वाला स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से और उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य इस मौके पर मौजूद थीं । भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के प्रमुख क्रिस जेंकिंस भी समारोह में पहुंचे हैं ।

राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि राज्य अपने गठन की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है।

उत्तराखंड के राज्य पक्षी 'मोनाल' से प्रेरित 'मौली' खेलों का शुभंकर है जो इस क्षेत्र की अनूठी प्राकृतिक सुंदरता, विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, निशानेबाज मनु भाकर जैसे देश के अधिकांश स्थापित स्टार इसमें भाग नहीं ले रहे हैं जिससे अन्य खिलाड़ियों को अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा।

इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह, विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और तोक्यो खेलों की कांस्य विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन शामिल हैं। चार खेल कलारीपयट्टू, योगासन, मल्लखंभ और राफ्टिंग प्रदर्शनी खेल होंगे, जिनमें पदक नहीं दिया जाएगा।

# डीहर की टीम को हराकर जसाना की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ में चल रही सांसद खेल महाकुंभ की क्रिकेट प्रतियोगिता में जसाना की टीम ने डीहर की टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि डीहर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 93 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जसाना की टीम ने तीन विकेट पर 96 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जसाना टीम के खिलाड़ी सौरभ शर्मा ने चार विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद जसाना टीम के कप्तान सूबेदार अनिल भबौरिया ने जीत का श्रेय पूरी टीम के सामूहिक प्रयास को दिया।

उन्होंने कहा, 'हमने इस जीत के लिए कड़ी मेहनत की थी और हमें खुशी है कि हम क्वार्टर फाइनल तक पहुंच गए हैं। जसाना की टीम ने अपने समर्थकों की उम्मीदें और भी बढ़ा दी हैं। अब सभी की निगाहें अगले मुकाबले पर हैं, जहां टीम अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने का प्रयास करेगी।'

# भारतीय अंडर-20 महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम अगले महीने तुर्की के अंताल्या में



फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान जॉर्डन, हांगकांग और रूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी।

मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में यह टीम वर्तमान में बेंगलुरु में अभ्यास कर रही है। टीम 19 फरवरी को जॉर्डन से भिड़ेगी, उसके बाद 22 फरवरी को हांगकांग से और 25 फरवरी को अंतिम मैत्री मैच में रूस का सामना करेगी।

भारत की अंडर-20 महिला टीम को इस साल जुलाई में होने वाली सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप और अगस्त 2025 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर (2026) जैसे अहम टूर्नामेंटों में खेलना है।

**सांसद खेल महाकुंभ-3** | **अनुराग ठाकुर का यह प्रयास आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा : उषा बिरला**

# जीएम होली हार्ट स्कूल ने जीता क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ-3 के तहत एनआईटी में आयोजित किए जा रहे क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि उषा बिरला ने अनुराग ठाकुर की खेलों को बढ़ावा देने की सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ युवाओं को नशे से दूर रखने और उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सांसद खेल महाकुंभ की तारीफ की और अन्य सांसदों को इसे अपने क्षेत्रों में आयोजित करने की सलाह दी। अनुराग ठाकुर की इस पहल से प्रेरित होकर कई अन्य राज्यों में भी यह आयोजन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर में हुए उद्घाटन समारोह में



आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीण खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसी प्रतिष्ठित लीग के चेयरमैन का इस आयोजन से जुड़ना हमीरपुर के लिए गर्व की बात है। सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इसमें हमीरपुर पब्लिक स्कूल बनाम जीएम होली हार्ट जिसमें जीएम होली हार्ट विजेता रहा। इसके अलावा पीओ-11 बनाम भाजयुमो खेला गया, जिसमें पीओ-11 विजेता रहा। मुख्य अतिथि उषा बिरला ने विजेता टीमों को बधाई दी और हारने वाली टीमों को और मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने आयोजन समिति के दीक्षित गौतम और उनकी टीम की सराहना की, जिन्होंने इस खेल महाकुंभ को सफलतापूर्वक आयोजित किया।

उषा बिरला ने कहा कि खेलों से युवा नशे से दूर रह सकते हैं और मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रह सकते हैं।

अनुराग ठाकुर का यह प्रयास आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है और इससे देश में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

# मैगा क्रिकेट प्रतियोगिता में डायमंड टिक्करी की टीम बनी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के बडैहर में पवनु, ऊधो राम, संजीव कुमार व प्रवीण कुमार की यादगार में आयोजित 19वीं मैगा क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब डायमंड टिक्करी ने जीता। प्रतियोगिता का अयोजन युवक मंडल बडैहर ने किया।

पहला सेमीफाइनल फगलोट टीम और डायमंड टिक्करी टीम के बीच खेला गया जिसमें डायमंड टिक्करी की टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल स्टार इलेवन टीम और रांगड़ा इलेवन तरक्वाड़ी टीम के बीच खेला गया, जिसमें स्टार इलेवन ने जीत हासिल की। फाइनल में स्टार इलेवन की टीम 12 ओवर में 59 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते डायमंड टिक्करी की टीम ने दो विकेट पर 60 बनाकर खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज स्टार इलेवन टीम के लेख राज रहे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज डायमंड टिक्करी



**51 हजार रुपए व ट्रॉफी विजेता टीम को मिली**

टीम के सुलतान रहे, 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' डायमंड टिक्करी के सोनू रहे। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि अध्यापक रमेश डोगरा रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से भाईचारे की भावना बढ़ती है। विजेता टीम को 51 हजार रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 41 हजार रुपए व ट्रॉफी दी गई। मुख्यातिथि ने अपनी तरफ से प्रतियोगिता के आयोजकों के 11 हजार रुपए दिए।

इस मौके पर पूर्व प्रधान वतन सिंह डोगर, पंचायत उपप्रधान हुकम चंद, प्रतियोगिता के प्रधान हेम राज शर्मा, विद्या सागर शर्मा, राजेश कुमार, पुष्प कुमार, विश्वेश कौशल, गौरव डोगरा, सुशील गौतम, चमन सैनी, मोहिंद्र सिंह सैनी, शमी रनौत, पवन कुमार, चानू, अंकू, आशू, निखिल सुशील गौतम इत्यादि मौजूद रहे।